आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

नं. 1 क्षेत्रीय अख़बार

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 152 | उज्जैन, बुधवार 17 जून, 2026 | ज्येष्ठ शुक्ल 3 संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com




## देश विदेश

### एलओसी के पास ब्लास्ट, 1 जेसीओ सहित सेना के चार जवान घायल

**जम्मू।** जम्मू के राजौरी जिले में आज लाइन ऑफ कंट्रोल के पास एक संदिग्ध धमाके में एक जूनियर कमीशन्ड अधिकारी समेत सेना के चार जवान घायल हो गए। एक सैन्य अधिकारी ने बताया कि सेना के 3 जवान और एक जेसीओ घायल हुए हैं। वहीं, रहस्यमयी ब्लास्ट के कारण का पता लगाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जल्द ही घटना की जानकारी मीडिया के साथ साझा की जाएगी। सेना के अधिकारियों ने बताया कि सेना के जवानों की एक टीम एलओसी के नौशेरा सेक्टर के फॉरवर्ड कलाल इलाके में पेट्रोलिंग पर थी, तभी यह घटना हुई। घायल जवानों को आगे के इलाज के लिए पास के अस्पताल ले जाया गया है।

### ईरान को 28 लाख करोड़ देने की बात फर्जी : ट्रम्प

**तेल अवीव।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान को 28 लाख करोड़ रुपए देने की बात को फर्जी बताया है। उन्होंने मंगलवार को ट्रुथ सोशल पर लिखा कि यह विपक्षी पार्टी डेमोक्रेट्स की तरफ से फैलाई गई झूठी खबर है। दरअसल, न्यूयॉर्क टाइम्स की एक रिपोर्ट में दावा किया गया था कि समझौता होने पर अमेरिका, ईरान को आर्थिक मदद के तौर पर करीब 28 लाख करोड़ रुपए का पैकेज देगा। वहीं, ट्रम्प ने फ्रांस में कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल-थानी से मुलाकात में भी बताया कि अमेरिका अभी ईरान में कोई पैसा नहीं लगा रहा है। उन्होंने कहा, हम ईरान में कोई पैसा निवेश नहीं कर रहे हैं, लेकिन हमें भविष्य में कभी भी वहां जाकर निवेश करने का अधिकार है।

### आरोप-कुमकुम भाग्य की एक्ट्रेस संचिता को पैसे के लिए टॉर्चर किया



**मुंबई।** टीवी एक्ट्रेस संचिता उगले की सुसाइड के बाद उनके पिता मच्छिंद्र उगले ने कहा कि उनकी बेटी को टॉर्चर किया जा रहा था। उस पर पैसे को लेकर दबाव बनाया गया, इसके बाद से वह डिप्रेशन में थी। टीवी सीरियल कुमकुम भाग्य में दिया का किरदार निभाकर घर-घर मशहूर हुई संचिता उगले का शव रविवार रात सीलिंग फैन से लटका मिला था। एक्ट्रेस के पिता ने कहा कि वह अक्सर परेशान रहती थी। उसने कभी हमें इसकी वजह नहीं बताई। बस इतना पता था कि वह अंदर ही अंदर परेशान रहती थी। कई बार वह बिल्कुल ठीक और खुश नजर आती थी, लेकिन अचानक डिप्रेशन में चली जाती थी। ये बात हमारे ध्यान में आई थी और इसी के लिए हम उसके साथ रोज आना-जाना करते थे। उन्होंने कहा- बस उतना ही वक्त, समझो कि आधा घंटा हम उसके साथ नहीं थे, वो हमारी गलती समझो, लेकिन वो इतने डिप्रेशन में चली गई, ये हमें मालूम नहीं था कि वो ऐसा कदम उठा लेगी। संचिता के पिता ने यह भी दावा किया कि उसे कोई न कोई पैसे लेकर या किसी न किसी बात को लेकर मांग करके, उसे टॉर्चर और हैमरिंग कर ही रहा था। प्रशासन से मांग बस एक ही है कि मेरी बेटी के साथ जो भी गलत हुआ है, उसे न्याय मिलना चाहिए। मेरी बेटी क्या, भारत की सभी बेटियों को न्याय मिलना चाहिए।

### सुप्रीम कोर्ट ने पेड़ की टहनी गिरने से लगी चोट को नहीं माना मोटर दुर्घटना

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मोटर दुर्घटना दावों से जुड़े एक महत्वपूर्ण मामले में फैसला सुनाते हुए स्पष्ट किया है कि सड़क किनारे खड़े वाहन पर पेड़ की टहनी गिरने से लगी चोटों को मोटर वाहन अधिनियम, 1988 के तहत मोटर वाहन के उपयोग से हुई दुर्घटना नहीं माना जा सकता। अदालत ने कहा कि ऐसी परिस्थितियों में मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण के समक्ष धारा 166 के तहत मुआवजे का दावा करना कानूनी रूप से उचित नहीं है। हालांकि मामले में पीड़ित को आई गंभीर और जीवन बदल देने वाली चोटों को देखते हुए सुप्रीम कोर्ट ने संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत अपनी विशेष शक्तियों का उपयोग कर मुआवजे की राशि 17.10 लाख रुपये से बढ़ाकर 25 लाख रुपये कर दी।

### अमेरिका के कैलिफोर्निया में बी-52 बॉम्बर क्रैश, 8 लोगों की मौत

**कैलिफोर्निया।** अमेरिका के कैलिफोर्निया स्थित एडवर्ड्स एयरफोर्स बेस पर बी-52 बॉम्बर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। अमेरिकी वायुसेना के मुताबिक, विमान में सवार सभी 8 लोगों के मारे गए हैं। अमेरिकी वायुसेना के मुताबिक, विमान नियमित परीक्षण उड़ान पर था। सुबह करीब 11.20 बजे टेकऑफ के तुरंत बाद विमान नीचे गिरा और उसमें आग लग गई। मृतकों में वायुसेना के जवान और विमान परीक्षण से जुड़े विशेषज्ञ शामिल थे। फिलहाल दुर्घटना की वजह साफ नहीं है। अनुमान है कि विमान का कंट्रोल सिस्टम, इंजन या टेस्टिंग किए जा रहे किसी उपकरण में खराबी आई होगी। अधिकारियों ने यह नहीं बताया है कि क्या विमान में हथियार मौजूद थे। हादसे के बाद एयरफील्ड को बंद कर दिया गया है और आने वाले विमानों को दूसरे एयरबेस की ओर भेजा जा रहा है।

राम मंदिर के कर्मचारी टिन्नू के घर सोना मिला, निर्माण प्रभारी का भतीजा भी रडार पर

## ट्रेन से बोरा लेकर जाता और फ्लाइट से लौटता था सोमेश आनंद


एजेंसी ▸▸ अयोध्या

अयोध्या राम मंदिर ट्रस्ट के कर्मचारी रामशंकर यादव उर्फ टिन्नू के घर से दो दिन पहले यानी शनिवार को सोना मिला। ट्रस्ट की टीम पुलिस के साथ उनके घर पहुंची थी। ट्रस्ट की जांच टीम ने गोपनीय तरीके से यह कार्रवाई की। इस मामले में ट्रस्ट और पुलिस का कोई अधिकारी बोलने को तैयार नहीं है।

हालांकि, सोना कितना है, यह अभी कन्फर्म नहीं है। सूत्र बताते हैं कि इसकी कीमत करोड़ों में है। टिन्नू को ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय का करीबी माना जाता है। ट्रस्ट में वह काफी पावरफुल हैं। चाहे सिक्योरिटी का मैनेजमेंट हो या चढ़ावे को बैंक में जमा कराना हो, वही सब कुछ मैनेज करते हैं।

इधर, मंदिर निर्माण प्रभारी गोपाल राव के रिश्ते में भतीजे लगने वाले सोमेश आनंद भी शक के घेरे में हैं। सूत्रों के मुताबिक, सोमेश आनंद ने एक साल में 50 से ज्यादा यात्राएं की हैं। इनमें कर्नाटक समेत कई राज्य शामिल हैं।





खास बात यह है कि सोमेश बोरे में लगेज लेकर अयोध्या से ट्रेन से जाते थे और वापसी फ्लाइट से खाली हाथ करते थे। बोरे में क्या होता था, इसे लेकर अलग-अलग चर्चाएं हैं। यह भी दावा है कि वह पैसा और सामान लेकर ट्रेन से जाते थे, क्योंकि ट्रेन में चेकिंग कम होती है। गोपाल राव कर्नाटक के रहने वाले हैं। सोमेश आनंद भी वहीं के हैं। 2023 में मंदिर निर्माण प्रभारी बनने के बाद गोपाल राव ने सोमेश की नौकरी मंदिर में लगवाई थी।

### 6 लोगों की टीम टिन्नू के घर पहुंची, सोना मिला

रामशंकर यादव उर्फ टिन्नू की अयोध्या और लखनऊ में करीब 50 करोड़ रुपए की चल-अचल संपत्तियां सामने आई हैं। उसका पुश्तैनी मकान राम मंदिर से 1.5 किमी दूर स्वर्गद्वार इलाके में है। वहां इस वक्त उनके भाई रहते हैं। इसी घर में 13 जून को ट्रस्ट और मंदिर सुरक्षा से जुड़े 6 लोगों की टीम पहुंची। टिन्नू के घर से सोना बरामद कर टीम अपने साथ ले गई। टिन्नू 1992 में अयोध्या में ऑटो चलाता था। खुद एक बाइक से चलता था। उसके पड़ोसियों ने बताया कि टिन्नू का अयोध्या एयरपोर्ट के पास एक मकान है, जिसमें हॉस्टल चलता है। इसमें करीब 70 कमरे हैं।

### मंदिर कर्मचारी केडी तिवारी के घर भी छापेमारी हुई

मंदिर में दान में चढ़ने वाले सोने-चांदी के जेवरों को संभालने की जिम्मेदारी केडी तिवारी की है। वह भी संदेह के घेरे में हैं। पीसीएफ यात्री सुविधा केंद्र में ट्रस्ट की जांच टीम ने उनसे भी पूछताछ की थी। 2 दिन पहले इनके घर भी ट्रस्ट और सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने छापेमारी की। हालांकि, इनके घर से टीम को क्या मिला, यह अभी साफ नहीं है। केडी तिवारी ने 1.5 करोड़ रुपए की जमीन खरीदी है, जो जांच के दायरे में है। केडी तिवारी ने कहा था- मेरी जिम्मेदारी मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं के दान किए गए सोने-चांदी के गहनों को तौलकर दानदाता को रसीद देने की थी। फिर उन गहनों को ट्रस्ट के जिम्मेदार अधिकारियों तक सुरक्षित पहुंचा देता था। इसके आगे गहनों के साथ क्या प्रक्रिया अपनाई जाती है, यह मुझे नहीं पता। सूत्रों के अनुसार, रामलला के दान से चोरी की रकम का बंटवारा अयोध्या में निर्मला हॉस्पिटल के पास एक मकान में होता था। पिछले करीब 3 साल से रामलला के दान के लेखा प्रभारी हरीश श्रीवास्तव भी ट्रस्ट और सुरक्षा अधिकारियों के रडार पर है।

### दो साल पहले रामलला और तीनों भाइयों के सोने के मुकुट गायब हुए थे

- हर साल सावन के झूला मेले के समय भगवान राम का उनके तीनों भाइयों- भरत, लक्ष्मण और शत्रुघ्न के साथ विशेष श्रृंगार कराया जाता है। परंपरा के अनुसार, झूलन उत्सव पर चारों भाइयों को सोने के मुकुट पहनाए जाते हैं। फिर उन्हें झूले पर विराजमान कर भक्तों को दर्शन कराए जाते हैं। 2 साल पहले की बात है, रामलला और उनके तीनों भाइयों के सोने के मुकुट गायब हो गए।
- कई महीनों तक मुकुट का पता नहीं चला। सावन मेले के दौरान जब रामलला के पुजारियों ने बार-बार मुकुट की मांग की तो खोजबीन शुरू हुई। तलाशी में मंदिर परिसर में ट्रस्ट के एक पदाधिकारी की अलमारी से मुकुट मिले थे। सूत्रों के अनुसार, ये मुकुट गाजियाबाद के एक श्रद्धालु ने अपनी मां के जेवर बेचकर रामलला को भेंट किए थे।

## एयरफोर्स अफसर की पत्नी से रेप

### धर्म परिवर्तन की कोशिश भी हुई, 2 आरोपी गिरफ्तार, मौलाना फरार

एजेंसी ▸▸ नागपुर

नागपुर में भारतीय वायुसेना के एक अफसर की 24 साल की पत्नी से रेप, ब्लैकमेलिंग और जबरन धर्मांतरण के मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि मामले का मुख्य आरोपी अयाज ताज मदारे पीड़ित के साथ स्कूल में एक ही क्लास में पढ़ता था।

एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें आरोपी अयाज महिला के हाथ पकड़कर कुछ पढ़ रहा है। महिला कहती है, तुम्हें लड़ने की बहुत आदत है ना, हाथ छोड़ो ना... छोड़ो। इसके बाद वह लगातार मुझे छोड़ दो कहकर रोती और विरोध करती है, लेकिन आरोपी जोर से उसके हाथ पकड़े रहता है। पीड़ित के मुताबिक, घटना सालभर पुरानी है। आरोपी उस पर आयतें पढ़कर फूंकता था, इसके बाद उसका रेप करता था। महिला की शिकायत पर सोनेगांव पुलिस ने एफआईआर दर्ज करके दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं, मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा जिले का रहने वाला एक आरोपी मौलाना फरार है।



### महिला प्रॉपर्टी डीलर, पति दूसरे शहर में पोस्टेड

पुलिस के मुताबिक, पीड़ित के पति भारतीय वायुसेना में हैं और फिलहाल दूसरे शहर में पोस्टेड है। महिला प्रॉपर्टी डीलिंग का काम करती है। फरवरी 2025 में आरोपी अयाज ने प्लॉट खरीदने के बहाने उससे संपर्क किया था। एफआईआर के मुताबिक, आरोपी ने महिला को वर्धा रोड स्थित एक होटल में बुलाया। महिला का आरोप है कि वहां उसे नशीला पदार्थ मिला जूस पिलाया गया। बेहोशी की हालत में उसके साथ रेप किया गया और उसकी फोटो-वीडियो बना ली गईं। बाद में इन्हीं आपत्तिजनक वीडियो के जरिए उसे ब्लैकमेल किया गया। आरोपी ने उससे करीब 4 लाख रुपए भी वसूले। महिला ने आरोप लगाया कि उस पर इस्लाम अपनाने का दबाव बनाया गया और धार्मिक रस्मों के नाम पर कई गतिविधियां कराई गईं।

### श्रीखंड महादेव यात्रा 10 जुलाई से

एजेंसी ▸▸ कुल्लू

उत्तर भारत की सबसे कठिन धार्मिक यात्राओं में शुमार श्रीखंड महादेव कैलाश यात्रा 10 से 23 जुलाई तक चलेगी। इसके लिए ऑनलाइन पंजीकरण के लिए जल्द पोर्टल खुलेगा। कुल्लू जिले के आनी विधानसभा क्षेत्र के निरमंड में होने वाली इस यात्रा के सफल संचालन और व्यवस्थाओं को लेकर श्रीखंड यात्रा ट्रस्ट की आज निरमंड में बैठक हुई। इस मीटिंग की अध्यक्षता ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं डीसी कुल्लू ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की। डीसी ने यात्रा शुरू होने से पहले सभी तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए।

### बीजेपी के प्रशिक्षण वर्गों की समीक्षा बैठक में सीएम डॉ. यादव हुए शामिल




दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल

भोपाल में भाजपा के मंडल और जिला प्रशिक्षण वर्गों की समीक्षा बैठक हुई। प्रदेश भाजपा कार्यालय में हुई इस बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, क्षेत्रीय संगठन मंत्री अजय जामवाल और प्रशिक्षण प्रकोष्ठ के संयोजक विजय दुबे मौजूद थे। समीक्षा बैठक में सभी जिलों के भाजपा जिला अध्यक्ष, मंडल और जिला प्रशिक्षण वर्गों के प्रभारियों से प्रशिक्षण वर्गों के बारे में जानकारी ली गई।

### पीएम मोदी 16 महीने बाद डोनाल्ड ट्रम्प से मिले

#### जी7 समिट में साथ में बैठे, दोनों ने करीब 5 मिनट तक बात की

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी7 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए मंगलवार को फ्रांस के एवियन पहुंचे। इस दौरान ग्रुप ऑफ सेवन देशों के प्रमुख और गेस्ट कंट्रीज के राष्ट्राध्यक्षों की बैठक हुई। जिसमें पीएम मोदी और यूएस प्रेसिडेंट डोनाल्ड ट्रम्प की मुलाकात हुई।

ट्रम्प और मोदी ने करीब 5 मिनट तक बात की। मीटिंग में दोनों एक-साथ बैठे नजर आए। 16 महीनों बाद मोदी और ट्रम्प की मुलाकात हुई। इससे पहले दोनों की आखिरी मुलाकात फरवरी 2025 में व्हाइट हाउस में हुई थी। दोनों नेता कल शाम 6.30 बजे ट्रेड डील पर चर्चा कर सकते हैं। मोदी और ट्रम्प के बीच भारत-अमेरिका ट्रेड डील, टैरिफ, निवेश और रणनीतिक साझेदारी से जुड़े मुद्दों पर चर्चा हो सकती है।



### पांचना बांध के पानी को लेकर किसानों का उग्र आंदोलन

**सवाई माधोपुर।** राजस्थान के सवाई माधोपुर जिले में पांचना बांध के पानी को लेकर किसानों का आंदोलन अब निर्णायक मोड़ पर पहुंच गया है। पिछले 12 दिनों से चल रहे महा पड़ाव के बीच सोमवार को किसानों ने अपना विरोध और तेज करते हुए दिल्ली-मुंबई रेलवे ट्रैक पर कब्जा जमा लिया। खंडिप कस्बे में चल रहे इस आंदोलन की अगुवाई क्षेत्रीय विधायक रामकेश मीणा कर रहे हैं।

नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी के ठिकानों पर ईओडब्ल्यू का छापा

### 2.82 करोड़ की कथित बेशुमार संपत्ति का खुलासा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ जबलपुर

आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (ईओडब्ल्यू) जबलपुर ने सोमवार सुबह नगर निगम जबलपुर के प्रभारी सहायक स्वास्थ्य अधिकारी पोलाराव के आवास और अन्य ठिकानों पर बड़ी कार्रवाई करते हुए कथित रूप से करोड़ों रुपये की अनुपातहीन संपत्ति का खुलासा किया है।

भ्रष्टाचार और आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने की शिकायतों के सत्यापन के बाद की गई इस कार्रवाई में अब तक लगभग 2.82 करोड़ रुपये मूल्य की संपत्तियां और निवेश सामने आए हैं. ईओडब्ल्यू अधिकारियों के अनुसार जांच अभी जारी है और आगे और भी महत्वपूर्ण खुलासे होने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ द्वारा जारी आधिकारिक प्रेस नोट के अनुसार आरोपी पोलाराव पिता सन्यासी बारौआ, वर्तमान में नगर निगम जबलपुर में प्रभारी सहायक स्वास्थ्य अधिकारी के पद पर पदस्थ हैं। उनके खिलाफ भ्रष्टाचार के माध्यम से आय के ज्ञात स्त्रोतों से अधिक संपत्ति अर्जित करने की शिकायत प्राप्त हुई थी।

दीपके बोले-जयपुर में आरएसएस के लोगों ने हमला किया, जो उनके खिलाफ, उसका यही अंजाम


## कॉकरोच पार्टी के 2 लाख फॉलोअर्स घटे

एजेंसी ▸▸ नागपुर

कॉकरोच जनता पार्टी के फाउंडर अभिजीत दीपके ने मंगलवार को आरोप लगाया कि जयपुर में उन पर हुए हमले में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ यानी आरएसएस के लोगों का हाथ था। अभी दीपके नागपुर में है। यहां 4 बजे संविधान चौक पर पार्टी का प्रदर्शन है।

उन्होंने कहा- जब भी कोई सरकार या उसकी विचारधारा के खिलाफ बोलता है, तो ऐसा ही होता है। इसमें कुछ नया नहीं है। 15 जून को कॉकरोच जनता पार्टी ने जयपुर में प्रदर्शन किया था। इस दौरान भीड़ में शामिल युवकों ने दीपके को थप्पड़ मारे थे।





वहीं, सीजेपी के इंस्टाग्राम अकाउंट पर 2 लाख फॉलोअर्स कम हो गए हैं। 16 जून को पार्टी के इंस्टाग्राम पर 2.25 करोड़ फॉलोअर्स हैं। 6 जून को दिल्ली में सीजेपी के पहले प्रदर्शन से पहले इंस्टाग्राम पर 2.21 करोड़ फॉलोअर्स थे। अगले दिन 7 जून को 24 घंटे के भीतर 2.27 करोड़ फॉलोअर्स हो गए थे। कॉकरोच जनता पार्टी नीट पेपर लीक, सीबीएसई परीक्षा में गड़बड़ी और शिक्षा व्यवस्था से जुड़े मुद्दे को लेकर शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा मांग रही है। इसके लिए देशभर में प्रदर्शन कर रही है।

### नागपुर में सुरक्षा कड़ी, पूरे शहर में 640 पुलिसकर्मी तैनात

जयपुर की घटना के बाद नागपुर में सीजेपी के प्रदर्शन में बड़ी संख्या में लोगों के जुटने की संभावना जताई जा रही है। पुलिस के मुताबिक, प्रदर्शन में 2000 से ज्यादा युवा शामिल हो सकते हैं। पुलिस ने शहर में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। 4 डीसीपी, 3 एसीपी, 45 सब इंस्पेक्टर और असिस्टेंट पुलिस इंस्पेक्टर, 470 पुरुष और 170 महिला पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। दो दंगा नियंत्रण प्लाटून भी स्टैंडबाय पर रखे गए हैं। पुलिस कमिश्नर रविंद्रकुमार सिंगल ने कहा कि कानून-व्यवस्था बिगाड़ने की किसी भी कोशिश पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### जयपुर में युवकों ने दीपके का कॉलर पकड़ हमला किया था

जयपुर में सोमवार को कॉकरोच जनता पार्टी के प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने दीपके को कंधों पर उठा रखा था। इसी बीच कुछ युवक भीड़ को चीरते हुए उनके पास पहुंचे, कॉलर पकड़कर थप्पड़ मार दिया। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और तनाव बढ़ गया। गुस्साए सीजेपी कार्यकर्ताओं ने हमलावरों को घेरकर पीट दिया, किसी तरह पुलिस ने हमलावरों को पकड़ा। पुलिस ने 5 लोगों रोहित शर्मा, राकेश गुर्जर, अजय शर्मा, कुलदीप सिंह शेखावत और निकेत को शांतिभंग के आरोप में गिरफ्तार किया है। आरोपियों का कहना है कि वे दीपके के सोशल मीडिया पर दिए गए बयानों और सीजेपी की कार्यशैली से नाराज थे। इस दौरान दीपके ने नीट पेपर लीक के कारण आत्महत्या करने वाले छात्रों की स्मृति में दो मिनट का मौन रखवाया, जिसके बाद स्थिति सामान्य हुई। दीपके ने अपने ऊपर हुए हमले को लोकतंत्र पर हमला बताया।

### नीट की री-एग्जाम तक भारत में टेलीग्राम पर रोक, 21 को परीक्षा

#### 22 जून तक एप काम नहीं करेगा

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारत सरकार ने नीट की दोबारा परीक्षा को लेकर भारत में टेलीग्राम मैसेजिंग एप के इस्तेमाल पर अस्थायी रोक लगाने का आदेश दिया है। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने मंगलवार को प्रेस रिलीज जारी कर इसकी जानकारी दी। एनटीए ने बताया कि इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने सूचना प्रौद्योगिकी कानून, 2000 की धारा 69अ के तहत टेलीग्राम पर रोक लगाई है। यह रोक 22 जून 2026 तक रहेगी। हालांकि आदेश कब से लागू होगा, इसकी तारीख नहीं दी गई है।

नीट री-एग्जाम 21 जून को होगा। सरकार ने एग्जाम के बाद भी टेलीग्राम को अपना मैसेज एडिट फीचर 30 जून तक बंद रखने का निर्देश दिया है। यानी भारत में टेलीग्राम पर पहले से भेजे गए मैसेज 30 जून तक एडिट नहीं हो पाएंगे। एनटीए के मुताबिक कुछ लोग टेलीग्राम का इस्तेमाल परीक्षाओं में पेपर लीक होने के फर्जी सबूत बनाने के लिए करते रहे हैं। ऐसे मामलों को रोकने और परीक्षा की निष्पक्षता बनाए रखने के लिए यह कदम उठाया गया है।

## महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का मंगलवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

# फव्वारे में स्नान निकला पसीना...

धर्म नगरी में सोमवार को एक बड़ा धार्मिक आयोजन हुआ। पुराने शहर में रेलमपेल हो गई। सोमकुंड में फव्वारा स्नान से लेकर घाटों तक यह रेलमपेल रही। आवागमन के मार्गों पर भी यही हाल रहे। बस स्टैंड से लेकर रेलवे स्टेशन के मार्ग, नगर सेवा के वाहनों में भी यही स्थिति देखने को मिली। सभी जगह पर श्रद्धालुओं के साथ ही व्यवस्थापकों का पसीना छूट गया। प्रारंभिक स्थिति में यह एक प्रशिक्षण स्थल जैसा ही रहा है। महाआयोजन में यह बहुत ही वृहद स्तर पर होना है। वर्तमान में इस क्षेत्र में निर्माणों की स्थिति के चलते व्यवस्थाओं के साथ श्रद्धालुओं के लिए भी परेशानियों से भरा रहा है। उसके बाद भी माकुल स्थितियां रही है। घाट के स्नान से लेकर मंदिर के दर्शन और आवागमन की व्यवस्था में सभी जगह बाधाओं के बावजूद भी बेहतर प्रबंध की और अग्रसर हुआ गया है। सड़कों पर व्यवस्था में थोड़ी कोताही की स्थिति देखी गई जिसे और अधिक सुदृढ़ किए जाने की आवश्यकता थी। आवागमन में श्रद्धालुओं को परेशानी न हो इसके लिए भी एकांगी व्यवस्थाओं को ऐसे समय में मजबूत किया जाना चाहिए और उन पर अमल किया जाना ही होगा। ऐसे धार्मिक आयोजनों में पुराने शहर में चाहे पैदल हों या वाहन इनके लिए गलियों में एकांगी व्यवस्था को अमल में लाने से आवागमन को सहज किया जाकर श्रद्धालुओं को बेहतर व्यवस्था दी जा सकती है। फव्वारा स्नान के सोम कंड स्थल पर जैसे तत्काल ही श्रद्धालुओं को हटाया जाता रहा है वैसा ही घाट पर भी होना चाहिए था जिससे की भीड बढ़ने न पाए और किसी दुर्घटना की स्थिति न बन सके। ऐसे आयोजनों में आने और जाने के लिए अलग-अलग मार्ग चाहे गलियां ही क्यों न हो उनका उपयोग करवाया जाना चाहिए। मुख्य मार्ग पर मकानों के निर्माण की स्थिति के चलते कम दबाव रखा जाना चाहिए था जिसे तकरीबन ध्यान रखा गया है। सोमतीर्थ कुंड का स्नान सीधे तौर पर महाआयोजन का छोटा मोटा प्रशिक्षण स्थल ही रहा है। खुसूर-फुसूर है कि इस दौरान श्रद्धालुओं ने तो काम फव्वारा स्नान एवं देव दर्शन कर पूर्ण कर लिया लेकिन महाआयोजन में भूमिका निभाने वाले सभी विभाग थोड़ा सा दूर ही रखे गए हैं। मात्र कुछ ही विभागों ने अपनी भूमिका का निर्वहन किया है। जबकि सभी ऐसे विभागों को इस टेस्ट में शामिल किया जाना था और उनके महाआयोजन के प्रजेंटेशन का टेस्ट इस अवसर पर होना चाहिए था।

खुसूर फुसूर

## न्यूज कॉलम

### चारभुजा नाथ मंदिर में मना अन्नकूट महोत्सव, श्रद्धालुओं ने किए दर्शन



**उज्जैन।** पुरुषोत्तम मास के अंतिम दिन गोला मंडी स्थित चारभुजा नाथ मंदिर में अन्नकूट महोत्सव उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर हजारों श्रद्धालुओं ने भगवान के दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित किया। आरती के पश्चात गोला मंडी स्थित माहेश्वरी भवन में महाप्रसादी का आयोजन किया गया। मनोरथी की ओर से पंडित बृजभूषण दीक्षित ने विधि-विधान से भगवान का पूजन-अर्चन संपन्न कराया। महाआरती के बाद अनेक श्रद्धालुओं और माहेश्वरी समाज के परिवारों ने प्रसादी ग्रहण की।

### समकालीन लघुकथा-आज का परिदृश्य पर लघुकथा विमर्श और पाठ आज

**उज्जैन।** प्रेमचंद सृजनपीठ और सरल काव्यांजलि के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार 17 जून को 'समकालीन लघुकथा और आज का परिदृश्य' विषय पर लघुकथा विमर्श तथा पाठ का आयोजन किया जाएगा। यह साहित्यिक कार्यक्रम शाम 5.30 बजे से भारतीय ज्ञानपीठ महाविद्यालय में होगा। सरल काव्यांजलि के संतोष सुपेकर ने बताया कि आयोजन में प्रतिष्ठित साहित्यकार अपनी लघुकथाएं प्रस्तुत करेंगे।कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में पटना के डॉ. ध्रुव कुमार उपस्थित रहेंगे। अध्यक्षता सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के कुलानुशासक डॉ. शैलेन्द्र कुमार शर्मा करेंगे। प्राची के अध्यक्ष शशांक दुबे विशिष्ट अतिथि होंगे। वरिष्ठ लघुकथाकार संतोष सुपेकर लघुकथाओं पर अपना वक्तव्य देंगे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. हरीश कुमार सिंह करेंगे। आयोजन के दौरान वंदना गुप्ता, माया बदेका, डॉ. प्रभाकर शर्मा, रमेशचंद्र शर्मा, डॉ. स्वामीनाथ पांडेय, मानसिंह शरद, डॉ. क्षमा सिसोदिया, कमलेश व्यास कमल, संदीप सृजन, डॉ. नेत्रा रावणकर, डॉ. रश्मि मोयदे, मीरा जैन, राजेन्द्र नागर 'निरन्तर', योगेंद्र माथुर, आशागंगा शिरढ़ोणकर, डॉ. सीमा पंड्या, दिलीप जैन, प्रफुल्ल शुक्ल और डॉ. गिरीश पंड्या लघुकथा पाठ करेंगे।





# सकोरा वितरण अभियान के तहत मीनाक्षी सेवा समिति ने मिट्टी के सकोरे किए वितरित

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन**

दैनिक अवन्तिका के प्रदेश स्तरीय सकोरा वितरण अभियान के अंतर्गत मीनाक्षी सेवा समिति इंदौर के द्वारा फाजलपुरा नगर कोट माता मंदिर के पास स्थित गंगेश्वर महादेव मंदिर में पक्षियों के पीने के पानी के लिए सकोरे वितरण का पुण्य कार्य किया गया।

मीनाक्षी सेवा समिति के अध्यक्ष बलराम सोनी ने बताया कि सकोरे वितरण को हमने इंदौर में जब शुरू किया था तब बहुत छोटे से रूप में शुरू किया था। वितरण करते-करते ये एक अभियान का स्वरूप ले चुका है।

मीनाक्षी सेवा समिति की सचिव निशा जोशी (उज्जैन) कवयित्री ने बताया कि मुझे ये बताते हुवे बड़ा हर्ष हो रहा है कि ये सकोरे वितरण का पुण्य कार्य इंदौर से उज्जैन भी पहुंच गया है। मीनाक्षी सेवा समिति महिला इकाई प्रभारी रंजू बाथम निवासी फाजलपुरा ने बताया कि ये कार्य समाज को प्रेरणा तो देता ही है बल्कि उन बेजुबान पक्षियों को जीवन दान देने का कार्य भी करता है। मुझे बड़ा हर्ष है खुशी है कि ये पुण्य कार्य करने का हमको भी सौभाग्य मीनाक्षी सेवा समिति के विधिक प्रमुख शंकरलाल पोरवाल के कारण मिला है। मीनाक्षी सेवा समिति के सहयोगी दिनेश बाथम की मित्र मंडली जिसमें दिनेश बाथम सामाजिक समरसता जिला टोली प्रमुख, अशोक मालवीय बस्ती प्रमुख का विशेष सहयोग रहा। मंदिर की भक्त मंडली की अवंतीबाई, सीताबाई, लीलाबाई, ग्यारसी बाई, सपना बाथम माताओं, बहनों एवं मात्र शक्ति में बड़ा उत्साह था और उन्होंने बड़े ही हर्ष और उत्साह के साथ इस पुण्य सेवा कार्य में भाग लिया।

### मंदसौर के भगवान पशुपतिनाथ मंदिर में जल्द होगी शुरूआत

# सस्ती दर पर भोजनशाला की तैयारी

**भोजनशाला में सामान्य भोजन थाली मात्र 60 रुपए में उपलब्ध होगी, कैंटीन में चाय 10 रुपए, कॉफी 12 रुपए, लस्सी 20 रुपए, छाछ 10 रुपए तथा दही 20 रुपए में उपलब्ध कराया जाएगा**

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन**



- भोजन के साथ अतिरिक्त सामग्री के रूप में रोटी 5 रुपए प्रति नग, बटर रोटी 8 रुपए प्रति नग, पापड़ 5 रुपए तथा ग्रीन सलाद 20 रुपए में उपलब्ध रहेगा।
- कैंटीन में चाय 10 रुपए, कॉफी 12 रुपए, लस्सी 20 रुपए, छाछ 10 रुपए तथा दही 20 रुपए में उपलब्ध कराया जाएगा। इसके अतिरिक्त कोल्ड ड्रिंक, आइसक्रीम एवं विभिन्न प्रकार के शेक एमआरपी दरों पर उपलब्ध रहेंगे।
- नाश्ते की श्रेणी में समोसा एवं कचोरी 10-10 रुपए, आलू पराठा 20 रुपए, खमन 30 रुपए, उपमा 40 रुपए, इडली-सांभर 50 रुपए, प्लेन डोसा 50 रुपए, मसाला डोसा 60 रुपए, पाव भाजी 60 रुपए तथा छोले भटूरे 60 रुपए में उपलब्ध रहेंगे।
- सिंहस्थ-2028 के दौरान राजस्थान से आने वाले श्रद्धालु बडी संख्या में मंदसौर होते हुए उज्जैन पहुंचेंगे। इस दौरान आवागमन के समय में भगवान श्री पशुपतिनाथ के दर्शन के लिए भी बडी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने का अनुमान है।

भगवान श्री पशुपतिनाथ की नगरी मंदसौर में मंदिर प्रबंध समिति यहां आने वाले श्रद्धालुओं को सस्ती दर पर भोजन एवं नाश्ता उपलब्ध करवाने की तैयारी में लगी है। इसको लेकर सभी कार्रवाई अंजाम दे दी गई है। बहुत जल्द यहां पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को इसका लाभ मिलना शुरू हो जाएगा। भोजनशाला में सामान्य भोजन थाली मात्र 60 रुपए में उपलब्ध होगी। कैंटीन में चाय 10 रुपए, कॉफी 12 रुपए, लस्सी 20 रुपए, छाछ 10 रुपए तथा दही 20 रुपए में उपलब्ध कराया जाएगा।

श्री पशुपतिनाथ मंदिर प्रबंध समिति के सचिव एवं एसडीएम मंदसौर शिवलाल शाक्य के अनुसार समिति अध्यक्ष एवं कलेक्टर अदिति गर्ग के प्रयासों से परिसर स्थित भोजनालय के संचालन हेतु टेंडर प्रक्रिया पूर्ण हो गई है। उनके निर्देशानुसार ही श्रद्धालुओं के लिए मंदिर परिसर में इस तरह की व्यवस्थाओं को अंजाम दिया जा रहा है। श्रद्धालुओं एवं आमजन की सुविधा के लिए श्री पशुपतिनाथ मंदिर के सामने स्थित मेघदूतम-कैफेटेरिया परिसर में संचालित भोजनशाला एवं कैंटीन में विभिन्न खाद्य एवं पेय पदार्थ निर्धारित दरों पर उपलब्ध कराए जाएंगे। भोजनालय एवं कैंटीन के प्रारंभ होने से पशुपतिनाथ मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों को गुणवत्तापूर्ण भोजन एवं नाश्ते की सुविधाएं उचित एवं निर्धारित दरों पर उपलब्ध हो सकेंगी।

भोजनशाला में सामान्य भोजन थाली मात्र 60 रुपए में उपलब्ध होगी, जिसमें सब्जी, दाल, चावल, 4 रोटी, सलाद, पापड़, अचार एवं रायता शामिल रहेगा। इसके अतिरिक्त विशेष भोजन के रूप में कढ़ी-चावल, दाल-चावल एवं राजमा-चावल की एक-एक प्लेट 40 रुपए में उपलब्ध कराई जाएगी।

## होमगार्ड जवानों की सतर्कता से टलीं घाट क्षेत्र में तीन बड़ी घटनाएं

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन**

सोमवती अमावस्या पर्व के अवसर पर रामघाट एवं आसपास के घाटों पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा और बचाव व्यवस्था के लिए होमगार्ड एवं एसडीआरएफ के जवान लगातार दूसरे दिन भी तीनों शिफ्टों में मुस्तैदी से ड्यूटी कर रहे हैं। जवानों की सतर्क निगरानी और प्रभावी व्यवस्थाओं के चलते स्नान शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित रूप से संपन्न हुआ तथा किसी प्रकार की अप्रिय घटना नहीं हुई।

गत दिवस रामघाट पर ड्यूटी के दौरान फरीदाबाद (हरियाणा) निवासी 28 वर्षीय श्रद्धालु निधि सिंह स्नान करते समय चौकी के सामने पैर फिसलने से गहरे पानी में चली गईं। मौके पर तैनात होमगार्ड जवान पंकज मंडलोई ने तत्परता और साहस का परिचय देते हुए तत्काल नदी में छलांग लगाई तथा उन्हें सुरक्षित बाहर निकाल लिया। समय पर किए गए इस सराहनीय बचाव कार्य से एक संभावित दुर्घटना टल गई।इसी दौरान नागपुर से आए एक श्रद्धालु का बालक भीड़ में अपने परिजनों से बिछड़ गया। ड्यूटी पर तैनात होमगार्ड जवानों ने सूझबूझ और तत्परता दिखाते हुए बालक को सुरक्षित खोज निकाला तथा उसे उसके परिजनों से मिलवाया। अपने बच्चे को सकुशल पाकर परिजनों ने जवानों का आभार व्यक्त किया।वहीं, भूखी माता घाट पर ग्राम ओसरा, तहसील देपालपुर, जिला इंदौर निवासी सुरेंद्र पिता राजेंद्र स्नान के दौरान गहरे पानी में चले गए, जिससे उनके डूबने की स्थिति बन गई। घाट पर तैनात होमगार्ड जवान भगवानदास पंथी ने तत्काल सतर्कता दिखाते हुए उनकी ओर लाइफ बॉय फेंका। श्रद्धालु द्वारा लाइफ बॉय पकड़ लेने के बाद उन्हें सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। जवान की त्वरित कार्रवाई से एक बड़ी दुर्घटना टल गई और श्रद्धालु का जीवन सुरक्षित बचाया जा सका।सोमवती अमावस्या पर्व पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए होमगार्ड एवं एसडीआरएफ के जवान पूरी मुस्तैदी के साथ ड्यूटी कर रहे हैं तथा घाटों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। जवानों की सतर्कता, साहस और त्वरित निर्णय क्षमता के कारण पर्व के दौरान कई संभावित दुर्घटनाओं को टाला जा सका।

## भगवान महाकालेश्वर को सात नदियों का जल चढ़ाया



**दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन**

त्रिशूल शिवगढण वाहिनी द्वारा महाकालेश्वर भगवान को सात नदियों का जल अर्पित किया गया। वाहिनी के संस्थापक आदित्य नागर चार धाम की यात्रा कर पवित्र नदी भागीरथी गंगा के प्रकट स्थल गौमुख की कठिन मार्ग पर पर्वतारोहण कर भगीरथी का जल प्राप्त किया।

संस्था के संस्थापक एवं अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेंद्र चतुर्वेदी ने इस अवसर पर बताया कि श्री नागर ने भगीरथी - गंगा, अलकनंदा, बासुकीगंगा, धौलीगंगा, पिंडर नदी, मंदाकिनी एवं यमुना नदी का जल एकत्र कर दादरुआ आश्रम के श्रीमहंत मनीषदास महाराज एवं समिति के सदस्यों सहित भगवान महाकाल को अर्पित किया। सभी ने संकल्प लिया कि मोक्षदायिनी शिप्रा को प्रवाहमान और स्वच्छ बनाने के लिए लगातार काम करते रहेंगे। इस अवसर पर संस्था के सदस्य प्रेरणा मेहता, भावना नागर, ऐश्वर्य, संजीता आदि संस्था के सदस्य उपस्थित रहे। संस्था द्वारा शिप्रा नदी के उदगम एवं संगम स्थल पर भी पवित्र नदियों का जल अर्पित किया जावेगा।

## एडीएम ने की विभिन्न मामलों में जनसुनवाई

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन**

एडीएम अत्येन्द्र सिंह गुर्जर द्वारा मंगलवार को प्रशासनिक संकुल भवन के सभाकक्ष में विभिन्न मामलों में जनसुनवाई की गई। घट्टिया तहसील के ग्राम निपानिया सुनार के रहवासियों ने आवेदन दिया कि गांव स्थित मंदिर में पुजारी के छोटे भाई द्वारा दस्तावेजों में हेराफेरी कर स्वयं की नियुक्ति करवा ली गई है। इस पर एडीएम ने एसडीएम घट्टिया को मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। बड़नगर तहसील के ग्राम माधवपुरा निवासी बंसीलाल ने आवेदन दिया कि उनकी स्वामित्व की कृषि भूमि पर गांव के एक व्यक्ति द्वारा अवैध रूप से कब्जा कर लिया गया है। इस पर तहसीलदार बड़नगर को उचित कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।

### सम्राट विक्रमादित्य विवि ऊर्जा-सेतु श्रृंखला में

## फ्रांस के प्रबंध शास्त्री का मंत्र मुग्धकारी व्याख्यान



**दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन**

सम्राट विक्रम विवि एलुमनाई एसो. एवं पंडित जवाहरलाल नेहरू इंस्टिट्यूट ऑफ बिजनस मैनेजमेंट के संयुक्त तत्वाधान में शिक्षा के अंतरराष्ट्रीयकरण एवं तकनीकी नवाचारों एवं ट्रांसफॉर्मेशन एनईपी 2020 विषय पर त्रिस्तरीय परिसंवाद व्याख्यान श्रृंखला में अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में प्रो. डॉ. अर्पण भारद्वाज कुलगुर सम्राट विक्रमादित्य विवि उज्जैन ने अभिनंदन प्रसंग आयोजन में वैश्विक अनुसंधान सहयोग के साथ भारतीय विश्वविद्यालयों को विश्व स्तर के अनुसंधान और नवाचार के लिए वैश्विक संस्थानों के साथ रणनीतिक साझेदारी करने के लिए प्रेरित किया जाने की आवश्यकता पर जोर देते हुए साझा किया कि सम्राट् विक्रमादित्य विवि के नए एकेडमिक कार्यक्रमों में नई शिक्षा नीति अनुरूप ही फॉरसाइट इनोवेशन ट्रांसफॉर्मेशन की व्यापकता प्रासंगिकता को सम्मिलित किया गया है।

आपने प्रो. सचिन के बिजनेस स्कूल से सक्रिय सहभागिता की अपेक्षाएं व्यक्त की पं.ज. नेहरू इंस्टिट्यूट ऑफ बिजनस मैनेजमेंट के प्रतिभाशाली शोधार्थी एवं आईआईएम मुंबई (पूर्ववर्ती नीटी) के पूर्व संकाय, फोरसाइट इनोवेशन ट्रांसफॉर्मेशन चेयर मेंबर ऐडहैक बिजनेस स्कूल पेरिस फ्रांस के विद्वान प्रबंधगुरु प्रो. डॉ. सचिन कांबले ने अपने अत्यंत रोचक व्याख्यान में तकनीकी नवाचारों, डिजिटल क्राउड ट्रैफिक मैनेजमेंट, व्यवस्था प्रबंधन, सुगम स्वास्थ्य सेवा सुरक्षा एवं यातायात परिवहन व्यवस्था दुर्घटना रहित सिंहस्थ 2028 के विशेष संदर्भ में तथ्यों एवं आंकड़ों के साथ शोध परक व्याख्यान दिया।

# ढाबा रोड पर प्यासा हुआ जीवन, सड़क चौड़ीकरण ने छीन लिया नल का पानी

**एक महीने से बूंद-बूंद को तरसे लोग, बुजुर्ग साइकिल पर केन लादकर ला रहे दूर से पानी**

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन**

ढाबा रोड पर मुंशीराजा का बाड़ा क्षेत्र में जल संकट विकराल रूप ले चुका है। सड़क चौड़ीकरण के दौरान ठेकेदार की लापरवाही से बार-बार पेयजल पाइपलाइन फूट रही है, जिसके चलते पिछले एक महीने से ज्यादातर घरों के नल सूखे पड़े हैं। रोजमर्रा के काम छोड़कर लोग दूर-दराज के जल स्त्रोतों से पानी जुटाने को मजबूर हैं।

**बुजुर्गों पर भारी पड़ रही प्यास -** हालात ये हैं कि सीनियर सिटीजन साइकिल पर पानी की केन बांधकर दूर से पानी ला रहे हैं। कई जगह नलों से गंदा, मटमैला पानी आ रहा है जो पीने तो दूर, नहाने लायक भी नहीं है।



**ठेकेदार की खुदाई, जनता की तबाही -** क्षेत्र में सड़क चौड़ीकरण के लिए मकानों के हिस्से और नालियां तोड़ी जा रही हैं। खुदाई के दौरान अब तक कई बार मुख्य पेयजल लाइन डैमेज हो चुकी है। नतीजा, पूरे ढाबा रोड इलाके में पानी की सप्लाई ठप है।

### पानी के चक्कर में रोज का काम-धंधा भी प्रभावित

आनंद जाधव ने बताया कि सुबह सबसे पहले पानी जुटाने में 2-3 घंटे लग जाते हैं। इसके बाद ही वे नौकरी या दुकान पर जा पाते हैं। पानी के चक्कर में रोज का काम-धंधा भी प्रभावित हो रहा है। स्थानीय लोग जल्द से जल्द पाइपलाइन दुरुस्त कर नियमित जलापूर्ति बहाल करने की मांग कर रहे हैं।

### शिकायतें बेअसर

क्षेत्रवासियों का कहना है कि भीषण गर्मी में पानी की खपत बढ़ गई है, लेकिन नलों से एक बूंद नहीं टपक रही। पार्षद से लेकर अधिकारियों तक कई बार शिकायत की जा चुकी है पर समाधान नहीं निकला।

## पुरुषोत्तम मास पर श्रीमद् भागवत कथा का प्रजापति चौरासी संघ ने किया स्वागत



**दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन**

लश्करी धर्मशाला नीलगंगा पर प्रकाश प्रजापति बेतडलिया परिवार की ओर से एवं एकता नगर में पंजाब पेट्रोल के सामने आगर रोड पर राधेश्याम प्रजापति बेतड़लिया परिवार की ओर से संगीत में श्रीमद् भागवत कथा का रसपान किया जा रहा है। इसी कड़ी में प्रजापति चौरासी संघ उज्जैन के अध्यक्ष अशोक प्रजापत एवं उनकी पूरी टीम ने दोनों जगह जाकर गुरुवर अनिल शर्मा एवं आचार्य पंडित पंकज शास्त्री का साफा, शाल, श्रीफल एवं माला पहनाकर स्वागत किया।

साथ ही प्रकाश प्रजापत एवं राधेश्याम प्रजापत का भी साफा-शाल, श्रीफल माला पहनकर भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर उपस्थित संघ के कोषाध्यक्ष किशोर तनोडिया, मनोहर प्रजापत, अंबाराम प्रजापत, जगदीश नगरिया, नारायण नगरिया, रवि प्रजापत,समर्थ देवलिया, राजकुमार प्रजापत, ओम प्रकाश प्रजापत, अरुण कश्यप, नरेंद्र प्रजापत आदि समाज जन उपस्थित हुए। जानकारी संघ के महासचिव मीडिया प्रभारी दिनेश कुंभकार ने दी।

नं. 1 क्षेत्रीय अख़बार

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

# दैनिक अवन्तिका



## न्यूज ब्रीफ

### विभिन्न छात्रावासों एवं खाद्य प्रतिष्ठानों से 16 नमूने लिए गए

**इंदौर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा खाद्य पदार्थों में मिलावट करने वालों एवं खाद्य सुरक्षा मानकों का उल्लंघन करने वाले प्रतिष्ठानों के विरुद्ध सतत एवं सख्त कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। उक्त निर्देशों के परिपालन में कलेक्टर श्री शिवम वर्मा के मार्गदर्शन में खाद्य सुरक्षा प्रशासन, इंदौर द्वारा जिलेभर में निरंतर जांच एवं नमूना कार्रवाई की जा रही है। कलेक्टर शिवम वर्मा द्वारा जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक में जिले के विभिन्न क्षेत्रों में संचालित छात्रावासों (हॉस्टलों) में खाद्य सुरक्षा एवं स्वच्छता मानकों की विशेष जांच किए जाने के निर्देश दिए गए थे। उक्त निर्देशों के परिपालन में घनश्याम धनगर, एवं अशोक परमार, तहसीलदार जूनी इंदौर के साथ खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के संयुक्त दल द्वारा इंद्रपुरी कॉलोनी, अहिल्यापुरी एवं मंगल नगर क्षेत्र में संचालित विभिन्न हॉस्टलों एवं खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर खाद्य सुरक्षा व्यवस्थाओं की जांच की गई।

### घर से बिछड़े 3 वर्षीय मासूम को सुरक्षित परिजनों से मिलाया

**इंदौर।** जिले के थाना खजराना क्षेत्र में डायल-112 जवानों की संवेदनशीलता एवं तत्पर कार्यवाही से खेलते-खेलते घर से निकलकर परिजनों से बिछड़ गए 03 वर्षीय बालक को सुरक्षित तलाश कर उसके परिवार से मिलाया गया। डायल-112 भोपाल को सूचना प्राप्त हुई कि थाना खजराना क्षेत्र अंतर्गत पटेल कॉलोनी में एक 3 वर्षीय बालक गुम हो गया है। सूचना प्राप्त होते ही थाना खजराना क्षेत्र में तैनात डायल-112 वाहन को मौके के लिए रवाना किया गया। आरक्षक सुनील मालवीय, आरक्षक करण चौधरी एवं पायलट अंकित शुक्ला ने मौके पर पहुँचकर परिजनों से बालक के संबंध में आवश्यक जानकारी एवं उसका फोटो प्राप्त किया। इसके उपरांत टीम ने आसपास के क्षेत्रों में सक्रिय रूप से तलाश एवं पूछताछ प्रारंभ की और गुम हुए बालक को तलाश कर परिवार के सुपुर्द किया।

### स्कूल चले हम अभियान के तहत बाल विनय मंदिर पहुंचे कलेक्टर

**इंदौर।** स्कूल चले हम अभियान के अंतर्गत कलेक्टर शिवम वर्मा आज शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय बाल विनय मंदिर पहुँचे। यहाँ उन्होंने नवप्रवेशित विद्यार्थियों का स्वागत किया। बच्चों से सीधा संवाद किया और उन्हें स्कूल बैग, वाटर बॉटल सहित अन्य जरूरी सामग्री वितरित की। उन्होंने बच्चों को उनके शैक्षणिक जीवन की नई शुरूआत के लिए शुभकामनाएं दी और उनके उज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर आयोजित संवाद कार्यक्रम में कलेक्टर श्री वर्मा ने विद्यार्थियों से खुलकर चर्चा की और उन्हें सफलता, नेतृत्व क्षमता, कला, करियर निर्माण तथा बदलती तकनीक के साथ स्वयं को निरंतर अपडेट रखने के संबंध में महत्वपूर्ण मार्गदर्शन दिया।

### योग को बढ़ावा देने के लिए युवाओं ने एकत्रित होकर किया योग

**इंदौर।** भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय द्वारा इंदौर के चमेली देवी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट में आज सोमवार एक प्रभावशाली योग जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस भव्य आयोजन में चमेली देवी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस औरगर्ल्स बटालियन एनसीसी इंदौर द्वारा 'माय भारत तथा खेल एवं युवा कल्याण विभाग के सहयोग से किया गया था। इस कार्यक्रम में एनसीसी छात्रों सहित 700 प्रतिभागियों की एक जीवंत और ऊर्जावान भीड़ एक साथ योग का अभ्यास करने और एक स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा देने के लिए एकत्रित हुई। विशेषज्ञ प्रशिक्षकों ने मुख्य मंच से एक समतुल्य (सिंक्रनाइज्ड) योग प्रोटोकॉल का नेतृत्व किया, जिसने 700 लोगों की इस भारी उपस्थिति को विभिन्न आसनों, प्राणायाम और ध्यान तकनीकों का अभ्यास कराया। इस प्रवर्धनात्मक (प्रोमशनल) जागरूकता अभियान के हिस्से के रूप में, प्रतिभागियों को 'इन्क्रेडिबल इंडिया' (अतुल्य भारत) के लोगो वाली आधिकारिक टोपियां भी वितरित की गईं।

### ताजपुर की ऐतिहासिक बावड़ी का सफल पुनरुद्धार किया गया

**उज्जैन।** जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायत ताजपुर की ऐतिहासिक चोपड़ा वाली माताजी बावड़ी का सफल जीर्णोद्धार कार्य पूरा हो गया है। अमृत सरोवर एवं जल संरक्षण योजनाओं के तहत कराए गए इस कार्य से प्राचीन बावड़ी ने अपना मूल स्वरूप प्राप्त कर लिया है, जिससे स्थानीय ग्रामीणों में खुशी की लहर दौड़ गई है।ताजपुर में चोपड़ा वाली माताजी बावड़ी स्थापत्य कला का सुंदर उदाहरण है। परमार काल (लगभग 18वीं-19वीं शताब्दी) में निर्मित इस बावड़ी का निर्माण मराठा काल/सिंधिया रियासत के दौरान किया गया था। बावड़ी के परिसर में माताजी (जलदेवी) का मंदिर स्थित है, जहां स्थानीय लोगों की गहरी आस्था है। यह बावड़ी न केवल जल संरक्षण का प्रतीक रही है, बल्कि धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक केंद्र के रूप में भी जानी जाती रही है।बावड़ी जीर्णोद्धार कार्य में लगभग 1.75 लाख रुपये की अनुमानित लागत आई तथा बावड़ी से लगभग 10 क्विंटल गाद/कचरा निकाला गया। ग्राम पंचायत सरपंच के नेतृत्व में बावड़ी को मूल स्वरूप में पुनर्स्थापित किया गया। परिसर की सफाई एवं सौंदर्यीकरण का कार्य भी पूरा किया गया।बावड़ी की सीढ़ियों पर बहता स्वच्छ पानी और साफ-सुथरा परिवेश अब ग्रामीणों के चेहरों पर खुशी ला रहा है। इस जीर्णोद्धार से न केवल बावड़ी की ऐतिहासिक गरिमा लौटी है, बल्कि ग्रामीणों को यह विश्वास भी मिला है कि उनकी विरासत को संरक्षित किया जा सकता है। बावड़ी अब आने वाले कल की खुशहाली और जल-समृद्धि का साक्षात तीर्थ बन चुकी है।जल संरक्षण और धरोहर संरक्षण की दिशा में यह कार्य उज्जैन जिले के लिए एक प्रेरणादायक मिसाल है।

# महापौर की कुर्सी पर बढ़ी सियासी हलचल, आरक्षण की लॉटरी तय करेगी अगला चेहरा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

नगर निगम चुनाव में भले अभी करीब एक वर्ष का समय शेष हो, लेकिन शहर की सियासत में महापौर की कुर्सी को लेकर हलचल तेज हो गई है। राज्य शासन द्वारा महापौर एवं नगर पालिका अध्यक्ष पदों के आरक्षण के लिए अधिकृत अधिकारी नियुक्त करते ही इसके प्रक्रिया शुरू हो जाएगी संभावित दावेदारों की सक्रियता बढ़ने लगी है। भाजपा और कांग्रेस के कई नेता अब अपनी-अपनी राजनीतिक जमीन मजबूत करने में जुट गए हैं।

इधर राज्य निर्वाचन आयोग ने भी नगरीय निकाय चुनाव की तैयारियों को गति दे दी है। फोटोयुक्त मतदाता सूची के पुनरीक्षण की प्रक्रिया जारी है और 15 जून तक मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने और संशोधन के आवेदन लिए गए। 25 जून तक दावों-आपत्तियों का निराकरण किया जाएगा, जबकि 10 जुलाई को मतदाता सूची वेबसाइट पर अपलोड होगी और 18 जुलाई को उसका अंतिम प्रकाशन किया जाएगा।

### सामान्य पुरुष वर्ग को मौका मिलने की संभावना नहीं

इंदौर नगर निगम के 85 वार्डों में पार्षदों के आरक्षण की प्रक्रिया स्थानीय स्तर पर कलेक्टर द्वारा कराई जाएगी। वर्तमान नियमों के अनुसार 50 प्रतिशत वार्ड महिलाओं के लिए आरक्षित रहेंगे। ऐसे में 85 में से 42 वार्ड महिला उम्मीदवारों के लिए सुरक्षित होंगे। किस वार्ड से कौन चुनाव लड़ पाएगा, इसका फैसला भी आरक्षण प्रक्रिया के बाद ही हो सकेगा। महापौर पद को लेकर भी सबसे अधिक उत्सुकता बनी हुई है। वर्तमान महापौर पुष्यमित्र भार्गव सामान्य पुरुष वर्ग से निर्वाचित हुए थे। ऐसे में रोटेशन प्रणाली के तहत इस बार सामान्य पुरुष वर्ग को मौका मिलने की संभावना नहीं है। महापौर पद की लॉटरी में पुरुष पिछड़ा वर्ग, महिला सामान्य या महिला पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षण तय होने की चचाएँ तेज हैं। अंतिम निर्णय भोपाल में लॉटरी प्रक्रिया के जरिए होगा।

**कैलाश विजयवर्गीय बने थे सीधे जनता द्वारा चुने गए पहले महापौर-** इंदौर में पहले महापौर का चुनाव पार्षदों द्वारा किया जाता था और कांग्रेस के मधुकर वर्मा इस व्यवस्था के अंतिम महापौर रहे। बाद में सीधे जनता द्वारा महापौर चुनने की व्यवस्था लागू हुई। वर्ष 2000 में कैलाश विजयवर्गीय इंदौर के पहले सीधे निर्वाचित महापौर बने। इसके बाद उमाशशि शर्मा, कृष्णमुरारी मोघे, मालिनी गौड़ और वर्तमान में पुष्यमित्र भार्गव महापौर पद संभाल चुके हैं। अब शहर की निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि आरक्षण की लॉटरी किसके पक्ष में जाती है और अगले एक वर्ष में कौन-कौन से चेहरे महापौर की दौड़ में अपनी दावेदारी मजबूत करते हैं।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा- कहीं भी न रहे कोई कमी

# बेहतर प्रबंधन और कुशलता से करायें नीट की परीक्षा

### नीट (अंडर ग्रेजुएट) परीक्षा 21 जून को

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि नीट राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा है। इसके लिए सभी तैयारियां समय से पहले पूरी कर ली जाएं। बेहतर प्रबंधन एवं कार्य कुशलता से पूरी पारदर्शिता के साथ यह परीक्षा सम्पन्न करायें। उन्होंने कहा कि परीक्षा आयोजन में किसी भी स्तर पर किसी भी प्रकार की कमी या त्रुटि न रहे। परीक्षा कराने में संलग्न सभी अधिकारी-कर्मचारी पूरी मुस्तैदी से अपने कर्तव्यों का पालन करें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंगलवार को मंत्रालय में नीट (अंडर ग्रेजुएट) परीक्षा-2026 की आगामी रविवार (21 जून) को होने वाली परीक्षा की तैयारियों की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से समीक्षा की। यह परीक्षा प्रदेश के 30 जिलों के 283 परीक्षा केंद्रों में सम्पन्न कराई जाएगी। नीट परीक्षा की कुल अवधि 'सवा तीन घंटे' की होगी। इस बार सभी परीक्षार्थियों को 15 मिनट का अतिरिक्त समय दिया जाएगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नीट परीक्षा के समन्वयक उच्च शिक्षा विभाग को निर्देश दिए हैं कि सभी परीक्षा केन्द्रों में लगाई जाने वाली बायोमैट्रिक मशीन, सीसीटीवी कैमरे एवं जैमर 19 जून को ही परीक्षा केन्द्रों में लगा दिए जाएं और 20 जून को इनका ट्रायल रन भी कर लिया जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि 21 जून को राष्ट्रपति महोदया का जबलपुर प्रवास प्रस्तावित है। जबलपुर शहर में 24 केंद्रों में नीट परीक्षा होनी है। प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी यातायात का ऐसा प्रबंधन करें कि सभी परीक्षार्थी बिना किसी बाधा के अपने-अपने परीक्षा केंद्रों में सुगमता से पहुंच जायें।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि चूंकि नीट परीक्षा के दिन अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन में भी होने हैं, इन आयोजनों के कारण परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र तक पहुंचने में कोई कठिनाई न हो। यातायात का बेहतर नियोजन करें। सुनिश्चित करें कि सभी परीक्षार्थी तय समय से पहले तक केन्द्रों में पहुंच जायें। किसी परीक्षार्थी को यदि सेंटर तक पहुंचने में आवागमन के साधन की परेशानी आ रही है तो प्रशासन और पुलिस अधिकारी किसी शासकीय वाहन या खुद अपने वाहन से उन्हें परीक्षा केंद्र तक पहुंचाने में सहयोग करें।

## पुरुषोत्तम माह के उपलक्ष्य में भजन संध्या का आयोजन



दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

पुरुषोत्तम माह के उपलक्ष्य में वरिष्ठ पत्रकार एवं समाजसेवी पं. पवन शर्मा एवं पं मनीष शर्मा की पावन स्मृति स्वरूप भव्य भजन संध्या का आयोजन का धर्म प्रेमी समुदाय ने लाभ लिया। प्रसिद्ध भजन गायक विनोद अग्रवाल के परम शिष्य पं विवेक मेहता ने मनमोहक भजनों की प्रस्तुति दी तथा श्रोताओं को पूरे समय बांधे रखा ।इस अवसर पर आगंतुक अतिथियों का स्वागत दीपक शर्मा, प्रबल शर्मा, दिव्यांश शर्मा, संगीता शर्मा, दुर्गा शर्मा, सीमा शर्मा, एवं मिष्ठी शर्मा ने किया। संचालन हर्ष मेहता ने किया तथा आभार प्रदर्शन महेश मेहता ने किया ।

# परियोजना का 70 प्रतिशत काम हुआ पूरा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



भक्तों के दिल में जितनी आस्था उज्जैन के महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग को लेकर है उतनी ही यहां बहने वाली मोक्षदायिनी शिप्रा नदी को लेकर भी है। कान्ह नदी का पानी इसमें मिलने से शिप्रा लगातार दूषित होती रही, इससे यहां आने वाले भक्त भी नदी की हालत देख दुखी होते थे। लेकिन अब जल्द ही कान्ह नदी का पानी शिप्रा में मिलने की जगह पाइप के सहारे सीधे गंभीर डैम तक पहुंचेगा।

जमीन के 100 मीटर नीचे एक सुरंग बनाई जा रही है, इसका 70 प्रतिशत काम पूरा भी हो गया है। कान्ह डायवर्शन क्लोज डक्ट परियोजना पर 919 करोड़ रुपये आएगा, जिसका काम सिंहस्थ से पहले 2027 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। इस योजना में त्रिवेणी घाट के पास जमालपुरा गांव में स्टापडैम बनाकर कान्ह नदी का पानी रोककर इसे 30.15 किमी दूर गंभीर नदी में बने डैम में सिंगवाड़ा में यह पानी छोड़ा जाएगा। कान्ह का पानी डायवर्ट करने के लिए करीब 12 किमी के हिस्से में 5 मीटर से ज्यादा व्यास की टनल भी बनाई जा रही है।

### समस्या समाधान शिविर आयोजित किया गया

**उज्जैन।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशानुसार म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल के अध्यक्ष ओम जैन की उपस्थिति में सोमवार को शहर में स्थित मण्डल की विभिन्न कॉलोनियों के निवासियों की समस्या के समाधान के लिए हितग्राही समस्या समाधान शिविर आयोजित किया गया।यह शिविर प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजन किया गया ।

### रेशम समृद्धि योजना के अंतर्गत ऑनलाइन पंजीयन प्रारंभ

**उज्जैन।** सहायक संचालक जिला रेशम कार्यालय द्वारा जानकारी दी गई कि मध्य प्रदेश सरकार द्वारा संचालित रेशम समृद्धि योजना के अंतर्गत वर्ष 2026-27 के लिए ऑनलाइन पंजीयन विगत 29 मई से प्रारंभ कर दिया गया है। योजना के तहत इच्छुक कृषक अपनी एक एकड़ निजी भूमि पर शहतूती पौधारोपण कर मलबरी रेशम कृमिपालन अपनाकर अतिरिक्त आय अर्जित कर सकते हैं।

### लोगों ने पूछा- विकास की कीमत कौन चुकाएगा?

# 60 फीट सड़क के लिए टूटीं 100 से अधिक छतें

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

गुटकेश्वर महादेव मंदिर से सदर बाजार रोड तक प्रस्तावित 60 फीट सड़क चौड़ीकरण के लिए नगर निगम द्वारा सोमवार को बड़े स्तर पर रिमूवल कार्रवाई की गई। प्रशासन का कहना है कि यह कदम शहर के विकास, भविष्य की यातायात जरूरतों और क्षेत्र की बढ़ती आबादी को ध्यान में रखते हुए उठाया गया है, लेकिन इस कार्रवाई के बीच सामने आए प्रभावित परिवारों के दर्द ने विकास और मानवीय संवेदनाओं के बीच संतुलन को लेकर नई बहस छेड़ दी है। रिमूवल कार्रवाई में 100 से अधिक मकानों और निर्माणों को प्रभावित किया गया। वर्षों से इन घरों में रह रहे परिवारों के सामने अचानक अपने आशियाने को टूटता देखने की पीड़ा साफ दिखाई दी। कोई अपने सामान को बचाने में जुटा था तो कोई मलबे के बीच अपने जीवनभर की जमा-पूंजी बिखरती देख भावुक हो रहा था। प्रभावित लोगों का कहना है कि वे विकास के विरोधी नहीं हैं। बेहतर सड़कें और सुगम यातायात हर नागरिक की आवश्यकता है, लेकिन विकास के साथ मानवीय संवेदनाओं का भी ध्यान रखा जाना चाहिए। लोगों का कहना है कि यदि उन्हें पर्याप्त समय, उचित मुआवजा और पुनर्वास की व्यवस्था मिलती, तो शायद यह दर्द और आक्रोश इतना गहरा नहीं होता।



### बड़ा सवाल मुआवजे को लेकर

परिवार पहले से ही बीमारी और आर्थिक संकट का सामना कर रहा था, ऐसे में मकान टूट जाने से उनके सामने दोहरी चुनौती खड़ी हो गई है। एक ओर पत्नी के इलाज की चिंता और दूसरी ओर परिवार के लिए नए आशियाने की व्यवस्था का बोझ उन्हें भीतर तक तोड़ रहा है। वहीं सुमित श्रीवास, सुरेश श्रीवास और अशोक राधेश्याम शर्मा सहित कई रहवासियों के मकान भी इस कार्रवाई में पूरी तरह प्रभावित हुए हैं। प्रभावित परिवारों का आरोप है कि उन्हें शनिवार शाम को नोटिस दिया गया और सोमवार सुबह से ही रिमूवल की कार्रवाई शुरू कर दी गई। उनका कहना है कि इतने कम समय में वर्षों का सामान समेटना, बच्चों और बुजुर्गों की व्यवस्था करना तथा रहने के लिए वैकल्पिक स्थान तलाशना बेहद मुश्किल था। रहवासियों के बीच सबसे बड़ा सवाल मुआवजे को लेकर है। उनका कहना है कि यदि उज्जैन में सड़क चौड़ीकरण से प्रभावित लोगों को राहत और मुआवजे की व्यवस्था दी जा सकती है, तो इंदौर में ऐसे परिवारों के लिए क्या प्रावधान किया गया है?

# सुरक्षा मानकों के क्रियान्वयन के लिए विशेषज्ञ 18 को देंगे प्रशिक्षण

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

सिंहस्थ 2028 की तैयारियों को अधिक सुरक्षित, व्यवस्थित एवं गुणवत्तापूर्ण बनाने के उद्देश्य से सिंहस्थ मेला अधिकारी एवं जिला कलेक्टर द्वारा किए जा रहे नवाचारों की श्रृंखला में एक और महत्वपूर्ण पहल प्रारंभ की जा रही है। सिंहस्थ से संबंधित विभिन्न निर्माण एवं अधोसंरचना कार्यों में सुरक्षा मानकों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) मुंबई के विशेषज्ञ प्रोफेसरों द्वारा निर्माण सुरक्षा क्षमता संवर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन 18 जून को किया जाएगा। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य सिंहस्थ 2028 से संबंधित निर्माण कार्यों में संलग्न अधिकारियों एवं अभियंताओं को आधुनिक सुरक्षा मानकों, जोखिम प्रबंधन तथा निर्माण स्थलों पर अपनाई जाने वाली सर्वोत्तम सुरक्षा प्रक्रियाओं के संबंध में प्रशिक्षित करना है। कार्यक्रम के अंतर्गत जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारियों को प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम को प्रभावी बनाने के लिए प्रत्येक बैच में लगभग 40 अधिकारियों को शामिल किया जाएगा तथा कुल 6 बैचों में यह प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा।



## न्यूज कालम



### बाल श्रम दिवस सप्ताह अंतर्गत विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन

**सनावद।** बाल श्रम दिवस सप्ताह अंतर्गत पर विधिक साक्षरता शिविर न्यायालय परिसर में आयोजित किया जहां आमजन को सनावद में न्यायाधीश मो. असलम दहलवी,योगेश चालीसा व न्यायाधीश महोदय सु श्री आकांक्षा गर्ग न्यायाधीश महोदय ने बाल श्रम अधिनियम एवं बाल श्रमिक मजदूरी संबंधित कानून के बारे में बताया। कहा 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को मजदूरी करने का प्रावधान संविधान में नहीं है बाल श्रम बच्चों के बचपन, शिक्षा और स्वास्थ्य को छीन लेता है उन्हें मानसिक और शारीरिक रूप से पीड़ित करता है अगर इसका दुरपयोग करते पाया गया तो इसमें दंड एवं जेल का प्रावधान है यहां तक बच्चों के माता, पिता भी जबरन मजदूरी करने भेज रहे हैं या मजबूर कर करते है चाय की दुकान, फैक्ट्री. इसी जगह होटलों पर बच्चों से मजदूरी नहीं करा सकते हैं अगर ऐसा करते है तो सजा ओर दंड का प्रावधान है इसलिए आप सभी से अपील है कि हमें जागरुक होना चाहिए। बाल श्रम के खिलाफ आवाज उठाए बच्चों के अधिकारों की रक्षा करे बेहतर समाज बनाने की कल्पना करें शिविर में न्यायालय खंड पीठ सदस्य रविन्द्र अम्बिया मौजूद थे

### अधिक मास की अमावस्या पर गायों को गुड़ तथा खली खिलाई



**सनावद।** अधिक मास की अमावस्या पर लायंस क्लब की जीएमटी कोऑर्डिनेटर ला.अनिता जैन एवं लायंस क्लब सनावद स्नेह के अध्यक्ष ला. भागचंद जैन ने कोठी गौशालाओं में गौसेवा की और गायों को गुड़ तथा खली खिलाई। जैन ने कहा कि गौसेवा बड़े पुण्य का कार्य है। मूक प्राणियों की सेवा का अवसर बड़े सौभाग्य से मिलता है।

### घर छोड़ भागा बालक,3 घंटे में ढूंढ लाई पुलिस

**सनावद।** खानखा मस्जिद के पास रहने वाले एक परिवार का 11 वर्षीय बालक घर से बकरी चराने निकला था। वह वापस नहीं लौटा। इसके अचानक गायब होने से घबराई उसकी नानी कस्तूरीबाई ने रविवार को थाने पहुंचकर सूचना दी। क्षेत्र के सीसीटीवी फुटेज देखे। इसमें बालक बड़वाह की ओर जाता दिखाई दिया। फुटेज के आधार पर पुलिस बड़वाह व खेड़ीघाट पहुंची और सर्चिंग तेज की। पुलिस को नावघाट खेड़ी के अर्जुन केवट से पता चला कि बालक वहीं पर है। पुलिस ने उसे अभिरक्षा में लिया।

### सेवा संकल्प शिविर मैं मरीजों का हुआ निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण

जावरा ।भारत विकास परिषद एवं सरदार पटेल हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेंटर, बन्ना खेड़ा, के संयुक्त तत्वावधान में चलाए जा रहे सेवा संकल्प शिविर के अंतर्गत वार्ड क्रमांक २३, सब्जी मंडी, नजर बाग में निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। शिविर में सरदार पटेल हॉस्पिटल के डॉ. संदीप जाट द्वारा मरीजों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। गंभीर मरीजों को आयुष्मान योजना के तहत निःशुल्क इलाज हेतु सरदार पटेल हॉस्पिटल रेफर किया गया। सभी मरीजों को अस्पताल की ओर से निःशुल्क दवाइयां भी वितरित की गईं। भारत विकास परिषद अध्यक्ष शेखर नाहर ने बताया कि स्व. मदन लाल नाहर एवं स्व. संगीता नाहर की स्मृति में परिषद द्वारा लगातार सेवा संकल्प शिविर हर वार्ड में लगाए जा रहे हैं,। ताकि हर वर्ग तक स्वास्थ्य सेवा पहुंचे। सरदार पटेल हॉस्पिटल टीमः नर्सिंग स्टाफ ग्लोरिया मैम सुनीता सिस्टर, निरमा खराड़ी, रानू सिस्टर, मार्केटिंग मैनेजर प्रेम बनोपा, जनसंपर्क अधिकारी मेहमूद अली अब्बासी एवं सहायक कचरू लाल डिंडोर ने शिविर में सेवाएं प्रदान कीं। सरदार पटेल हॉस्पिटल एवं भारत विकास परिषद ने आमजन से अपील की है कि सेवा संकल्प शिविर का अधिक से अधिक लाभ उठाएं।

### बड़वानी की हॉकी खिलाड़ी स्नेहा को कलेक्टर ने किया सम्मानित

**बड़वानी।** जापान के काकामिगहारा में 29 मई से 6 जून 2026 तक आयोजित महिला हॉकी अंडर-18 एशियाई चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतकर देश का नाम रोशन करने वाली बड़वानी की होनहार खिलाड़ी स्नेहा दावदे का जिला प्रशासन द्वारा सम्मान किया गया। कलेक्ट्रेट सभागृह में कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह ने स्नेहा को 11 हजार का चेक व प्रशस्ति पत्र प्रदान किया

### विश्व रक्तदान दिवस पर जिला अस्पताल में रक्तदान शिविर आयोजित

**उज्जैन** । मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक कुमार पटेल के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में रविवार को विश्व रक्तदान दिवस के अवसर पर जिला चिकित्सालय में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। सिविल सर्जन डॉ. संगीता पलसानिया ने बताया कि रक्तदान शिविर में नागरिकों द्वारा उत्साहपूर्वक सहभागिता की गई तथा कुल 65 लोगों ने स्वैच्छिक रक्तदान कर मानव सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान एक महादान है, जिससे आवश्यकता पड़ने पर अनेक लोगों का जीवन बचाया जा सकता है। स्वस्थ व्यक्ति को नियमित रूप से रक्तदान करना चाहिए तथा समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने में सहयोग करना चाहिए। शिविर के दौरान रक्तदाताओं को रक्तदान के महत्व, इसके स्वास्थ्य लाभों एवं सुरक्षित रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करने संबंधी जानकारी भी प्रदान की गई। रक्तदाताओं का स्वास्थ्य परीक्षण कर सुरक्षित प्रक्रिया के तहत रक्त संग्रह किया गया।इस अवसर पर डॉ. संगीता गुप्ता सहित जिला चिकित्सालय के चिकित्सक, नर्सिंग अधिकारी एवं अन्य स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे।

# क्षेत्र के विकास के लिए हम भेदभाव नहीं करते - विधायक

### नगर परिषद में 1.94 लाख रुपये से अधिक के विकास कार्यों का भूमि पूजन व लोकार्पण हुआ

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मंडलेश्वर

नगर परिषद मंडलेश्वर द्वारा वार्ड क्रमांक 8 स्थित क्षत्रिय राजपूत समाज धर्मशाला में जनकल्याण शिविर 15 से 17 जून तक लगाया गया हैं शिविर में भूमि पूजन व लोकार्पण का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमे कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महेश्वर विधानसभा के लोकप्रिय सनातनी विधायक राजकुमार ने नगर परिषद द्वारा 1.94 लाख रुपये से अधिक के विकास कार्यों का भूमिपूजन व लोकार्पण किया।

विधायक राजकुमार मेव ने कार्यक्रम में संबोधित करते हुए कहा कि नगर परिषद अध्यक्ष का काम है कि नगर का पूर्ण विकास हो बिना भेदभाव के सभी वार्डों में बराबर विकास होना चाहिए विधायक मेव ने उन्हें कहा भारतीय जनता पार्टी के देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी और प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव अपने दोनों हाथों से लुटा रहे हैं। प्रदेश के विकास की गंगा बह रही है विधायक मेव ने नगर परिषद अध्यक्ष से कहा कि नगर के वार्ड नंबर 8 पर प्रश्न चिन्ह खड़ा करते हुए कहा वहां वार्ड नंबर 8 में सी सी रोड नहीं बना है ऐसा क्या हुआ कि आप वहां पर सी सी रोड नहीं बना पा रहे हो नगर में कहीं पर भी भेदभाव नहीं होना चाहिए तेरह हजार की आबादी वाले क्षेत्र मंडलेश्वर में लगभग 2 करोड़ के विकास कार्य हो रहे हैं और पहले भी करोड़ों के काम हुए हैं नगर में वही 1208 हितग्राहियों को आवास योजना का लाभ मिला है भारतीय जनता पार्टी की सरकार में ढाई लाख रुपए आवास योजना में दिए जा रहे हैं जो कि बिल्कुल मुफ्त है हितग्राहियों



से कोई पैसा वापस नहीं लिया जाता है पहले की सरकारों में इंदिरा आवास योजना होती थी जिसमें दस हजार रूपए दिए जाते थे जो कुछ नगर पंचायत में कुछ जनपद पंचायत में कट जाया करते थे और चार से पांच हजार रूपए हितग्राही के हाथ में मिलते थे देश के प्रधानमंत्री जी और मुख्यमंत्री जी आए भारतीय जनता पार्टी की सरकार आई उन्होंने यह दुर्दशा देखी तो ढाई लाख रुपए की आवास योजना देना शुरू किया विधायक ने उन्हें आगे संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी सरकार की योजनाओं के बारे में हितग्राही तक सूचना नहीं जा पा रही है प्रचार प्रसार की कमी देखी जा रही है नगर परिषद अधिकारियों को समझाइए देते हुए मेव ने कहा हमारे पास नगर परिषद के कर्मचारी है नगर परिषद के पार्षद हैं सरकार की योजनाओं के बारे में पंक्ति में आखिरी में खड़े हुए हर आदमी तक योजना का लाभ पहुंचना चाहिए। वही मंडलेश्वर मंडल अध्यक्ष देवेंद्र पाटीदार ने देश के प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री द्वारा प्रदेश में चलाई जा रही योजनाओं के बारे में बताते हुए कहा कि शिविर में उपस्थित सभी अधिकारियों को कहा कि योजनाओं का लाभ हर व्यक्ति को देना है। नगर में जितने भी विकास कार्य चल रहे हैं जिसमें मुख्य मां नर्मदा जी पर घाट निर्माण वह सभी भारतीय जनता पार्टी के मुख्यमंत्री मोहन यादव जी की शासन की योजनाओं और निधि द्वारा कार्य किया जा रहे हैं सभी वार्डों में सी सी रोड निर्माण जो भी किया गया है वह विधायक के विशेष प्रयासों से एवं मुख्यमंत्री के शासन की योजनाओं के अंतर्गत किया जा रहा है। वहीं भाजपा मंडल महामंत्री एवं एल्डरमैन ने अपने संबोधन में नगर परिषद पर सवाल खड़े करते हुए कहा कि मेरे द्वारा आपको पहले भी सूचित किया जा चुका है कि नगर में वार्ड नंबर 6 व वार्ड नंबर 10 में जो सी सी रोड का कार्य हो चुका है उसके कार्य की समय अवधि रहती है उसमें कुछ शिकायतें हुई है उसका कार्य दोबारा ना हो जब तक शिकायत की जांच पूर्ण न हो निराकरण न हो जाए।

## नागझिरी में गणगौर बावड़ी की भूमि बिक्री पर रोक की मांग, ग्रामीणों ने प्रशासन से लगाई गुहार

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ खरगोन



ग्राम नागझिरी के ग्रामीणों ने राजस्व शामिल निजी भूमि की खरीदी, बिक्री, रजिस्ट्री एवं नामांतरण पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि यह भूमि उनकी आस्था से जुड़ी गणगौर विसर्जन तक्षक बावड़ी के नाम से प्रसिद्ध है। प्राचीन समय से ही इसका उपयोग धार्मिक आयोजनों के लिए किया जाता रहा है।

जिला पंचायत उपाध्यक्ष बापू सिंह परिहार, कैलाश जोगीलाल, उमाशंकर, कैलाश आदि के अनुसार, यह 1.9260 हेक्टेयर भूमि लगभग 200 वर्ष पूर्व से पूर्वजों द्वारा शारदीय नवरात्र गरबा विसर्जन और गणगौर पर्व के चार दिवसीय उत्सव मनाने व विसर्जन कार्य के लिए उपयोग की जाती रही है। लगभग 1865 के आस.पास यह भूमि दरबार समाज के अधिपत्य में थी, जिन्होंने माता की बावड़ी की देखरेख व पूजा करने वाले ब्राह्मण परिवार की दयनीय स्थिति को देखते हुए यह भूमि उन्हें दान कर दी थी।

दान करते समय तत्कालीन ग्रामीणों के समक्ष यह मौखिक रूप से तय किया गया था कि, ब्राह्मण परिवार शारदीय नवरात्र गरबा विसर्जन और गणगौर पर्व के चार दिनों के लिए माता बावड़ी भूमि की साफ.-सफाई कर ग्रामीणों को उत्सव मनाने के लिए उपलब्ध करवाएगा। यह बात उस समय आपसी विश्वास और शिक्षा की कमी के कारण केवल मौखिक ही रही थी। अब वर्तमान में इस भूमि को बेचने का प्रयास किया जा रहा है, जिससे ग्रामीणों में आक्रोश है। उन्होंने प्रशासन से अपील की है कि यह भूमि उनकी धार्मिक आस्था का केंद्र है और पूर्व की भांति शर्तों का पालन सुनिश्चित किया जाए, ताकि भविष्य में भी वे अपने पारंपरिक उत्सवो का आयोजन कर सकें।

## केले की फसल पर मंडी शुल्क की व्यवस्था पहले जैसी ही है-अर्चना चिटनिस

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बुरहानपुर



बुरहानपुर से विधायक और पूर्व कैबिनेट मंत्री अर्चना चिटनिस ने स्पष्ट किया है कि मध्य प्रदेश सरकार ने केले की फसल पर किसी भी प्रकार का मंडी टैक्स (शुल्क) नहीं बढ़ाया है। उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आभार जताते हुए कांग्रेस द्वारा फैलाए जा रहे दावों को पूरी तरह से झूठा, निराधार और भ्रामक बताया है।

टैक्स की स्थिति यथावतः केले की फसल पर मंडी शुल्क की व्यवस्था पहले जैसी ही (पूर्ववत) है। किसानों पर कोई नया आर्थिक बोझ नहीं डाला गया है। विपक्ष पर निशानाः अर्चना चिटनिस ने कांग्रेस को चुनौती दी है कि यदि उनके पास मंडी टैक्स बढ़ाए जाने का कोई भी सरकारी आदेश या प्रमाण है, तो उसे सार्वजनिक करें। उन्होंने इसे केवल सुर्खियों में बने रहने की "नकारात्मक राजनीति" करार दिया।

बुरहानपुर के लिए महत्वः बुरहानपुर देश का एक प्रमुख केला उत्पादक क्षेत्र है, जहाँ हजारों किसान, मजदूर, व्यापारी और ट्रांसपोर्टर्स इस खेती पर निर्भर हैं। इसलिए इस संवेदनशील मुद्दे पर अफवाह फैलाना किसानों के साथ खिलवाड़ है।

कपास पर मंडी टैक्स आधा कियाः सरकार के किसान-हितैषी होने के प्रमाण के रूप में उन्होंने बताया कि हाल ही में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कपास पर मंडी शुल्क को १त्न से घटाकर ०.५०त्न करने का ऐतिहासिक निर्णय लिया है।

किसानों से अपीलः उन्होंने बुरहानपुर के केला उत्पादक किसानों से आग्रह किया है कि वे किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान न दें और केवल शासन द्वारा जारी आधिकारिक और तथ्यात्मक जानकारी पर ही भरोसा करें।

## ग्राम कारखेड़ा में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बुरहानपुर

ऑल इज वेल हॉस्पिटल, बुरहानपुर द्वारा सामाजिक सरोकार के तहत ग्राम कारखेड़ा (तहसील खकनार, जिला बुरहानपुर) में मंगलवार, 16 जून को एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में ग्रामीण क्षेत्र के 56 से अधिक मरीजों ने पहुँचकर अपनी जाँच कराई और निःशुल्क चिकित्सा लाभ उठाया।

वरिष्ठ डॉक्टरों ने दिया परामर्श

शिविर में ऑल इज वेल हॉस्पिटल के अनुभवी चिकित्सकों ने अपनी सेवाएँ दीं। मुख्य रूप सेः

डॉ. कैलाश सर

डॉ. अकरम खान (जनरल फिजिशियन)

दोनों ही डॉक्टरों ने मरीजों की स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना और उचित चिकित्सकीय परामर्श दिया। बदलते मौसम को देखते हुए डॉक्टरों ने सभी ग्रामीणों को मौसमी बीमारियों व विकारों से बचने तथा खुद को सुरक्षित रखने के महत्वपूर्ण उपाय भी बताए।

निःशुल्क जाँचें और सुविधाएँ

शिविर के दौरान आए सभी मरीजों को पूरी तरह निःशुल्क स्वास्थ्य लाभ दिया गया, जिसमें मुख्य रूप से शामिल हैंः

सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण ब्लड प्रेशर की जाँच

मौसमी बीमारियों के लिए उचित डॉक्टरी सलाह

इनके सहयोग से सफल रहा आयोजन

यह स्वास्थ्य शिविर ऑल इज वेल हॉस्पिटल के संचालक श्री कबीर चौकसे जी के कुशल दिशा-निर्देशन में आयोजित किया गया था। शिविर को सफल बनाने में स्थानीय सरपंच, उपसरपंच और सचिव का विशेष योगदान एवं सराहनीय सहयोग रहा।

## लायंस क्लब स्फटिक के सुरेश राँका अध्यक्ष बने

**जावरा ।** लायंस क्लब स्फटिक के नवीन सत्र के लिए पदाधिकारीयो का मनोनयन सवार्नुमति से किया गया । क्लब अध्यक्ष मदन सिंह चोरडिया ने बताया कि नवीन अध्यक्ष सुरेशराँका,उपाध्यक्ष अभय छजलानी व संजय बैरागी,सचिव मंजू राँका सह सचिव राहुल पाटीदार, कोषाध्यक्ष सोनिया छजलानी ,सह कोषाध्यक्ष मधु बैरागी सदस्यता समिति अध्यक्ष भविष्य जैन एवं सदस्य संदीप श्रीमाल के अलावा पांच सदस्यीय कार्यकारिणी भी बनाई गई।



## सांसद पाटिल ने महाहिम राज्यपाल मंगूभाई पटेल से सौजन्य भेंट की

**बुरहानपुर।** खंडवा लोकसभा क्षेत्र से सांसद ज्ञानेश्वर पाटील ने मंगलवार को भोपाल स्थित राजभवन में मध्य प्रदेश के महामहिम राज्यपाल श्री मंगूभाई पटेल से सौजन्य भेंट की। इस मुलाकात के दौरान सांसद ने राज्यपाल को अपने संसदीय क्षेत्र में आयोजित होने वाले आगामी जनजातीय विकास कार्यक्रम के लिए आमंत्रित किया। विभिन्न विषयों पर चर्चाः भेंट के दौरान सांसद ने मध्य प्रदेश के विकास, जनकल्याण और विशेष रूप से जनजातीय समाज के उत्थान से जुड़े कई अहम मुद्दों पर राज्यपाल जी से चर्चा की और उनका मार्गदर्शन लिया।कार्यक्रम का आमंत्रणः सांसद पाटील ने अपने संसदीय क्षेत्र के जनजातीय विकासखंड झिरन्या (जिला खरगोन) की जनता की ओर से महामहिम राज्यपाल को आगामी 'जनजातीय कल्याण एवं विकास कार्यक्रम' में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होने का सादर निमंत्रण दिया। राज्यपाल के प्रति आभारः सांसद ने जनजातीय समाज के प्रति राज्यपाल के संवेदनशील दृष्टिकोण की सराहना की। महामहिम राज्यपाल जी का स्नेह, जनजातीय समाज के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण और उनके उत्थान के लिए सतत चिंतन पूरे समाज के लिए एक प्रेरणास्त्रोत है।



## कलेक्टर की अध्यक्षता में समय-सीमा सह अंतर्विभागीय समन्वय बैठक सम्पन्न

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बड़वानी

कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागृह में समय-सीमा सह अंतर्विभागीय समन्वय की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनकल्याण शिविर, जलगंगा संवर्धन अभियान, आगामी त्योहारों के मद्देनजर कानून व्यवस्था, राजस्व, शिक्षा, स्वास्थ्य और मानसून पूर्व तैयारियों सहित कई विभागों के कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई एवं अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।बैठक में जिला पंचायत सीईओ, संयुक्त कलेक्टर, डिप्टी कलेक्टर सहित विभिन्न विभागों के जिला प्रमुख उपस्थित थे।

कलेक्टर ने सभी विकासखंडों के आयुष्मान आरोग्य मंदिर स्वास्थ्य अधिकारियों से सीधा संवाद कर शत-प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन अधिकारियों-कर्मचारियों की आईडी डी-एक्टिवेट हो गई है, वे तत्काल आयुष्मान नोडल को जानकारी देकर उन्हें एक्टिवेट कराएं। बीएमओ एवं सीएचओ को शेष बचे हितग्राहियों की नामजद सूची बनाकर मिशन मोड में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही हॉटस्पॉट क्षेत्रों को चिह्नित कर लक्ष्य के अनुरूप टीबी स्क्रीनिंग करने के निर्देश भी सीएचओ को दिए गए।

जनकल्याण शिविर (12 से 18 जून)- शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं के त्वरित लाभ के लिए जिले के नगरीय निकायों और जनपद स्तर पर विशेष शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि यहाँ प्राप्त आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण और समय-सीमा में निराकरण किया जाए।

समान नागरिक संहिता-यूसीसी के संबंध में आम नागरिकों से 22 जून, 2026 तक सुझाव आमंत्रित किए गए हैं। सभी नागरिक वेबसाइट पर जाकर अपने सुझाव अनिवार्य रूप से दर्ज कराएं। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस (21 जून) के अंतर्गत पोर्टल पर 16 जून से शुरू हो रही पंजीकरण प्रक्रिया के तहत निःशुल्क योग सत्रों के लिए अधिक से अधिक रजिस्ट्रेशन कराने के निर्देश दिए गए।

## बिजली बंद होने से लोग परेशान

**उज्जैन।** ढांचा भवन क्षेत्र में जलप्रदाय के समय बिजली कटौती से नागरिक परेशान है। दो दिन से बिजली विभाग की लापरवाही से सुबह नल के समय बिजली बंद थी। सुबह जल प्रदाय के समय बिजली बंद नहीं की जाए। उज्जैन उत्तर में हर दूसरे-तीसरे दिन विभिन्न कारणों से जल संकट की स्थिति बन जाती है।

**सांदीपनि स्कूलों के कॅरियर काउंसलरों को दिया प्रशिक्षण**

**उज्जैन।** उत्कृष्ट विद्यालय, माधव नगर में 14 व 15 जून को सांदीपनि विद्यालयों के कॅरियर काउंसलरों का आवासीय प्रशिक्षण हुआ। उज्जैन संभाग के सभी जिलों से 41 काउंसलरों का चयन किया गया। विभाग के अनुसार काउंसलर अपने अपने विद्यालयों में विद्यार्थियों को कॅरियर के अवसर, विकल्प और आगे की योजना बनाने की जानकारी नियमित रूप से देंगे।

## सुरक्षा मानकों के क्रियान्वयन के लिए आईआईटी मुंबई के विशेषज्ञ देंगे प्रशिक्षण

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ उज्जैन

सिंहस्थ 2028 की तैयारियों को अधिक सुरक्षित, व्यवस्थित एवं गुणवत्तापूर्ण बनाने के उद्देश्य से सिंहस्थ मेला अधिकारी एवं जिला कलेक्टर द्वारा किए जा रहे नवाचारों की श्रृंखला में एक और महत्वपूर्ण पहल प्रारंभ की जा रही है। सिंहस्थ से संबंधित विभिन्न निर्माण एवं अधोसंरचना कार्यों में सुरक्षा मानकों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) मुंबई के विशेषज्ञ प्रोफेसरों द्वारा निर्माण सुरक्षा क्षमता संवर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन 18 जून को किया जाएगा।इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य सिंहस्थ 2028 से संबंधित निर्माण कार्यों में संलग्न अधिकारियों एवं अभियंताओं को आधुनिक सुरक्षा मानकों, जोखिम प्रबंधन तथा निर्माण स्थलों पर अपनाई जाने वाली सर्वोत्तम सुरक्षा प्रक्रियाओं के संबंध में प्रशिक्षित करना है।

कार्यक्रम के अंतर्गत जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारियों को प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम को प्रभावी बनाने के लिए प्रत्येक बैच में लगभग 40 अधिकारियों को शामिल किया जाएगा तथा कुल 6 बैचों में यह प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा।

प्रथम प्रशिक्षण सत्र का आयोजन 18 जून को प्रस्तावित है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में पांच तकनीकी सत्र आयोजित होंगेप्रशिक्षण कार्यक्रम में कुल पांच तकनीकी सत्र आयोजित किए जाएंगे। प्रथम सत्र में "जोखिमों की जानकारी होने के बावजूद सुरक्षा प्रणालियाँ क्यों विफल हो जाती हैं" विषय पर चर्चा की जाएगी, जिसमें ज्ञात जोखिमों के बावजूद सुरक्षा व्यवस्थाओं के विफल होने के कारणों का विश्लेषण किया जाएगा तथा उज्जैन एवं सिंहस्थ से संबंधित परिस्थितियों पर विशेष चर्चा होगी।द्वितीय सत्र में "सुरक्षा संबंधी खतरों एवं सुरक्षा संहिताओं के प्रावधानों पर चर्चा" विषय के अंतर्गत विभिन्न सुरक्षा जोखिमों तथा उनसे संबंधित सुरक्षा संहिताओं और मानकों की जानकारी दी जाएगी।तृतीय सत्र में "सुरक्षा का आकलन एवं नवीनतम निगरानी तकनीकों पर चर्चा" विषय पर प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा, जिसमें सुरक्षा के आकलन की आधुनिक पद्धतियों तथा नवीनतम मॉनिटरिंग तकनीकों से प्रतिभागियों को अवगत कराया जाएगा।चतुर्थ सत्र में "कार्यस्थलों के लिए अद्यतन सुरक्षा प्रबंधन योजना का विकास" विषय पर चर्चा होगी, जिसके माध्यम से प्रतिभागी अपने-अपने कार्यस्थलों के लिए प्रभावी एवं अद्यतन सुरक्षा प्रबंधन योजनाओं का निर्माण करना सीखेंगे।पंचम एवं अंतिम सत्र में "प्रतिभागियों के साथ कार्यस्थल की सुरक्षा प्रबंधन योजना की समीक्षा" के अंतर्गत प्रतिभागियों द्वारा तैयार सुरक्षा प्रबंधन योजनाओं की समीक्षा एवं विश्लेषण किया जाएगा तथा विशेषज्ञों द्वारा आवश्यक सुझाव प्रदान किए जाएंगे। प्रशिक्षण के माध्यम से कार्यस्थलों पर बेहतर सुरक्षा प्रबंधन प्रणाली विकसित करने में सक्षम होंगेयह प्रशिक्षण कार्यक्रम सिंहस्थ 2028 से जुड़े निर्माण कार्यों में सुरक्षा संस्कृति को सुदृढ़ करने, दुर्घटनाओं की संभावनाओं को न्यूनतम करने तथा कार्यस्थलों पर सुरक्षा मानकों के प्रभावी अनुपालन को सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगा।

कार्यक्रम के माध्यम से अधिकारियों एवं अभियंताओं में सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ेगी तथा वे अपने कार्यस्थलों पर बेहतर सुरक्षा प्रबंधन प्रणाली विकसित करने में सक्षम होंगे।सिंहस्थ मेला प्रशासन का उद्देश्य सिंहस्थ २०२८ के समस्त निर्माण एवं विकास कार्यों को सर्वोच्च सुरक्षा मानकों के अनुरूप पूर्ण कराना है, जिससे श्रद्धालुओं को सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित सुविधाएँ उपलब्ध कराई जा सकें।

**न.पा द्वारा लगाया जनकल्याण शिविर**

**बड़वानी** ।शासन के निर्देशांनुसार दिनांक 12 जून 2026 से 18 जून 2026 की अवधि में प्रत्येक नगरीय निकाय मुख्यालय पर जनकल्याण शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में आज दिनांक 15 जून (सोमवार) को नगर पालिका परिषद बड़वानी में आयोजित जनकल्याण शिविर में केन्द्र एवं राज्य शासन की विभिन्न हितग्राहीमूलक योजनाओं के अंतर्गत नागरिकों को लाभान्वित किया गया।

## न्यूज -कॉलम

### एकतरफा प्यार में नाबालिग के परिवार पर हमला

**उज्जैन।** शाजापुर का परिवार सालभर से पंवासा में रहकर मजदूरी कर रहा है। मंगलवार सुबह घासमंडी सराय मजदूरी की तलाश में पहुंचा था, उसी दौरान पंवासा के रहने वाले संदीप नामक युवक ने अपने 2 साथियों के साथ परिवार पर हमला कर दिया। घटनाक्रम में मजदूर परिवार का ईश्वर पिता मोतीलाल सिर में गंभीर चोंट लगने पर घायल हो गया। बीच-बचाव में पत्नी भूरीबाई आई तो संदीप ने दांतों से हाथ पर काट लिया और जान से मारने की धमकी देकर भाग निकला। मामले की खबर मिलने पर माधवनगर थाना पुलिस सराय पहुंची और घायल दंपति को अस्पताल पहुंचाया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद थाने लाया गया। जहां भूरीबाई ने बताया कि संदीप उनकी 14 साल की बेटी के पीछे प?ा है। बेटी उसे बात करने से मना कर चुकी है, बावजूद आये दिन परेशान करता है। उसका कहना है कि प्यार करता है। सोमवार रात उसे समझाया था और पुलिस शिकायत करने की बात कहीं थी, लेकिन वह माफी मांगकर चला गया था। सुबह सराय में आकर हमला किया है। एएसआई मनोहर विश्वकर्मा ने बताया कि मामले में घायल ईश्वर की शिकायत पर मामला दर्ज कर संदीप को हिरासत में लिया गया है। उसके 2 साथियों की तलाश जारी है।

### दरवाजा बंद कर ड्रायवर ने रस्सी से लगाई फांसी

**उज्जैन।** पंवासा थाना क्षेत्र के मणिनगर में रहने वाला रूपसिंह पिता बद्रीलाल जाधव 42 साल ड्रायवरी करता था। मंगलवार दोपहर पत्नी बच्चा बाजार गये थे। शाम 4 बजे लौटे तो घर का दरवाजा बंद था। खटखटाने पर नहीं खुला तो आसपास के लोगों की मदद से तो?ा गया। अंदर कमरे में रूपसिंह रस्सी के फंदे पर लटका था। प्रधान आरक्षक अनिल पाल ने बताया कि मृतक को परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे थे। चरक ड्युटी कम्पाउंडर से सूचना मिलने पर मर्ग कायम किया और शाम को पोस्टमार्टम कराया गया। फिलहाल आत्महत्या की वजह सामने नहीं आई है। अंतिम संस्कार की प्रक्रिया पूरी होने के बाद पत्नी बच्चे के बयान दर्ज किये जायेगें।

### कॉल आने पर भाई खेत पहुंचा तो बेसुध पड़ा था

**उज्जैन।** माकडोन में रहने वाला अजय पिता कृपालसिंह सिसौदिया 25 साल सोमवार शाम को खेत गया था। कुछ देर बाद उसने छोटे भाई विशाल को कॉल किया और बुलाया। विशाल खेत पहुंचा तो अजय बेसुध हालत में प?ा मिला। पूछताछ करने पर उसने सल्फास की खोली खाना बताया। भाई उसे उपचार के लिये उज्जैन चरक अस्पताल लेकर पहुंचा, लेकिन रात में मौत हो गई। मंगलवार सुबह अस्पताल पुलिस चौकी ने मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया। विशाल ने बताया कि घर में कोई परेशानी नहीं थी। अजय की शादी को सात साल हो गये थे। संतान नहीं हुई थी। उसने ऐसा कदम क्यों उठाया कुछ पता नहीं है। चौकी पुलिस के अनुसार मामला माकडोन का होने पर मर्ग डायरी जांच के लिये भेजी जायेगी।

### खेत से ट्रैक्टर निकालने पर विवाद में पांच घायल

**उज्जैन।** पंवासा थाना क्षेत्र के ग्राम पिपल्या बिछा में रहने वाले अरूण पिता देवीसिंह राठौर और सागरमल पिता बापूलाल राठौर के खेत ग्राम जम्बुरा में पास-पास है। मंगलवार सुबह अरूण राठौर खेत से ट्रेक्टर लेकर निकल रहा था। उसी दौरान सागरमल के से? पर ट्रेक्टर का पहिया च? गया। जिसको लेकर दोनों के परिवार में विवाद हो गया। कहासुनी इतनी ब? गई कि चाकू-डंडे चल प?। घटनाक्रम में अरूण और उसका भाई सचिन घायल हो गये। दूसरी ओर सागरमल राठौर और उसके दो पुत्र नरेन्द्र राठौर और शुभम राठौर घायल हो गये। पंवासा थाना पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच में लिया है।

### मृतक की नहीं हुई पहचान दफनाया गया शव



**उज्जैन।** जीवाजीगंज थाना पिपलीनाक क्षेत्र में बदबू फैलाने पर लोगों की सूचना पर पुलिस पहुंची, इस दौरान सडक किनारे पडे सीमेंट के पाइप से एक व्यक्ति की लाश पडी होना सामने आया। पुलिस ने आसपास लोगों से उसकी पहचान के प्रयास किये। लेकिन किसी ने शिनाख्त नहीं की, सिर्फ इतना सामने आया कि क्षेत्र में घूमता रहता था और जहां भी मजदूरी मिलती थी कर लेता था। जीवाजीगंज थाना प्रभारी प्रतीक शर्मा ने बताया कि संभवत युवक पाइप में सोया था उसी दौरान उसकी मौत हुई है। फिलहाल मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम के बाद शव को दफनाया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर उसकी मौत का खुलासा हो पायेगा। उसकी पहचान के लिये जिले की थाना पुलिस से गुमशुदा लोगों की जानकारी मांगी गई है।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 345-2 | 689-3 |
| मेन बाजार | 125-8 | 257-4 |
| कल्याण नाइट | 388-9 | 589-2 |
| मिलन डे | 370-0 | 145-0 |
| मिलन नाइट | 360-9 | 250-7 |
| मधुर डे | 689-3 | 340-7 |
| मधुर नाइट | 335-1 | 278-7 |
| शुभांक | 3 7 | 8 |

## पति की प्रताड़ना से परेशान हत्या करने वाली पत्नी हिरासत में...

# अंतिम संस्कार से पहले कबूला सिर पर मारा था हथौड़ा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



बंद मकान का दरवाजा नहीं खुलने पर मंगलवार सुबह सामने आये हत्या के मामले में मृतक का अंतिम संस्कार होने से पहले पत्नी ने सिर पर हथौड़ा मारकर हत्या करना कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपिया पत्नी को हिरासत में लिया और शाम को मामले का खुलासा कर दिया।

ग्राम बेडावन में नागराज मंदिर के पीछे रहने वाले अशोक लौहार ने सुबह पुत्र के मकान का दरवाजा नहीं खुलने पर खटखटाया तो नहीं खुला। मकान में पुत्र विक्रम लौहार, बहू माधुरी उर्फ राधिका और 11 पोता रात में सोये थे। अशोक लौहार ने दरवाजा नहीं खुलने पर अंदर झांका तो खून दिखाई दिया। उसने डायल 112 पर सूचना दी। उन्हेल सीएसपी विक्रम अहिरवार, थान प्रभारी संतोष चौहान, एसआई मांगीलाल मालवीय टीम के साथ पहुंच गये। दरवाजा खोलने पर विक्रम लौहार मृत अवस्था में पडा मिला। पत्नी और पुत्र सोये थे। प्रारंभिक जांच में मामला हत्या का सामने आते ही एफएसएल टीम और खोजी डॉग को बुलाया गया। घर में खून से सना हथौडा मिला। जांच में रात को घर में किसी के आने का सुराग नहीं मिला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजा और पूछताछ के लिये पत्नी को हिरासत में लिया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा गया और हत्या का मामला दर्ज कर महिला प्रधान आरक्षक शर्मिष्ठा शुक्ला ने राधिका उर्फ माधुरी से पूछताछ शुरू की। विक्रम का अंतिम संस्कार होता उससे पहले राधिका ने सिर पर हथौ?ा मारकर हत्या करना कबूल कर लिया। शाम को हत्या का खुलासा सीएसपी विक्रम अहिरवार और थाना प्रभारी संतोष चौहान द्वारा किया गया। उन्होने बताया कि मृतक की पत्नी से पूछताछ में पता चला कि पति मारपीट कर प्रताडित करता था। रात में विवाद होने पर सिर पर वार कर दिया था जिससे उसकी मौत हो गई। उसके बाद वह पुत्र के साथ घर में सो गई थी। सीएसपी के अनुसार मामले की विवेचना जारी है। बुधवार दोपहर आरोपिया को कोर्ट में पेश किया जायेगा।

### शादी को हो चुके थे 13 साल

बताया जा रहा है कि राधिका और विक्रम लौहार की शादी का 13 साल के लगभग हो चुके थे। उनकी एक ही पुत्र है। विक्रम लौहारी का काम करता था और शराब का नशा करने का आदी हो चुका था। पुत्र कक्षा छटवीं का छात्र है। रात में भी नशा कर लौटा था और विवाद करने लगा था। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त हथौडा भी जप्त कर लिया है।

## बोरे में बंद मिली लाश का 19 दिन बाद खुलासा ....

# दृश्यम फिल्म की तर्ज पर रची गई थी साजिश

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

दावत पर बुलाकर हत्या और फिर लाश को ठिकाने लगाने के बाद 19 दिनों तक पुलिस को गुमराह करने का मामला मंगलवार को उजागर हो गया। भतीजे ने पत्नी और नाबालिग भाई के साथ मिलकर काका को मौत के घाट उतारा था। पूरी साजिश दृश्यम फिल्म की तर्ज पर रची गई थी।

बड़नगर तहसील के ग्राम पीरझलार में रहने वाला सुल्तान पिता अजगर पटेल 35 साल 28 मई की रात लापता हो गया था। इंदौर गई पत्नी का मोबाइल पर संपर्क नहीं होने पर दूसरे दिन उसने ब?नगर लौटकर पति के लापता होने की शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस सुल्तान की तलाश में निकली तो सामने आया कि रात में भाई दिलपुकार से झगडा हुआ था, लेकिन दिलपुकार ने विवाद से इंकार कर दिया। पुलिस को भी कोई पुख्ता जानकारी नहीं मिली। 10 दिन बाद 6 जून को हातोद थाना पुलिस को यशवंत सागर तालाब के झाडियों से बोरे में बंद लाश मिली। गुम इंसान की तलाश कर रही बडनगर पुलिस को खबर मिली तो शिनाख्त के लिये पहुंची। लाश पूरी तरह से सड चुकी थी। सुल्तान की पत्नी को पहचान के लिये बुलाया गया। उसने दांत देखकर सुल्तान के रूप में पहचान कर ली। लेकिन हत्या में शामिल आरोपियों का पता नहीं चल पाया। पुलिस ने परिवार के सभी सदस्यों से पूछताछ शुरू की। लापता होने के 19 दिन बाद मंगलवार को घटनाक्रम का सच सामने आ गया। पुलिस ने हत्या में शामिल मृतक के भतीजे नौशाद पिता सादिक पटेल, उसकी पत्नी मेमसान और नाबालिग भाई को गिरफ्तार कर लिया। तीनों ने हत्या करना कबूल किया है। थाना प्रभारी कमलेश सिंघार ने बताया कि हत्या की साजिश दृश्यम फिल्म की तर्ज पर रची गई थी। नाबालिग आरोपित को बल संप्रेक्षणगृह, मेमसना को केन्द्रीय जेल भैरवग? भेजा गया है। नौशाद को पूछताछ के लिये 2 दिनों की रिमांड पर लिया गया है।

### लाश छुपाने के बाद गुमराह करने का खेल



थाना प्रभारी सिंघार ने बताया कि सुल्तान के लापता होने के बाद नौशाद के नाबालिग भाई ने गुमराह करने की साजिश रची और बताया कि सुल्तान और उसके भाई दिलपुकार के बीच झगडा हुआ था। उसकी गोली मारकर हत्या करने के बाद खेत में लाश फेंक दी गई है। पुलिस लाश की तलाश में निकली लेकिन शव कहीं नहीं मिला। दिलपुकार से भी पूछताछ में कुछ सामने नहीं आया। नाबालिग लगातार अलग-अलग कहानी बनाता रहा, उस पर पुलिस को शंका थी लेकिन कुछ सुराग हाथ नहीं लग पा रहा था। पुलिस परिवार पर नजर रख गतिविधियों का पता लगाकर सभी से तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पूछता कर रही थी। सुराग मिलते ही मामले का खुलासा कर दिया गया।

### काका के चरित्र पर नौशाद को थी शंका

आरोपियों के हिरासत में आने पर सामने आया कि नौशाद को शंका थी कि उसकी पत्नी पर काका सुल्तान बुरी नजर रखता है। सुल्तान की पत्नी भी मायके जा चुकी थी। नौशाद ने साजिश रची और ईद वाले दिन काका को दावत पर बुलाया। जहां उसने मोगरी से हमला कर हत्या कर दी और रात 12 बजे बोरे में लाश बंद कर अपनी स्वीफ्ट कार से नाबालिग और पत्नी के सामने ठिकाने लगाने के लिये निकल गया। सुबह वापस लौट आया और रिश्तेदारों में अफवाह फैला दी कि सुल्तान और दिलपुकार में झग?ा हुआ था। थाना प्रभारी सिंघार के अनुसार मामले का खुलासा करने में ब?नगर थाना पुलिस की पूरी टीम का सहयोग रहा।



## भाई का कत्ल करने के बाद मुंडवाया था सिर

### गिरफ्त में आया आरोपी, कोर्ट ने भेजा जेल

**उज्जैन।** हीरामिल की चाल में चाकू घोंप भाई का कत्ल करने वाला सिर मुंडवा कर घूम रहा था। 2 दिन बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। जिसे कोर्ट में पेश कर जेल भेजा गया है।

हीरामिल की चाल में रहने वाले मनीष टेटवा की 13 जून की रात चाकू घोंप छोटे भाई सागर उर्फ नाना पिता मोहनलाल ने कत्ल कर दिया था। घटना के बाद देवासगेट थाना पुलिस ने जांच शुरू की थी। इस पता चला कि मनीष अपनी मां से मछली बनाने और शराब लाने के लिये झग?ा कर रहा था। सागर ने समझाने का प्रयास किया तो नशे में दोनों के बीच विवाद हो गया था। सागर ने चाकू सीने में घोंप दिया था और भाग निकला था। थाना प्रभारी नरेन्द्रसिंह परिहार ने बताया कि भाई का कत्ल करने वाले की तलाश में एसआई राधेश्याम आंवलिया, एएसआई रामेश्वर धानक, प्रधान आरक्षक सुमित सोनाने, मनीषसिंह, आरक्षक विनोद को अलर्ट किया गया।

2 दिन बाद खबर मिली कि आरोपी अपने घर हीरामिल की चाल आया हुआ है। तत्काल टीम ने सोमवार रात दबिश देकर उसे गिरफ्तार कर लिया। आरोपी सागर ने सिर मुंडवा लिया था। उससे पूछताछ करने पर सामने आया कि भाई का कत्ल करने के बाद उसने सिर मुंडवाया था, वह लाश को कांधा देने भी गया था, लेकिन पुलिस के डर से वापस लौट आया था। 2 दिनों तक शहर में छुपकर रहा। एसआई राधेश्याम आंवलिया ने बताया कि उससे हत्या में प्रयुक्त चाकू की बरामदगी के प्रयास किये गये। हत्या के बाद चाकू उसने हीरामिल की चाल स्थित हिरदेश्वर महादेव मंदिर के पास झाडियों में छुपा दिया था। जिसे बरामद कर मंगलवार दोपहर कोर्ट में पेश किया गया। जहां से न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है।

# अस्पताल में बच्चा बदलने का मामला निकला झूठा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

निजी अस्पताल में भर्ती एक दिन के शिशु को बदलने का मामला मंगलवार दोपहर सामने आने के बाद हडकंप मच गया। पुलिस ने जांच शुरू की और दस्तावेजों को खंगाला तो मामला झूठा होना सामने आया। लेकिन शिशु का परिवार देर शाम तक बच्चा बदलने की बात पर अ?ा हुआ था।

माधवनगर थाना प्रभारी गजेन्द्र पचौरिया ने बताया कि लोट्स अस्पताल में उपचार के लिये सोमवार शाम एक दिन के शुरू को लाया गया था। मंगलवार को डिस्चार्ज के दौरान शिशु के परिजनों ने हंगामा ख?ा कर दिया। उनका आरोप था कि ल?का हुआ था और ल?की सौंपी जा रही है। मामले की खबर मिलते ही पुलिस टीम लोट्स अस्पताल पहुंची। जहां सामने आया कि ग्राम लिम्बोदा की रहने वाली पायल को परिवार ने डिलेवरी के लिये तिवारी नर्सिंग होम निजातपुरा में भर्ती किया गया था। जहां सोमवार शाम डिलेवरी के बाद शिशु की तबीयत खराब होने पर लोटस अस्पताल रैफर किया गया था। पायल के परिजनों का कहना था कि डिलेवरी के बाद बालक होना सामने आया था। अब उपचार के बाद बालिका दी जा रही है। पुलिस ने लोटस अस्पताल प्रबंधन से चर्चा की तो उनका कहना था कि उपचार के बालिका लाई गई थी। उनके यहां दस्तावेजों में बालिका दर्ज है। जांच टीम तिवारी नर्सिंग होम पहुंची वहां पायल की डिलेवरी संबंधित दस्तावेजों के साथ शिशु के फुट मार्क देखे गये। उसमें भी बालिका होने की पुष्टि हुई। शाम को परिवार को समझाया गया और मामला शांत किया गया लेकिन परिवार बालक होने की बात पर अ?ा रहा। जब परिजनों से जानकारी जुटाई गई कि सामने आया कि पायल की सास ने सभी को बालक होना बताया था। जबकि बालिका हुई थी, उसकी तबीयत खराब होने पर सीधे उसे लोटस अस्पताल लाया गया था। थाना प्रभारी के अनुसार तिवारी नर्सिंग होम में सोमवार को एक ही डिलेवरी हुई थी, सभी दस्तावेजों में बालिका दर्ज है। बच्चा बदलने का मामला गलत है।

### मंगल 21 जून को करेगा वृषभ राशि में प्रवेश

**उज्जैन।** वर्ष 2026 के उत्तरार्ध की शुरुआत बड़े और संवेदनशील ज्योतिषीय बदलाव के साथ होने जा रही है। ग्रहों के सेनापति मंगल 21 जून को मेष से वृषभ राशि में गोचर करेंगे। मंगल देव इस राशि में 1 अगस्त तक विराजमान रहेंगे। श्री मातंगी ज्योतिष केंद्र के प्रख्यात ज्योतिर्विद पं. अजय कृष्णशंकर व्यास के अनुसार वृषभ राशि में मंगल पर न्याय के देवता शनि देव की दृष्टि रहेगी। ज्योतिष शास्त्र में शनि और मंगल के इस संबंध को बेहद प्रभावशाली माना गया है। इसका सीधा असर वैश्विक अर्थव्यवस्था, कृषि, अंतरराष्ट्रीय संबंधों और आम जनजीवन पर दिखाई देगा। वृषभ राशि को धन और संसाधनों का भाव माना जाता है। श्री मातंगी ज्योतिष केंद्र के ज्योतिर्विद पं. अजय कृष्णशंकर व्यास ने बताया कि मंगल के इस गोचर पर शनि की दृष्टि वैश्विक स्तर पर आर्थिक दबाव बढ़ा सकती है।

# चोरी के बाद बदल दिया था पानी के टैंकर का रंग

## रिश्तेदार में आये पिता-पुत्र ने दिया था वारदात को अंजाम

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

ग्राम पंचायत समुदायिक भवन के सामने से चोरी हुआ ट्रेक्टर-टैंकर एक माह बाद पुलिस ने बरामद कर लिया। रिश्तेदारी में आये पिता-पुत्र ने भांनेज के साथ मिलकर चोरी किया था और रंग बदलकर उपयोग कर रहे थे। तीनों को आज न्यायालय में पेश किया जायेगा।

भाटपचलाना थाना प्रभारी सत्येन्द्रसिंह चौधरी ने बताया कि 15 मई को ग्राम सिलोदिया पंचायत सचिव चित्रागंद शर्मा ने शिकायत दर्ज कराई थी कि सिलोदिया पंचायत के ग्राम मुंगावदी से राज्य शासन द्वारा एक पानी का टेंकर दिया था जो ग्राम के सामुदायिक भवन के पास ख?ा था, रात में कोई अज्ञात व्यक्ति चुराकर ले गया है। मामले में जांच शुरू की गई। कैमरे नहीं होने पर सुराग लगा पाना मुश्किल हो रहा था। बावजूद एएसआई शैतानसिंह डिंडोर, प्रधान आरक्षक गिरधारी कनेल, हरिगोविंद सिंह, शैलेन्द्रसिंह सिसौदिया, आरक्षक अशोक चौहान की टीम बनाई और पडताल शुरू की गई। गांव में पूछताछ करने पर सामने आया कि चोरी वाली रात 3 लोग ट्रेक्टर से रिश्तेदारी में आये थे। इसके अलावा कोई संदिग्ध नहीं दिखाई दिया था। गांव में आये 3 लोगों का पता लगाया तो सामने आया कि नागदा के देवडुंगरी का रहने वाला सुरेश पिता थावरसिंह गुर्जर अपने पुत्र ईश्वरसिंह और भानेज बबलू पिता जीवनसिंह गुर्जर ग्राम सरवाना उन्हेल के साथ आया था। सुरेशसिंह का साडू गांव में रहता है। शंका के आधार पर एक टीम नागदा देवडुंगरी रवाना की गई और गांव वालों से पूछताछ शुरू की गई। तभी सामने आया कि सुरेश एक टेंकर लेकर आया था, जिसका रंग बदला गया है। इसी आधार पर सुरेश को हिरासत में लिया गया और पूछताछ की गई तो उसने पुत्र और भानेज के साथ चोरी करना कबूल कर लिया। मंगलवार को उनकी निशानदेही पर रंग बदला टैंकर और चोरी में प्रयुक्त ट्रेक्टर बरामद कर लिया गया है। तीनों से पूछताछ जारी है, बुधवार दोपहर कोर्ट में पेश किया जायेगा। बरामद टैंकर की कीमत 2 लाख और चोरी में प्रयुक्त ट्रेक्टर 6 लाख कीमत का है।





# साधना का लक्ष्य

किसी सुनार को कुछ अशुद्धि वाला सोना दे दिया जाए, तो वह उसका क्या करेगा? वह उसे फेंकेगा नहीं, क्योंकि सुनार भली-भांति यह जानता है कि आग, धैर्य और सही प्रक्रिया से वही सोना फिर चमकने लगेगा। आध्यात्मिक दृष्टि से मनुष्य भी कुछ ऐसा ही है। उसके भीतर अनंत संभावनाएं हैं, किंतु क्षणिक कामना, भय, मोह, क्रोध व अहंकार जैसी मानसिक अशुद्धियां उसकी वास्तविक चमक को ढक देती हैं। साधना का असली उद्देश्य इन्हीं अशुद्धियों को मिटाकर मनुष्य को उसके मूल स्वरूप से परिचित कराना है। आध्यात्मिक दर्शन के अनुसार, सृष्टि का विकास सूक्ष्म से स्थूल की ओर हुआ है। ब्रह्मांडीय चेतना पहले आकाश तत्व में, फिर वायु, अग्नि, जल और अंततः पृथ्वी तत्व में क्रमशः अधिक स्थूल रूप में प्रकट हुई। यही कारण है कि पृथ्वी तत्व सबसे अधिक इंद्रियगोचर है और आकाश सबसे सूक्ष्म। मन सामान्यतः स्थूल वस्तुओं की ओर आकर्षित होता है, क्योंकि उन्हें इंद्रियां आसानी से ग्रहण कर लेती हैं। साधना का प्रथम चरण इसी प्रवृत्ति को उलटना है; मन को स्थूल से हटाकर सूक्ष्म की ओर ले जाना। जब मन बाहर से हटकर भीतर की ओर मुड़ता है, तब आत्मशुद्धि की यात्रा प्रारंभ होती है। लेकिन, यह यात्रा आसान नहीं है। मन में वर्षों से संचित संस्कार, इच्छाएं और प्रतिक्रियाएं गहराई तक जमी होती हैं। सुख मिलने पर हम उनसे चिपक जाते हैं और दुख मिलने पर उनसे भागना चाहते हैं। यही आकर्षण और विकर्षण मन को अस्थिर बनाए रखते हैं। आध्यात्मिक साधक का लक्ष्य इन दोनों के पार जाना है। वह न सुख का दास बनता है, न दुख का शिकार। वह दोनों को जीवन के अनुभवों के रूप में स्वीकार करना सीखता है। तब यम- नियम का महत्व सामने आता है। सत्य, अहिंसा, अस्तेय (ईमानदारी), शौच, संतोष व अनुशासन जैसे सिद्धांत मन को शुद्ध करने वाले पवित्र जल के समान हैं। इस संदर्भ में मनुष्य की तुलना अशुद्ध सोने से अत्यंत सार्थक है। अशुद्धियां सोने का स्वभाव नहीं होतीं; वे केवल उस पर चढ़ी हुई परतें होती हैं। उसी प्रकार लोभ, ईर्ष्या, क्रोध और अहंकार भी मनुष्य का वास्तविक स्वरूप नहीं हैं। वे प्रकृति द्वारा निर्मित अस्थायी विकृतियां हैं। साधना की अग्नि में तपकर ये धीरे-धीरे दूर होती हैं।

आत्मशुद्धि की यह यात्रा किसी विशेष वर्ग या संप्रदाय की नहीं, बल्कि प्रत्येक मनुष्य की यात्रा है। जिस दिन हम अपने भीतर छिपे सोने को पहचान लेंगे और उसे साधना की अग्नि में तपाने का साहस जुटा लेंगे, उसी दिन जीवन की दिशा बदल जाएगी। तब बाहरी परिस्थितियां चाहे जैसी हों, भीतर एक ऐसी शांति और प्रकाश का उदय होगा, जिसे कोई छीन नहीं सकता।



सम्पादकीय

## तृणमूल से सबक

तृणमूल कांग्रेस का टूटना बदलती भारतीय राजनीति का एक ऐसा संकेत है, जिससे तमाम राजनेता सबक ले सकते हैं। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के परिणामों को अभी चालीस दिन ही पूरे हुए हैं और यह बात अब शीशे की तरह साफ है कि तृणमूल कांग्रेस का स्वर्णिम दौर लद गया है। एक हारी हुई पार्टी को एकजुट रखने के जैसे प्रयास तृणमूल कांग्रेस कर सकती थी, उनका नितांत अभाव दिखा है। तृणमूल कांग्रेस के आला नेताओं ने साबित कर दिया कि उनमें जुड़ने-जोड़ने का हुनर कम है। वैसे, राज्य स्तर पर विधानसभा में भी पार्टी बंट चुकी है, लेकिन उसका कोई स्पष्ट स्वरूप सामने नहीं आया है, जबकि पार्टी से अलग हुए 20 सांसदों की स्थिति स्पष्ट है। इन्होंने एक नए अल्प-चर्चित दल के नाम का सहारा लिया है। यह अलग तरह का दलबदल अपने आप में बहस का मुद्दा है। आम तौर पर राजनीतिक दल अपने चुनाव अभियान से सांसद तैयार करते हैं, पर यहां तो एक दल को एकमुश्त 20 सांसद हासिल हो गए हैं। यह कानूनन सही हुआ है या गलत, इस पर जरूरी बहस शुरू हो गई है और होनी भी चाहिए।

कुछ संकेत बहुत स्पष्ट हैं और जिनसे अनेक सवाल खड़े होते हैं। ममता बनर्जी ने खून-पसीने से बनाई अपनी पार्टी को बचाने के लिए एड़ी-चोटी का जोर क्यों नहीं लगाया? अगर वह मिल-बैठकर बात करतीं, तो संभव है, उनकी पार्टी सलामत रहती। ऐसा लगता है कि वह पूरी तरह से भतीजे सांसद अभिषेक बनर्जी पर निर्भर हो गईं। वंशवादी दलों के साथ यही समस्या है, इनमें दलीय लोकतंत्र का विशेष महत्व नहीं बचता है। वंशवाद ऐसी कमजोरी साबित हुआ है कि ममता बनर्जी ने न केवल राज्य में, बल्कि अपनी पार्टी में भी बहुमत गंवा दिया है। यह कहने में हर्ज नहीं कि तृणमूल अंदर से मजबूत नहीं थी और केवल सत्ता के रसायन ने उसे जोड़े रखा था। सत्ता का रसायन जैसे ही खत्म हुआ, पार्टी बिखर गई। कौन भूल सकता है कि राज्य में लगभग दुश्मनी की राजनीति हुई है? इसी का नतीजा है कि सूबे के बड़े-बड़े बड़बोले नेता शर्मसार से हैं और अपने बचाव के लिए किसी मजबूत छतरी की तलाश में हैं। यह सबक बड़ा है, जिसे शायर बशीर बद्र ने कुछ ऐसे बयान किया था- दुश्मनी जमकर करो लेकिन ये गुंजाइश रहे, जब कभी हम दोस्त हो जाएं तो शर्मिंदा न हों। बंगाल में यह नए किस्म की राजनीतिक संस्कृति है, जिसमें टूटने का सलीका खास है।

### भारत अब सिर्फ विकसित नहीं हो रहा, विश्व को विकसित कर रहा है

# नया भारत जो दुनिया के सवालों के जवाब गढ़ता है



प्रो. आर.के. जैन
(दैनिक अवन्तिका)

तकनीक की वैश्विक बिसात पर भारत अब मोहरा नहीं, चाल चलने वाला खिलाड़ी बनता दिख रहा है। फ्रांस के नीस में 14-16 जून 2026 को आयोजित भारत इनोवेट्स 2026 कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह कहना कि भारत अब समाधान का उपभोक्ता नहीं, समाधान प्रदाता है, केवल एक वक्तव्य नहीं बल्कि बदलते वैश्विक शक्ति-संतुलन की घोषणा थी। राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों की उपस्थिति, 120 से अधिक डीप-टेक स्टार्टअप्स, 15 अग्रणी शिक्षण संस्थानों और सैकड़ों निवेशकों की भागीदारी ने इस दावे को मजबूती दी। यह वह क्षण था जब भारत ने दुनिया को जता दिया कि वह तकनीकी परिवर्तन का दर्शक नहीं, बल्कि उसकी दिशा तय करने वाली शक्ति बनने की ओर बढ़ चुका है।

भारत की तकनीकी उड़ान किसी एक घटना नहीं, वर्षों की तैयारी का परिणाम है। मेक इन इंडिया, स्टार्टअप इंडिया और आत्मनिर्भर भारत ने इसकी मजबूत नींव रखी। जो देश कभी तकनीक खरीदता था, वह आज समाधान विकसित कर दुनिया को दे रहा है। इस कार्यक्रम में प्रदर्शित 120 डीप-टेक कंपनियों के पास सामूहिक रूप से 1,500 से अधिक पेटेंट हैं और उन्होंने 1.5 बिलियन डॉलर से ज्यादा पूंजी जुटाई है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता, क्वांटम कंप्यूटिंग, सेमीकंडक्टर, जैव-प्रौद्योगिकी स्वच्छ ऊर्जा के अलावा स्वास्थ्य, जलवायु प्रौद्योगिकी, एयरोस्पेस, एग्रीटेक आदि 13 अग्रणी क्षेत्रों में भारतीय कंपनियाँ नई राह बना रही हैं। बढ़ते पेटेंट, निवेश और स्टार्टअप्स बताते हैं कि भारत अब केवल सेवा प्रदाता नहीं रहा। विशेष रूप से ग्लोबल साउथ के देशों के लिए भारत ऐसे तकनीकी मॉडल प्रस्तुत कर रहा है जो किफायती भी हैं और बड़े पैमाने पर लागू किए जा सकते हैं। यही बदलाव भारत को वैश्विक विकास की नई धुरी बना रहा है।

भारत-फ्रांस संबंधों की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि वे अब कूटनीति से आगे बढ़कर नवाचार, अनुसंधान और प्रौद्योगिकी की साझेदारी में बदल रहे हैं। इंडिया-फ्रांस ईयर ऑफ इनोवेशन 2026 और विस्तारित रणनीतिक साझेदारी भविष्य की उसी रूपरेखा को रेखांकित करते हैं। कृत्रिम



बुद्धिमत्ता, स्टार्टअप्स और वैज्ञानिक अनुसंधान में प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति मैक्रों की निरंतर पहल ने दोनों देशों को स्वाभाविक सहयोगी बना दिया है। फ्रांस अब भारत को केवल एक बड़े बाजार के रूप में नहीं, बल्कि तकनीकी सह-निमार्ता के रूप में देख रहा है। यही सोच इस रिश्ते को पारंपरिक द्विपक्षीय सहयोग से कहीं अधिक महत्वपूर्ण और दूरगामी बनाती है।

भारत का उभरता तकनीकी सामर्थ्य कई पुराने शक्ति-केंद्रों के लिए चुनौती बन रहा है। कारण यह है कि वह तकनीक पर स्थापित एकाधिकार की दीवारों में दरार डाल रहा है। दशकों तक नवाचार कुछ देशों और कंपनियों के इर्द-गिर्द सिमटा रहा, लेकिन भारत अब अपनी अलग तकनीकी राह बना रहा है। एआई और उन्नत प्रौद्योगिकियों पर बढ़ते नियंत्रण के बीच भारत-फ्रांस सहयोग बदलते वैश्विक समीकरणों का संकेत है। सेमीकंडक्टर, उन्नत सामग्री और महत्वपूर्ण खनिजों में बढ़ती साझेदारी बता रही है कि भविष्य की तकनीकी आपूर्ति पर अब कुछ हाथों का वर्चस्व नहीं रहेगा। भारत का सॉल्व्ड इन इंडिया मॉडल धीरे-धीरे सॉल्यूशन फॉर द वर्ल्ड की अवधारणा में बदल रहा है।

भारत-फ्रांस सहयोग का सबसे मजबूत चेहरा अब रक्षा और रणनीतिक तकनीक में दिखता है। राफेल कार्यक्रम ने तकनीक हस्तांतरण और संयुक्त उत्पादन को नई दिशा दी है। दोनों देश अब रक्षा खरीद से आगे बढ़कर साझा निर्माण और उन्नत अनुसंधान की राह पर हैं। स्कॉर्पीन पनडुब्बियों से लेकर समुद्री सुरक्षा तक और साइबर सुरक्षा से लेकर क्वांटम अनुसंधान तक, सहयोग के नए द्वार खुल रहे हैं। परमाणु ऊर्जा में छोटे मॉड्यूलर रिएक्टरों पर चर्चा ऊर्जा सुरक्षा की नई संभावनाएँ प्रस्तुत करती है। अंतरिक्ष, विज्ञान और स्वच्छ ऊर्जा में सहयोग यह स्पष्ट करता है कि यह रिश्ता अब भविष्य की तकनीकी सभ्यता गढ़ने की साझी परियोजना बन चुका है। भारत की यह तकनीकी प्रगति विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को मजबूत आधार दे रही है। भारतीय स्टार्टअप अब केवल मुनाफा नहीं, बल्कि वास्तविक समाधान प्रस्तुत कर वैश्विक निवेश आकर्षित कर रहे हैं। जलवायु संकट के लिए क्लाइमेट टेक, स्वास्थ्य क्षेत्र में एआई आधारित नवाचार और वित्तीय समावेशन में फिनटेक भारत की उभरती ताकत बन चुके हैं। ग्लोबल साउथ के कई देश भारत के विकास मॉडल को अपनाने की दिशा में देख रहे हैं। अमेरिका-चीन तकनीकी प्रतिस्पर्धा के बीच भारत एक संतुलनकारी शक्ति के रूप में उभर रहा है। उसकी सबसे बड़ी ताकत उसका लोकतांत्रिक, विविध और खुले नवाचार पर आधारित तकनीकी मानववाद है, जो तकनीक को केवल शक्ति नहीं बल्कि सेवा का माध्यम बनाता है।

तकनीकी प्रगति की इस तेज दौड़ में चुनौतियाँ भी उतनी ही वास्तविक हैं। तकनीक हस्तांतरण की गति बढ़ाना, बौद्धिक संपदा की सुरक्षा मजबूत करना, कुशल मानव संसाधन तैयार करना और आपूर्ति श्रृंखलाओं को सुदृढ़ बनाना अभी भी प्रमुख आवश्यकताएँ हैं। वैश्विक प्रतिस्पर्धा में केवल महत्वाकांक्षा नहीं, बल्कि मजबूत संस्थागत ढांचा और निरंतर निवेश भी जरूरी है। भारत को अनुसंधान एवं विकास पर खर्च बढ़ाना, विश्वविद्यालयझउद्योग सहयोग को गहरा करना और उभरती तकनीकों में वैश्विक मानक स्थापित करने की दिशा में आगे बढ़ना होगा। फिर भी, सबसे महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि भारत इन चुनौतियों का सामना आत्मविश्वास और नेतृत्व की भावना के साथ कर रहा है।

आज वैश्विक परिदृश्य में जो सबसे बड़ा बदलाव दिख रहा है, वह भारत की बढ़ती भूमिका से उपजा है। एक विशाल लोकतंत्र जब नवाचार, रक्षा, ऊर्जा और डिजिटल तकनीक में नेतृत्व करने लगता है, तो वैश्विक शक्ति-संतुलन अपने आप पुनर्गठित हो जाता है। नीस में मोदी का संदेश इसी परिवर्तन का उद्घोष था। यह घोषणा थी कि आत्मनिर्भर भारत का लक्ष्य आत्मकेंद्रित होना नहीं, बल्कि विश्व को नए समाधान देना है। मोदी-मैक्रों साझेदारी उस नए युग की रूपरेखा बन रही है, जहाँ भारत भविष्य का सहभागी नहीं, उसका निमार्ता है। यदि यह गति बनी रही, तो आने वाले वर्षों में दुनिया भारत को एक विशाल बाजार नहीं, बल्कि उन समाधानों के स्रोत के रूप में पहचानेगी जो मानवता की अगली सदी का मार्ग तय करेंगे।

## धुंधली लिखावट का धोखा

कमरे की वो सीलन भरी गंध अब भी ठीक वैसी ही थी जैसी अविनाश के जिंदा रहते हुआ करती थी। अलमारी का वह पुराना आधा खुला पल्ला जैसे किसी टूटे हुए जबड़े की तरह चिढ़ा रहा था। मैं उसकी बिखरी हुई दुनिया को समेटने के लिए फर्श पर बैठ गया तो पैरों के नीचे धूल की एक मोटी परत चरमरा उठी। अविनाश के अचानक चले जाने के बाद इस घर में सन्नाटा इतनी जोर से चिल्लाता था कि कान के पर्दे फटने लगते थे। अलमारी के सबसे ऊपरी खाने में हाथ डालते ही उंगलियों से एक पुरानी डायरी टकराई जिसके पन्ने पीले पड़ चुके थे। उसी डायरी के भीतर से एक मोड़ा हुआ कागज का टुकड़ा नीचे गिरा जिस पर लिखा था कि तुम्हें यह तब मिलेगा जब मैं बहुत दूर जा चुका हूँगा। दिल की धड़कन ने एक पल के लिए जैसे हड़ताल कर दी और फेफड़ों में हवा जम गई। उस कागज पर स्याही के कुछ ऐसे धब्बे थे जो आंसुओं के गिरने से फैल गए थे। मुझे लगा कि कोई अदृश्य हाथ मेरी गर्दन दबा रहा है और कमरे की खिड़की से आती धूप भी बर्फीली सुई की तरह चुभने लगी। मौत का यह कैसा क्रूर मजाक था कि जो इंसान जिंदगी भर अपनी हर बात को छुपाने का हुनर रखता था वह जाते-जाते एक ऐसा सुराग छोड़ गया जो मुझे जलती हुई भट्टी की तरफ खींच रहा था।

मैंने उस कागज को खोला तो अविनाश की वही कटी-फटी लिखावट सामने थी जो हमेशा किसी रहस्यमयी लिपि जैसी लगती थी। उसने लिखा था कि राहुल मुझे पता है कि तुम मुझे एक पत्थर दिल इंसान समझते रहे क्योंकि मैंने कभी तुम्हारी उम्मीदों का जवाब नहीं दिया। पर सच तो यह है कि मैं तुम्हें उस दलदल से बचाना चाहता था जिसका सिरा सीधे इस अलमारी के पीछे छिपे लॉकर से जुड़ता है। तभी बाहर लॉबी में किसी के जूतों की आहट हुई और मेरा पूरा बदन पसीने से तर हो गया। मैंने घबराकर पीछे मुड़कर देखा पर वहां केवल सन्नाटा अपनी लंबी उंगलियां फैलाए खड़ा था।

## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 17 जून 2026 बुधवार
सूर्योदय - 05:45 सूर्यास्त 19:10
ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष
राहुकाल - 12:00 से 16:30 तक
तिथि - तृतीया 21:39 उपरांत चतुर्थी
नक्षत्र - पुनर्वसु 13:37 उपरांत पुष्य
योग - ध्रुव 20:51 व्याघात
करण - तैतिल
चन्द्रमा - मिथुन में है। 08:13 पर कर्क में प्रवेश करेगा।
मुस्लिम मास - मोहर्रम मास 01 तारिख

**मेष-** पारिवारिक सुख-शांति बनी रहेगी। किसी प्रभावशाली व्यक्ति से सहयोग प्राप्त होगा। पूजा-पाठ में मन लगेगा।

**वृषभ-** तीर्थदर्शन हो सकते हैं। विवेक का प्रयोग करें, लाभ होगा। मित्रों के साथ अच्छा समय बीतेगा। विरोध होगा। चिंता तथा तनाव रहेंगे।

**मिथुन-** घर-परिवार की चिंता रहेगी। किसी वरिष्ठ व्यक्ति का मार्गदर्शन व सहयोग प्राप्त होगा। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। घर-परिवार में प्रसन्नता रहेगी।

**कर्क-** बाहर जाने का मन बनेगा। भाइयों से मतभेद दूर होंगे। व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। संतान पक्ष से खुशियां प्राप्त होंगी।

**सिंह-** रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। किसी प्रबुद्ध व्यक्ति का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। यात्रा मनोरंजक रहेगी।

**कन्या-** पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा। मनपसंद भोजन की प्राप्ति संभव है। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी।

**तुला-** पारिवारिक सदस्यों तथा मित्रों के साथ आनंदायक समय व्यतीत होगा। व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेगा।

**वृश्चिक-** उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी। भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी। कोई नया बड़ा काम करने की योजना बनेगी।

**धनु-** भाइयों का सहयोग प्राप्त होगा। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल चलेगा। भ्रम की स्थिति बन सकती है। बुद्धि का प्रयोग करें।

**मकर-** सेहत को प्राथमिकता दें। लेन-देन में जल्दबाजी से हानि होगी। जोखिम व जमानत के कार्य टालें।

**कुंभ-** महत्वपूर्ण निर्णय लेने का समय नहीं है। चिंता तथा तनाव रहेंगे। व्यापार मनोनुकूल चलेगा। अनावश्यक जोखिम न लें।

**मीन-** मान-सम्मान मिलेगा। व्यापार मनोनुकूल चलेगा। योजना फलीभूत होगी। कार्यस्थल पर परिवर्तन संभव है।

सम सामयिक

## सवाल उछलते हैं और दफन हो जाते हैं



राजेंद्र बज
(दैनिक अवन्तिका)

किसी एक समय में कोई मामला उठता है , धीरे धीरे परवान चढ़ने लगता है और मीडियाई सुर्खियों में छा जाया करता है। देखते ही देखते उसमें राजनीति का प्रवेश हो जाता है। इधर वाले ऐसा कहते हैं और उधर वाले वैसा कहते हैं। कोई इसकी तरफ हो जाता है और कोई उसकी तरफ हो जाता है। समय के साथ-साथ आखिरकार मामला पुराना होने लगता है। फिर उसमें किसी को रस नजर नहीं आता और मामला ठंडा पड़ जाता है। यह सिलसिला वैसे तो दशकों से जारी था, लेकिन आम आदमी के जनजीवन पर इसका व्यापक प्रभाव नहीं था। किंतु आजकल के सोशल मीडिया के जमाने में आदमी के सामने जमाने भर की जानकारी आ जाती है।

कल सब जिस बात को केवल इक्का-दुक्का लोग ही जानते और समझते थे, आज आम आदमी की पंहुच में सारे जहां की ऐसी-वैसी बातों का समावेश हो गया है। पल भर के लिए भी पत्थर से पत्थर रगड़ा जाएं तो चिंगारी निकले या न निकले, लेकिन चिंगारी की संभावना ही ज्वाला की तपन का एहसास करा जाती है। आए दिन घटना पर घटना घट रही है, घटनाएं भी ऐसी कि देखते-सुनते ही सारे बदन में कंपकपी आ जाए और आदमी असुरक्षा की भावना से भर जाए। कहते हैं कि समय हर एक जख्म को भर देता है। घटना दुर्घटना के मामले में भी यही होता है कि आदमी के चेतन और अवचेतन मन से वह भय निकल जाता है, जो उसे किसी समय चिंतातुर कर चुका हो।

कोई घटना कितनी ही गंभीर क्यों न हो, इसका असर सकल समाज पर क्षणिक रूप से ही दिखाई देता है। इसका एक कारण यह भी है कि आए दिन एक से बढ़कर एक लोमहर्षक घटनाओं की बाढ़ सी आने लगी है। बदलते समय के साथ-साथ अपराध करने के तरीके भी बदल गए हैं। अपराध की दुनिया में तकनीक का जमकर सहारा लिया जा रहा है। वैसे तो हर एक अपराध के लिए अलग-अलग स्तर की सजा का पर्याप्त प्रावधान है, लेकिन अपराध है कि थमने का नाम नहीं लेते। विलंबित न्याय भी अन्याय के प्रतिरूप में दिखाई देता है। इसके अनेक कारण है, जिसे आम आदमी शिद्दत से महसूस करने लगा है। वैसे इसके अलावा वह करें भी तो क्या ?

आखिर क्या कारण है कि अपराध करने के दौरान अपराधी को कानून का इतना डर नहीं होता जितना कि स्वाभाविक रूप से होना चाहिए ? माना कि कुछ अपराध परिस्थितिजन्य हुआ करते हैं। आक्रोश या भावावेश में भी अपराध घटित हो जाया करते हैं। लेकिन अलग-अलग तरह के अपराधों पर गौर करें, तो शायद सुनियोजित अपराध की ही अधिकता होगी। इसके मूल में अन्य कारणों के साथ-साथ दूषित राजनीति भी काफी हद तक जिम्मेदार है। अनेक मामले ऐसे भी आए हैं कि अपराधियों को राजनीतिक संरक्षण मिला होने के चलते कानून और व्यवस्था के परिपालन में व्यवधान आने लगा हो। धनबल और बाहुबल की महत्ता काफी हद तक स्थापित हो चुकी है।


इन तमाम हालातो में आम आदमी की यह लाचारी हो चली है कि वह परिस्थितियों से समझौता करके चले। यह स्थिति प्रकारांतर से अपराधियों के हौसले बढ़ा देने में मुख्य रूप से सहायक होने लगी है। आम आदमी छोटे-बड़े मामलों को सुलझाने के लिए केवल और केवल कानून और व्यवस्था पर ही निर्भर नहीं है। दरअसल उसके सामने हर छोटी-बड़ी उलझनों को सुलझाने के नए-नए विकल्प मौजूद है। जिसका सहारा लेकर वह अपनी समस्या के समाधान के प्रति निश्चिंतता का अनुभव कर सकता है। गहराई से देखा जाए तो यह स्थिति और अधिक चिंता का कारण बनती दिखाई देती है। इस समानांतर व्यवस्था पर अंकुश जरूरी है।

# 21 जून को मनेगा इंटरनेशनल योगा डे, दिल-दिमाग स्वस्थ रखने करें सूर्य नमस्कार

21 जून को हर साल इंटरनेशनल योगा डे सेलिब्रेट किया जाता है। इस दिन को मनाने का उद्देश्य दुनिया भर में योग की प्रेक्टिस के कई फायदों के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। योग के जरिए सांस्कृतिक एकता को बढ़ावा दिया जाता है। शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए योग फायदेमंद होता है। यह मन को भी शांति देता है। फिट रहने के लिए आप रोजाना सूर्य नमस्कार कर सकते हैं। सूर्य को नमन करने के लिए 12 मुद्राओं से मिलकर बने सूर्य नमस्कार के कई फायदे हैं। इन फायदों को जानकर आप भी इस आसन को करना शुरू कर देंगे।

**सूर्य नमस्कार के फायदे**

- हृदय स्वास्थ्य को बनाए रखने में मदद करता है।
- तंत्रिका तंत्र को उत्तेजित करता है।
- मांसपेशियों को खींचने, मोड़ने और टोन करने में मदद करता है
- वजन घटाने के लिए ये बेहतरीन है।
- इम्यून सिस्टम को मजबूत करता है।
- ओवर ऑल हेल्थ में सुधार करता है।
- इस आसन को करने से शरीर मजबूत बनता है और मन को आराम मिलता है।



कैसे करें सूर्य नमस्कार

**प्रणामासन-** प्रार्थना मुद्रा में दोनों पैरों को जोड़कर सीधे खड़े हो जाएं। अब गहरी सांस लें व छोड़ें और दोनों हाथों को आपस में जोड़ लें और शुरू करे। नमस्कार मुद्रा में रहते हुए ही हाथओं को उपर की ओर उठाएं और शरीर और दोनों हाथों को पीछे की ओर लेकर जाएं।

**हस्तउत्तनासन-** फिर दोनों हाथों को आगे की ओर लेकर आएं और सीधे खड़े हो जाएं। फिर दोनों हाथों से जमीन को छूएं और इस दौरान घुटनों को सीधा रखें और घुटनों को सिर से छूएं।

**पादहस्तासन-** अब दांए घुटने को मोड़ते हुए पावं पीछे की ओर लेकर जाएं। कुछ देर के लिए गर्दन को उपर की ओर उठाएं फिर इसी मुद्रा में बने रहें।

**अश्वसंचालासन-** अब दाएं पैर के साथ बाएं पैर को पीछे की ओर लेकर जाएं। इसमें दोनों पैरों की एड़ियों को जोड़कर शरीर को पुशअप की मुद्रा में ले आएं।

**अधोमुखश्वानासन-** अब दाएं पैर के साथ बाएं पैर को पीछे की ओर लेकर जाएं। इसे करने के लिए दोनों पैरों की एड़ियों को जोड़कर शरीर को पुशअप की मुद्रा में ले आएं।

**अष्टांगनमस्कारासन-** इसके लिए पेट के बल जमीन पर लेट जाएं। इस दौरान छाती से लेकर घुटनों तक सभर अंगों को जमीन से छूएं। फिर सांस लें और छोड़ें।

**भुजंगासन-** अब दोनों हथेलियों को जमीन से चिपका लें और गर्दन को उपर की ओर उठाएं। सिर को पीछे की ओर जितना हो उतना लेकर जाएं। अपनी सांस पर ध्यान केंद्रित करें।

**पर्वतासन-** इस आसन को करने के लिए अब शरीर को उपर की ओर उठाएं। हाथों और पैरों को जमीन से लगाकर रखें और कमर से शरीर को उपर उठाएं। ।

**दक्षिण अश्व संचालनासन-** इस योग मुद्रा को करते हुए बाएं घुटने को मोड़ लें और दाएं घुटने को पीछे की ओर लेकर जाएं। इस करते समय सिर उपर की ओर रखें।

17 जून पुण्यतिथि विशेष आलेख:

# बालासाहब देवरस: समाज एवं देशसेवा को जीवन समर्पित



हेमेन्द्र क्षीरसागर
(दैनिक अवन्तिका)

बालासाहब देवरस का बाला साहब नाम उन्हें उनके परिवार और करीबी लोगों द्वारा प्यार से दिया गया एक उपनाम था, जो उनके वास्तविक नाम मधुकर दत्तात्रेय देवरस के साथ जुड़ या। बाला साहब एक लोकप्रिय मराठी शब्द है जिसका उपयोग छोटे लड़कों या प्रियजनों के लिए किया जाता है। यह उनके मिलनसार और स्नेही स्वभाव को दशार्ता है। 11 दिसम्बर 1915 को नागपुर में जन्मे बाला साहब देवरस पार्वती बाई- कृष्णराव देवरस की आठवीं संतान थे। 1925 में बालसाहेब ने शाखा जाना प्रारम्भ कर दिया। स्थायी रूप से उनका परिवार मध्यप्रदेश के बालाघाट जिले के आमगांव के निकटवर्ती ग्राम कारंजा का था। अभीष्ट, बाला साहब की स्मृतियां, सेवा और आयाम से प्रतिबद्ध पावन भूमि में बाल-भाऊ देवरस न्यास संचालित है। न्यास आर्थिक विकास, खेती प्रचार व प्रशिक्षण, महिला बचत गट प्रशिक्षण केंद्र, फलोद्यान प्रशिक्षण कार्यक्रम, दुग्ध व्यवसाय प्रशिक्षण कार्यक्रम, शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र में अरोग्य चिकित्सा शिविरों का आयोजन जनकल्याण के निहितार्थ करता है।

**अनुपम सरस्वती शिशु मंदिर-** दौरान, उनकी सम्पूर्ण शिक्षा नागपुर में ही हुई। न्यू इंगलिश स्कूल मे उनकी प्रारम्भिक शिक्षा हुई। संस्कृत और दर्शनशास्त्र विषय लेकर मौरिस कालेज से बालसाहेब ने 1935 में बीए किया। दो वर्ष बाद उन्होंने विधि की परीक्षा उत्तीर्ण की। विधि स्नातक बनने के बाद बालसाहेब ने दो वर्ष तक अनाथ विद्यार्थी बस्ती गृह मे अध्यापन कार्य किया। इसके बाद उन्हें नागपुर मे नगर कार्यवाह का दायित्व सौंपा गया। 1965 में उन्हें सरकार्यवाह का दायित्व सौंपा गया जो 6 जून 1973 तक उनके पास रहा। श्री गुरूजी के स्वर्गवास के बाद 6 जून 1973 को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तृतीय सर संघचालक के दायित्व को ग्रहण किया। उनके कार्यकाल में संघ कार्य को नई दिशा मिली। उन्होंने सेवाकार्य पर बल दिया परिणाम स्वरूप उत्तर पूर्वांचल सहित देश के वनवासी क्षेत्रों के हजारों की संख्या में सेवाकार्य आरम्भ हुए। बालासाहब देवरस ने अपना जीवन समाज एवं देशसेवा को समर्पित कर दिया था। शिक्षा क्षेत्र में सबसे अग्रणी सरस्वती शिशु मंदिर योजना बालासाहब देवरस की ही अनुपम देन है।

**प्रसिद्धि से दूरी की वृत्ति –** समर्पित, डाक्टर जी का स्वास्थ्य अधिक खराब होने के चलते बालासाहब को 1940 में कलकत्ता से वापस बुला लिया गया । देशभर के विभिन्न स्थानों पर प्रचारक भेजने की जिम्मेदारी नागपुर शाखा की ही सर्वाधिक रहती थी। स्वयंसेवक को उस हेतु गढ़ना, किसे कहाँ भेजना यह जिम्मेदारी बाला साहब उत्तम रीति से संभालते थे। डाक्टर जी के निर्देश पर 1937 से 1940 के बीच गुरूजी संघ कार्य में पूरी तरह डूब गए थे। शाखा पर होने वाले गणगीत, प्रश्नोत्तर आदि की उन्होंने ही शुरूआत की। संघ के कार्यक्रमों में मां भारती, डां हेडगेवार तथा श्री गुरुजी के चित्र लगते हैं। बालासाहब के 1973 में संघ के तीसरे सर संघचालक बनने के बाद कुछ लोग उनका चित्र भी लगाने लगे पर उन्होंने इसे रोक दिया। यह उनकी प्रसिद्धि से दूर रहने की वृत्ति का ज्वलन्त उदाहरण है।

**संघ कार्य में नये आयाम-** साहसं, 1975 में संघ पर लगे प्रतिबन्ध का सामना उन्होंने धैर्य से किया। वे आपातकाल के पूरे समय पुणे की जेल में रहे; पर सत्याग्रह और फिर चुनाव के माध्यम से देश को इन्दिरा गांधी की तानाशाही से मुक्त कराने की इस चुनौती में संघ सफल हुआ। मधुमेह रोग के बावजूद 1994 तक उन्होंने यह दायित्व निभाया। इस दौरान उन्होंने संघ कार्य में अनेक नये आयाम जोड़े। इनमें सबसे महत्वपूर्ण निर्धन बस्तियों में चलने वाले सेवा के कार्य हैं। इससे वहाँ चल रही धर्मान्तरण की प्रक्रिया पर रोक लगी। स्वयंसेवकों द्वारा प्रान्तीय स्तर पर अनेक संगठनों की स्थापना की गई। बालासाहब ने वरिष्ठ प्रचारक देकर उन सबको अखिल भारतीय रूप दे दिया। स्वास्थ्य के कारण उन्होंने 1994 में सर संघचालक का दायित्व त्याग दिया था। अपूरणीय, बाला साहब देवरस का 17 जून 1996 को स्वगारोहण हुआ। प्रथम और द्वितीय सर संघचालकों का दाहसंस्कार स्वयंसेवकों ने नागपुर के रेशमबाग संघ कार्यालय में किया था। बालासाहब ने स्पष्ट कहा था कि उनका अंतिम संस्कार सामान्य व्यक्ति की भांति श्मशान में किया जाए और उनकी समाधि न बनाई जाए। उनकी पुण्यतिथि पर विनम्र शब्दांजलि! साभार जीवन प्रसंग!

## इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 5800 से 5900 विशाल 5800 से 5850 मसूर 6050 से 6100 महाराष्ट्र सफेद 7400 से 7600 महाराष्ट्र लाल 7700 से 7900 कर्नाटक 8000 से 8200 निमाड़ी नई यह तुअर 6000 से 7500 मूंग बेस्ट गर्मी 7600 से 7700 मूंग नी बेस्ट बोल्ड 8200 से 8500 मीडियम बोल्ड 7600 से 7800 में एवरेज गर्मी 7000 से 7200 मोगर 5500 से 6500 उड़द बोल्ड 8500 से 8700 उड़द गर्मी 7700 से 8300 हल्का - उड़द 4000 से 6000 काबुली डॉलर 7400 से 8500 काबुली रशियन 5800 से 6000 बिटकी 5000 से 5300 सरसों (मीडियम) 7300 से 7500 निमाड़ी 7500 से 7600 रायडा 6400 से 6600 करंज 5000 से 5200 सोयाबीन 7200 से 7400 अलसी 8500 से 9000 तिल्ली 8000 से 9000 गेहूं मिल क्वालिटी 2500 से 2550 लोकवन 2750 से 2800 पूर्णा 2550 से 2600 मालवराज 2600 से 2650 मक्का 1975 से 2000 चना दाल 7100 से 7200 मीडियम 7300 से 7400 बेस्ट 7600 से 7800 तुअर दाल 7600 से 7800 मीडियम 8800 से 9000 बेस्ट 10200 से 10400 रुपए।

## आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 700 से 800 ज्योति राशन आलू 500 से 600 गुल्ला 300 से 400 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1200 से 1300 पुराना 800 से 1000 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 300 से 400 प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एक्स्ट्रा सुपर 12500 से 13000 देशी 10000 से 11000 एवरेज 8000 बारिक 4000 रुपए क्विंटल।

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 1450-2850, चना देशी- 4999-5760, डालर चना- 4400-7990, उड़द- 7621, मूंग- 7576, सोयाबीन- 1215-8900, मैथीदाना- 1340, सरसो- 6500, धनिया- 10930-13306, बटला- 2860, मसूर- 6201, मावा- 300 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना-स्टेन्डर्ड- 1,48,800 रवा- 1,48,700 चांदी-टंच- 2,48,500 पाट- 2,47,500।

## उज्जैन किराना

**अशोक कुमार भगवानदास**

**152 फवारा चौक उज्जैन**

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130, तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120,उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

editor.awantika@gmail.com



## नव प्रवेशी स्कूली बच्चों का किया स्वागत मीनू अनुसार खिलाई खीर पूरी

**महिदपुर रोड।** जन शिक्षा केंद्र के शासकीय प्राथमिक विद्यालय बरुखेडी में मंगलवार को कक्षा पहली में प्रवेश लेने वाले नव प्रवेशी स्कूली छात्र-छात्राओं को उनके पहले दिन स्कूल आगमन पर पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया गया विद्यालय की शिक्षिका संगीता राठौर की जानकारी देते हुए बताया मध्यान्ह भोजन में स्कूली बच्चों को मीनू अनुसार मंगलवार को खीर पूरी बना कर खिलाई गई। इस दौरान स्कूली बच्चों के पेरेंट्स भी उपस्थित रहे स्कूली बच्चों ने भोजन मंत्र के साथ खीर पूरी का भोजन ग्रहण किया स्कूली बच्चों ने विद्यालय की बड़ी मेम के शीघ्र स्वस्थ होकर विद्यालय में शीघ्र लौटने की भगवान से प्रार्थना की। ग्राम पंचायत के सरपंच निर्मला भरत जाट ने बताया गांव के शासकीय प्राथमिक तथा माध्यमिक विद्यालय में स्कूली छात्र-छात्राओं को उत्कृष्ट शिक्षा विद्यालय में पदस्थ शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा दी जाती है।

## सांदीपनि स्कूल में नवप्रवेशी छात्रों का स्वागत:'स्कूल चले हम' अभियान के तहत तिलक लगाकर अभिनंदन किया



**अकोदिया।** प्रदेश सरकार के 'स्कूल चले हम' अभियान के तहत मंगलवार को अकोदिया के डॉ. भीमराव अंबेडकर सांदीपनि विद्यालय, गुलाना में नवप्रवेशी विद्यार्थियों का स्वागत किया गया। शिक्षकों ने तिलक लगाकर और पुष्प भेंट कर छात्रों का अभिनंदन किया। इस दौरान विद्यार्थियों और अभिभावकों को शिक्षा के महत्व और विद्यालय की सुविधाओं की जानकारी दी गई। नए शिक्षा सत्र के पहले दिन विद्यालय में नवप्रवेशी विद्यार्थियों का पारंपरिक तरीके से स्वागत किया गया। शिक्षकों ने तिलक लगाकर और पुष्प भेंट कर बच्चों का अभिनंदन किया। विद्यालय के स्नेहपूर्ण माहौल से बच्चों में उत्साह दिखाई दिया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों और अभिभावकों को शिक्षा के महत्व, नियमित उपस्थिति और विद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी दी गई। शिक्षकों ने विद्यार्थियों को मन लगाकर अध्ययन करने और शिक्षा के माध्यम से बेहतर भविष्य बनाने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय के प्राचार्य गोपाल कृष्ण शर्मा ने बताया कि नए शिक्षा सत्र के लिए प्रवेश प्रक्रिया जारी है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष छात्रों की रुचि और भविष्य की संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए कॉमर्स और एग्रीकल्चर संकाय में विशेष अवसर उपलब्ध कराए गए हैं। विद्यालय में पहले से मैथ्स और बायोलॉजी विषयों की भी सुविधा उपलब्ध है।

## महिला को परेशान करने पर केस दर्ज, ग्रामीणों ने आरोपी को पीटा, पुलिस ने बचाया

**बदनावर।** बदनावर के ग्राम ढोलाना में एक विवाहित महिला को परेशान करने के आरोप में एक मेडिकल दुकान संचालक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। आरोपी की पहचान बड़नगर निवासी सद्दाम हुसैन के रूप में हुई है। महिला ने सोमवार सुबह बदनावर थाने में सद्दाम हुसैन के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। रिपोर्ट के अनुसार, आरोपी गांव में एमजी मेडिकल की दुकान चलाता है और अक्सर उसे बुरी नियत से घूरता और अश्लील इशारे करता था। महिला ने पहले इन हरकतों पर ध्यान नहीं दिया था। सोमवार सुबह जब महिला के पति और ससुर काम के लिए गांव से बाहर गए थे और वह घर पर अकेली थी, तब आरोपी ने एक लड़की के माध्यम से उसे एक कागज भेजा। इस कागज में आरोपी ने प्रेम का इजहार करते हुए बात करने की इच्छा जताई थी और 'आई लव यू' लिखा था। इससे महिला घबरा गई और उसने कागज फाड़ दिया। महिला के रोने की आवाज सुनकर पड़ोसी इकट्ठा हुए, जिन्हें उसने घटना के बारे में बताया। पड़ोसियों ने तुरंत आरोपी की दुकान पर जाकर उसे डांटा और महिला के पति और ससुर को सूचित किया। उनके आने पर थाने में आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई।

## ताला तोड़कर नकदी और सामान ले उड़े बदमाश

**सीहोर।** ब्रह्मपुरी कॉलोनी में अज्ञात चोरों ने एक सूने मकान को निशाना बनाया है। चोरों ने ताला तोड़कर हजारों रुपये की नकदी और कीमती सामान चुरा लिया। इसके साथ ही, वे पास में खड़ी एक मोटरसाइकिल भी चुरा ले गए। चोरी की यह पूरी घटना वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। घटना मोबाइल दुकान संचालक नितिन जोशी के मकान में हुई है। घर को सूना देखकर अज्ञात चोरों ने ताला तोड़ा और अंदर प्रवेश किया। इसके बाद उन्होंने इत्मीनान से अलमारी खंगाली और उसमें रखे हजारों रुपये मूल्य के कीमती सामान और नकदी पर हाथ साफ कर दिया। मकान के अंदर चोरी की वारदात को अंजाम देने के बाद चोरों ने बाहर भी हाथ मारा। उन्होंने मकान के पास ही खड़ी एक अन्य नागरिक की मोटरसाइकिल चुरा ली। इसके बाद वे चोरी के माल और उसी बाइक के साथ मौके से फरार हो गए। चोरी की यह पूरी वारदात क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों में रिकॉर्ड हो गई है। फुटेज में चोरों की संदिग्ध गतिविधियां स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही हैं। घटना की शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है


**दैनिक अवन्तिका**

**अखबार की निम्न स्थानों पर एजेंसी बदलना है**

बेरछा, चौमा डाक बंगला, हाटपिपलिया, कालापीपल, खेड़ा खजूरिया, माचलपुर, खिलचीपुर, मड़ावदा, मेघनगर, माकड़ोन, नरसिंहगढ़, बुरहानपुर, पेटलावद, झाबुआ रानापुर, मनावर, सुवासरा, सोयतकलां में एजेंसी देना है।

सम्पर्क करें

दैनिक अवन्तिका कार्यालय
2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन
0734-4041777, मोबा. 9977755777


देवास की भागवत कथा में चोरी के बाद खुलासा

# लग्जरी कार से कथाओं में जाकर चेन उड़ाती थी दिल्ली की लेडी गैंग, भोपाल से गिरफ्तार

दैनिक अवन्तिका ▶▶ देवास

देवास में भागवत कथा के दौरान महिला की सोने की चेन चोरी की जांच में पुलिस ने धार्मिक आयोजनों को निशाना बनाने वाले अंतरराज्यीय चेन स्नेचिंग गिरोह का पदार्फाश किया है।

गिरोह के सभी 7 सदस्यों को भोपाल से गिरफ्तार किया गया है। इनमें 4 महिलाएं और 3 पुरुष शामिल हैं। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 156 ग्राम वजनी 9 सोने की चेन, एक लग्जरी कार, 6 मोबाइल फोन और नकदी सहित करीब 50 लाख रुपए का माल बरामद किया है।

देवास एसपी पुनीत गेहलोत ने बताया कि 10 जून को मंडी व्यापारी एसोसिएशन धर्मशाला में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के दौरान सरोज अग्रवाल की सोने की चेन चोरी हो गई थी। शिकायत के बाद पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी साक्ष्य जुटाए।

जांच में सामने आया कि वारदात के बाद आरोपी पहले करीब 500 मीटर पैदल चले, फिर ऑटो से दो किलोमीटर दूर हाइवे पहुंचे, जहां उनकी लग्जरी कार खड़ी थी। इसके बाद वे शहर छोड़कर निकल गए।



### भीड़ बढ़ते ही करती थीं वारदात

पुलिस के अनुसार गिरोह की महिला सदस्य कथा, प्रवचन, शोभायात्रा और मेलों में आम श्रद्धालु बनकर शामिल होती थीं। आरती और प्रसाद वितरण के दौरान भीड़ बढ़ते ही महिलाओं के गले से चेन पार कर देती थीं। गिरोह के पुरुष सदस्य रेकी, परिवहन और चोरी का माल ठिकाने लगाने का काम संभालते थे। लग्जरी कारों से सफर करने के कारण आयोजनों में उन पर किसी को शक भी नहीं होता था।

### एक सप्ताह में 5 शहरों में 9 वारदातें

प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया है कि गिरोह ने 3 से 10 जून के बीच आगरा, ग्वालियर, शिवपुरी, भेड़ाघाट (जबलपुर) और देवास में 9 से अधिक वारदातों को अंजाम दिया। आरोपियों के मोबाइल फोन से देशभर में होने वाले धार्मिक आयोजनों की सूची भी मिली है।

पुलिस अब अन्य राज्यों की एजेंसियों के साथ यह जानकारी साझा कर रही है। गिरोह की सरगना जया पति शिवराज (55) है। सभी आरोपी मूल रूप से तमिलनाडु के निवासी हैं और दक्षिण दिल्ली के मदनगीर क्षेत्र में रह रहे थे।

**भीड़भाड़ वाले स्थानों पर बरतें सावधानी**

धार्मिक और सामाजिक आयोजनों में भारी भीड़ का फायदा उठाकर ऐसे बाहरी गिरोह सक्रिय हो जाते हैं। हमारी श्रद्धालुओं से अपील है कि वे भीड़भाड़ वाले स्थानों पर महंगे आभूषण पहनने से बचें और अपने सामान के प्रति खुद भी विशेष सतर्कता बरतें।

-पुनीत गेहलोद, एसपी, देवास

## वानर सेवा की अनूठी मिसाल: अधिवक्ता सोलंकी 8 वर्षों से करा रहे वानरों को भोजन

दैनिक अवन्तिका ▶▶ महिदपुर

नगर के वरिष्ठ अधिवक्ता एवं पूर्व शासकीय अधिवक्ता नरेंद्र सोलंकी पिछले लगभग आठ वर्षों से वानरों की सेवा का अनूठा कार्य कर रहे हैं। वर्ष 2018 में शुरू हुई उनकी यह सेवा आज भी निरंतर जारी है और नगरवासियों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बनी हुई है।

जानकारी के अनुसार जुलाई 2018 में श्री सोलंकी गंगावाड़ी मेला ग्राउंड मार्ग से गुजर रहे थे। इसी दौरान उनकी नजर वहां मौजूद वानरों की एक टोली पर पड़ी। उन्होंने सहज भाव से वानरों को केले, चने एवं अन्य खाद्य सामग्री खिलाई। उस दिन के बाद उनके मन में वानरों के प्रति विशेष लगाव उत्पन्न हुआ और वे प्रतिदिन मेला ग्राउंड जाकर उन्हें भोजन कराने लगे।

कुछ समय बाद जब उनका निवास नगर के बाहरी क्षेत्र स्थित आदिनाथ कॉलोनी में हुआ, तब लगभग 20 से 25 वानरों की टोली उनके घर के आसपास पहुंचने लगी। श्री सोलंकी ने इन वानरों को प्रभु हनुमान का स्वरूप एवं उनकी वानर सेना मानते हुए नियमित रूप से भोजन कराना प्रारंभ कर दिया। समय के साथ वानरों की संख्या बढ़कर लगभग 35 तक पहुंच गई। विशेष बात यह है कि जब भी श्री सोलंकी आदिनाथ कॉलोनी स्थित भेरू मंदिर पहुंचते हैं, वानरों की टोली भी वहां एकत्रित हो जाती है। वे प्रेमपूर्वक उन्हें कपिराज, वानरराज और मारुति जैसे नामों से पुकारते हैं। उनके बुलाने पर वानर भी उनके आसपास आ जाते हैं। श्री सोलंकी प्रतिदिन वानरों को तोस, बिस्कुट, फल, सब्जियां, रोटियां, चने एवं अन्य खाद्य सामग्री खिलाते हैं। इस सेवा कार्य में प्रतिदिन लगभग 300 से 400 रुपये का व्यय आता है।



सोलंकी का यह सेवा कार्य इसलिए भी प्रेरणादायक है क्योंकि एक दुर्घटना में उनके एक हाथ का पंजा चला गया था। इसके बावजूद उन्होंने जीवन में कभी हार नहीं मानी। वे आज भी अपनी वकालत की प्रैक्टिस कर रहे हैं, कार एवं मोटरसाइकिल चलाते हैं तथा उसी समर्पण और उत्साह के साथ वानरों की सेवा भी कर रहे हैं। शारीरिक चुनौती उनके सेवा भाव के आड़े नहीं आई।

नगरवासियों का कहना है कि जिस समय श्री सोलंकी भोजन लेकर पहुंचते हैं, उसी समय वानरों की टोली भी वहां दिखाई देने लगती है। वर्षों से बने इस आत्मीय संबंध ने मनुष्य और वन्यजीवों के बीच एक अनोखा जुड़ाव स्थापित कर दिया है।

आज जहां अधिकांश लोग कुत्ते, बिल्ली, कबूतर, खरगोश, गाय अथवा बकरी जैसे पशु-पक्षियों की देखभाल करते हैं, वहीं श्री नरेंद्र सोलंकी ने अपने प्रेम, सेवा और समर्पण से मानो स्वयं की एक वानर सेना बना ली है। उनके सेवा कार्य से प्रभावित होकर अब नगर के अनेक लोग भी मेला ग्राउंड एवं अन्य स्थानों पर वानरों को भोजन कराने पहुंच रहे हैं।

सोलंकी का यह कार्य केवल जीव-दया का उदाहरण नहीं है, बल्कि समाज को करुणा, सेवा और सह-अस्तित्व का संदेश भी देता है। नगर के अनेक नागरिकों का मानना है कि उनका यह सेवा भाव महिदपुर के लिए गौरव का विषय है तथा आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत भी।

## नाबालिग से छेड़छाड़ का आरोपी 14 दिन बाद गिरफ्तार, भेजा जेल

दैनिक अवन्तिका ▶▶ महिदपुर

थाना महिदपुर पुलिस ने नाबालिग बालिका से छेड़छाड़ एवं धमकी देने के मामले में 14 दिनों से फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार 14 वर्षीय नाबालिग बालिका ने थाना महिदपुर में शिकायत दर्ज कराई थी कि 1 जून 2026 को आरोपी सोहेल पिता शाहिद खां निवासी किलकिलपुरा बैरजाली उसके घर के पीछे आया और बुरी नियत से उसका हाथ पकड़ लिया। इसी दौरान पीड़िता की मां मौके पर पहुंच गई, जिसके बाद आरोपी वहां से भाग गया तथा जाते-जाते जान से मारने की धमकी भी दी। मामले में पुलिस ने अपराध क्रमांक 215/2026 दर्ज कर विभिन्न धाराओं एवं पॉक्सो एक्ट के तहत प्रकरण कायम कर विवेचना शुरू की थी। आरोपी घटना के बाद से लगातार फरार चल रहा था।


**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि मेरे पक्षकार ने भूमिस्वामीगण हरिलाल राजोरिया पिता सालगराम जी राजोरिया और गोपाल परमार पिता गोवर्धन जी परमार के संयुक्त स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि आराजी सर्वे नंबर 215 (S), क्षेत्रफल 0.6000 हेक्टेयर, स्थित ग्राम चौसला तहसील घटिया जिला उज्जैन में है, उक्त संपत्ति को क्रय करने का विक्रय सौदा कर लिया है तथा आंशिक बयाना राशि अदा कर दी है शेष राशि अदा कर ई विक्रय पत्र का पंजीयन कराया जाना है।

अतः उक्त वर्णित संपत्ति पर किसी भी बैंक, पेढी, निगम, वित्तीय संस्था आदि का कोई ऋण, भार, बकाया हो, उक्त वर्णित संपत्ति में किसी अन्य का कोई हक, हित, हिस्सा व सुखाधिकार हो या इस विक्रय बाबत किसी को कोई आपत्ति आदि हो तो वह इस जाहिर सूचना से 7 (सात) दिवस के अंदर अपनी आपत्ति मय लैखी प्रमाण सहित मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करे ताकि उसका उचित निराकरण किया जा सके अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त वर्णित संपत्ति के विक्रय पत्र निष्पादित व पंजीयन करवा लेवेगे व किसी की कोई आपत्ति आदि मान्य नहीं होगी। सो सूचित हो।

**गौरव गौदावत (जैन), एडव्होकेट**
**दुकान नंबर - डीएफ-7, भरतपुरी शांपिंग काम्पलेक्स, देवास रोड़ उज्जैन**
**मोबाईल नंबर- 99260-68606**

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि मेरे पक्षकार ने विक्रेता हरिसिंह पिता भूवानसिंहजी जाति राजपूत, उम्र 68 वर्ष व्यवसाय कृषि निवासी ग्राम शक्करखेडी तहसील झारडा अनुभाग महिद्पुर जिला उज्जैन के स्वामित्व स्वत्व एवं प्रत्यक्ष आधिपत्य की ग्राम शक्करखेडी तहसील झारड़ा अनुभाग महिद्पुर जिला उज्जैन स्थित कृषि भूमि सर्वे नम्बर 45 रकबा 1.85 हैक्टयर कृषि भूमि को कय करने का सौदा किया होकर बयाना राशि अदा कर दी है, तथा अनुबंध पत्र भी निष्पादित करवा लिया है, तथा शेष राशि अदा कर विक्रय पत्र का पंजीयन करवाया जाना शेष है। यदि उक्त कृषि भूमि में कोई भी व्यक्ति, संस्था आदि कोई अपना हित व हिस्सा रखता हो या उक्त भूमि पर किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक अथवा सरकारी, सहुकारी या किसी विभाग या वित्तिय संस्था अथवा सोसायटी का कोई ऋण भार हो तो ऐसे सम्बंधित विभाग / व्यक्ति इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय में आकर प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करे, ताकि उसका निराकरण किया जा सके। अन्यथा बाद अवधि मेरा पक्षकार उक्त विक्रेतागण से उक्त कृषि भूमि का रजिस्टर्ड विक्रय पत्र का पंजीयन करवा लेवेगा, तथा कोई आपत्ति मान्य नही होगी। सो सूचित हो। इति दिनांकः-16-06-2026

**अतुल लश्करी एडव्होकेट**
**कार्यालय 9, लक्ष्मीबाई पथ, छीपा बाखल, महिदपुर जिला उज्जैन म.प्र.**
**मो.न. 9669443020**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि मेरे पक्षकार ने भूमिस्वामीगण 1 जितेन्द्र गौड पिता श्री गिरधारी निवासी- निपानिया गोयल, घटिया नजरपुर, जिला उज्जैन 2- महेश पिता श्री गिरधारी, निवासी-निपानिया गोयल, घटिया नजरपुर, गंज 3- श्रीमती गोरी बाई पति बापुलाल, निवासी- ग्राम उडसिंगा, खर्साङ्कलन, उज्जैन 4- श्रीमती मंजू पति श्री राकेश निवासी 99/1, कंथार खेडी, अस्लवाडा, उज्जैन 5-श्रीमती राजू बाई पति श्री हीरालाल निवासी निपानिया गोयल, घटिया नजरपुर, गंज 6- प्रभु पिता श्री हीरा, निवासी- निपानिया गोयल, घटिया नजरपुर, गंज 7- श्रीमती नेनी बाई पति श्री गिरधारी, निवासी- निपानिया गोयल, घटिया नजरपुर, गंज 8- श्रीमती बामनी बाई बंजारा, निवासी- ग्राम सुल्तानपुरा, पोस्ट पालडा तहसील आगर, शाजापुर के स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि आराजी सर्वे नंबर 154/1 रकबा 0.3900 हैक्टर स्थित ग्राम निपानिया गोयल तहसील घटिया जिला उज्जैन में है, उक्त संपत्ति को क्रय करने का विक्रय अनुबंध कर लिया है तथा बयाना राशि अदा कर दी है शेष राशि अदा कर ई विक्रय पत्र का पंजीयन कराया जाना है।

अतः उक्त वर्णित संपत्ति पर किसी भी बैंक, पेढी, निगम, वित्तीय संस्था आदि का कोई ऋण, भार, बकाया हो, उक्त वर्णित संपत्ति में किसी अन्य का कोई हक, हित, हिस्सा व सुखाधिकार हो या इस विक्रय बाबत किसी को कोई आपत्ति आदि हो तो वह इस जाहिर सूचना से 7 (सात) दिवस के अंदर अपनी आपत्ति मय लैखी प्रमाण सहित मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करे ताकि उसका उचित निराकरण किया जा सके अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त वर्णित संपत्ति के विक्रय पत्र निष्पादित व पंजीयन करवा लेवेगे व किसी की कोई आपत्ति आदि मान्य नहीं होगी। सो सूचित हो।

इति दिनांक 16-06-2026 स्थान उज्जैन

**गौरव गौदावत (जैन), एडव्होकेट**
**दुकान नंबर- डीएफ-7, भरतपुरी शांपिंग काम्पलेक्स, देवास रोड़ उज्जैन मोबाईल नंबर- 99260-68606**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार कैलाशचन्द्र पिता कनीरामजी जाति दमामी निवासी सलवा रोड खरसोदकला ह०मु०डी 351 रतलाम मध्य प्रदेश होकर मेरे पक्षकार का एक किता मकान ग्राम खरसोदकला में 50 बाय 25 फिट लंबाई चौडाई मे होकर 2 मंजीला आर सी सी पक्का बना हुआ है जो कि बाप दादाओ की पैत्रिक सम्पत्ति है उक्त मकान मे मेरे पक्षकार का हिस्सा 1/5 है उक्त मकान मे तल मंजील पर निचे 5 कमरे है तथा लेट बाथ बनी हुई है और उपर 2 मंजील पर 3 कमरे व लेट बाथ बने हुए है तथा उपर चद्दर का शेड है मकान की चुर्तःसीमा पुर्व मे गली पश्चिम मे सलवा रोड उत्तर हिराललाजी माली का मकान तथा दक्षिण मे खुला प्लाट गौरी शंकर पटेल का होकर उक्त मकान बाप दादाओ का होकर पैत्रिक सम्पत्ति है और उक्त मकान मे मेरा पक्षकार सामिल शरीक निवास करता है और उक्त मकान पुर्व मे कच्चा बना हुआ है जिसका नव निर्माण किया गया है और उसमे मेरे पक्षकार ने हिस्सा 1/5 खर्चा किया है उक्त मकान को मेरे पक्षकार का भाई कृष्णलाल पिता कनीरामजी दमामी निवासी खरसोदकला द्वारा अन्य व्यक्ति को विक्रय कर रहा है जिसे कोई कय नही करे उसमे मेरे पक्षकार का हिस्सा निहीत है ।

अतः सर्व साधारण को भी सुचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार कैलाशचन्द्र के स्वामित्व एवं आधिपत्य के मकान मे हिस्सा 1/5 है इस कारण उक्त कृष्णलाल पिता कनीरामजी जाति दमामी से उक्त मकान का सम्पूर्ण भाग कोई खरीद आदि न करे और यदि किया तो उसकी सम्पूर्ण जवाबदारी आप स्वयं की होगी तथा सक्षम न्यायालय मे दावा दायर करना पडेगा उस दशा मे मेरे पक्षकार के होने वाले सम्पूर्ण हर्जे खर्चे की जवाबदारी भी आप की होगी।

दिनांक- 16/06/2026

**पन्नालाल त्रिवेदी एडव्होकेट**
**बडनगर जिला उज्जैन (म.प्र.)**
**मोबाईल नं. 9575709885**


## मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज करेंगे सामाकोटा बांध का लोकार्पण

**महिदपुर।** महिदपुर विधानसभा क्षेत्र के सामाकोटा मध्यम परियोजना बांध के लोकार्पण कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर भाजपा नगर मंडल की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश धाकड़, पूर्व विधायक बहादुरसिंह चौहान सहित पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के 17 जून को प्रस्तावित महिदपुर आगमन एवं सामाकोटा बांध के लोकार्पण कार्यक्रम को सफल बनाने पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष राजेश धाकड़ ने कहा कि प्रदेश सरकार विकास कार्यों को निरंतर गति दे रही है और सामाकोटा बांध क्षेत्र के किसानों एवं आमजन के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि साबित होगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए व्यापक जनसंपर्क कर अधिक से अधिक संख्या में लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करने का आह्वान किया। पूर्व विधायक बहादुरसिंह चौहान ने भी कार्यकर्ताओं से मुख्यमंत्री के आगमन पर बड़ी संख्या में उपस्थित रहने की अपील करते हुए कहा कि यह परियोजना क्षेत्र के विकास और सिंचाई सुविधाओं को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उन्होंने कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर सभी कार्यकर्ताओं से सक्रिय सहभागिता का आग्रह किया। बैठक में विभिन्न व्यवस्थाओं एवं कार्यक्रम की रूपरेखा पर चर्चा की गई तथा सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को आवश्यक जिम्मेदारियां सौंपी गईं। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## आकांक्षा ने जीता गोल्ड, भारतीय टीम में चयन:भारत का प्रतिनिधित्व




**देवास।** देवास की जूडो खिलाड़ी आकांक्षा श्रीवास्तव ने चंडीगढ़ में आयोजित राष्ट्रीय जूडो चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया है। इस उपलब्धि के साथ उनका चयन जॉर्डन की राजधानी अम्मान में आयोजित होने वाली एशियन जूडो कैडेट चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम में किया गया है। अब आकांक्षा इस प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। उनकी इस सफलता से देवास सहित पूरे मध्य प्रदेश में खुशी का माहौल है। देवास जिला जूडो संघ के सचिव एवं कोच आतिश माली ने बताया कि आकांक्षा की यह उपलब्धि जिले के युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणादायी है। उन्होंने कहा कि लगातार मेहनत, अनुशासन और समर्पण के बल पर आकांक्षा ने यह मुकाम हासिल किया है। आतिश माली के अनुसार, एशियन जूडो कैडेट चैंपियनशिप में भाग लेने वाली आकांक्षा श्रीवास्तव मध्य प्रदेश की दूसरी जूडो खिलाड़ी हैं। इससे पहले प्रदेश से केवल एक खिलाड़ी को ही इस स्तर की प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिला था। आकांक्षा अब तक 10 से अधिक राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में हिस्सा ले चुकी हैं और कई पदक अपने नाम कर चुकी हैं। उनके चयन से जिले के खेल प्रेमियों और खिलाड़ियों में उत्साह का माहौल है।


In The Court Of III Civil Judge Class-I, District Court, Ujjain Presiding Officer:
**श्रीमती सोनाक्षी चतुर्वेदी शर्मा**
**आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम सक्सेशन प्रकरण क्रमांक )**
(MJC SUC/0000003/2026)
**श्रीमती मधुलिका कुमावत--- आवेदक**
**Vs**
**सर्वसाधारण---- अनावेदक**
Process Id-/2026
**पेशी दिनांकः 25/06/2026**

**प्रेषिती**
(1) सर्वसाधारण पता- सर्वसाधारण
(2) आम जनता

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका क्रं. 1 श्रीमती मधुलिका कुमावत पति श्री मोहनलाल कुमावत पुत्री स्व. नरेन्द्र कुमार कुमावत, आयु-53 वर्ष, व्यवसाय-गृहणी, निवासी-प्रकोष्ठ क्रं.142 ऑवर-1 जी सी एमेराल्ड हाईटस रामप्रस्थ ग्रीन सेक्टर-7 वैशाली गाजियाबाद उ.प्र. आदि-8 की ओर से इस न्यायालय के समक्ष एक आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम सहपठित धारा 151 सिविल प्रक्रिया संहिता के अधीन आवेदकगण क्रं. 1 लगायत 06 के पिता स्व. श्री नरेन्द्र कुमार कुमावत पिता स्व. श्री गंगाराम कुमावत एवं माता स्व. श्रीमती अनंदीदेवी कुमावत पति श्री नरेन्द्र कुमावत एवं आवेदक क्रं. 7 एवं 9 (मुख्त्यारनामआम) के सास ससुर एवं आवेदक क्रं.8 के नाना नानी थे जिनका स्वर्गवास क्रमशः दिनांक 25/12/2020 को एवं दिनांक 07/01/2017 को हो चुका है। स्व. श्री नरेन्द्र कुमार कुमावत पिता स्व. श्री गंगाराम कुमावत एवं माता स्व. श्रीमती अनंदीदेवी कुमावत पति श्री नरेन्द्र कुमावत की एक अन्य संतान श्रीमती एकतासिंह पति राजसिंह हाडा का स्वर्गवास दिनांक 17/02/2018 को हो चुका है आवेदक क्रं. 7 स्व. श्रीमती एकतासिंह के पति राजसिंह हाडा पिता श्री एस आर वर्मा है एवं आवेदक क्रं. 8 प्रद्युम्न सिंह पिता श्री राजसिंह हाडा श्रीमती एकता सिंह का पुत्र होकर श्रीमती एकतासिंह के उत्तराधिकारी है, स्व. नरेन्द्र कुमार एवं स्व. श्रीमती अनन्दी देवी द्वारा अपने जीवनकाल में भारतीय स्टेट बैंक शाखा नयापुरा उज्जैन में एक बैंक लॉकर क्रमांक 35 है जिसका संचालन उनके द्वारा अपने जीवनकाल में किया जाता था उक्त लॉकर में जमा रकम एवं गहने व आभुषण रखे है, उक्त लॉकर खाते में उत्तराधिकारी नॉमिनी के रुप में किसी का नाम दर्ज नहीं किया गया है। आवेदकगण स्व. श्री नरेन्द्र कुमार कुमावत पिता स्व. श्री गंगाराम कुमावत एवं माता स्व. श्रीमती अनंदीदेवी कुमावत पति श्री नरेन्द्र कुमावत के वैध उत्तराधिकारी है। आवेदकगण क्रं.1 लगायत 8 के अपने व्यवसाय में तथा अपने-अपने परिवार की देख रेख व जिम्मेदारियों में व्यस्त रहने के कारण से आवेदक क्रं. 9 दीपक शहापुरकर पिता स्व. श्री अशोक शहापुरकर को संयुक्त रुप से समस्त न्यायालयीन कार्य हेतु मुख्त्यारनामआम नियुक्त किया गया है। आवेदकगण ने मृतक स्व. श्री नरेन्द्र कुमार कुमावत पिता स्व. श्री गंगाराम कुमावत एवं माता स्व. श्रीमती अनंदीदेवी कुमावत पति श्री नरेन्द्र कुमावत निवासी-उज्जैन की उक्त बैंक के उपरोक्त लॉकर में जमा रकम एवं आभूषण/राशि/संपत्ति हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 25 जून 2026 को नियत है।

यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक होने सम्बन्धी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 25 जून 2026 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें। सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा।

यह आज तारीख 26 मई 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

**श्रीमती सोनाक्षी चतुर्वेदी शर्मा**
**तृतीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड, उज्जैन (म.प्र.)**

**कृपया ध्यान दे-** 1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्य दिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

## दतिया में दलित युवक से मारपीट, चार आरोपी गिरफ्तार

**दतिया।** दतिया शहर के भांडेरी फाटक क्षेत्र में एक दलित युवक के साथ बीच सड़क पर लाठी-डंडों से मारपीट करने के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। घटना का वीडियो सामने आने के बाद मामला चर्चा में आ गया था। वीडियो में तीन युवक और एक नाबालिग पीड़ित को उसके घर के बाहर घेरकर बेरहमी से मारते हुए दिखाई दे रहे थे। मामले की गंभीरता को देखते हुए कोतवाली पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की और मंगलवार को सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आरोपियों का पीतांबरा चौराहे पर जुलूस निकालते हुए न्यायालय में पेश किया। भांडेरी फाटक क्षेत्र में हुई मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आने के बाद यह मामला चर्चा का विषय बन गया। वीडियो में कुछ युवक एक युवक को घेरकर लाठी-डंडों से पीटते नजर आ रहे थे। वीडियो वायरल होने के बाद लोगों ने आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की थी। कोतवाली पुलिस के अनुसार भांडेरी फाटक बंगर की हवेली निवासी 24 वर्षीय करन वाल्मीकि ने मामले की शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में बताया गया है कि 10 जून की सुबह अग्रसेन इंडेन गैस एजेंसी की सिलेंडर वितरण गाड़ी के कर्मचारियों से उसका विवाद हुआ था। इसी विवाद के बाद दोपहर करीब एक बजे कुछ लोग उसके घर पहुंच गए। एफआईआर में पीड़ित ने यह भी आरोप लगाया है कि मारपीट के दौरान आरोपियों ने उसके खिलाफ जातिसूचक और अपमानजनक शब्दों का इस्तेमाल किया। इस कारण मामले में संबंधित कानूनी धाराओं को भी शामिल किया गया है।

## महाकुंभ की वायरल गर्ल को जान से मारने की धमकी

**महेश्वर।** मध्य प्रदेश की रहने वाली महाकुंभ की वायरल गर्ल ने अपनी और पति फरमान खान की सुरक्षा को लेकर पुलिस से गुहार लगाई है। सोशल मीडिया पर जारी वीडियो में उसने अपनी जान को खतरा बताते हुए मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश और केरल पुलिस से सुरक्षा की मांग की है। वीडियो में वायरल गर्ल कहती है, दुनिया में कौन शादी नहीं करता? मैंने किसी जानवर से शादी नहीं की है, बल्कि एक इंसान से की है। मैं किसी हिंदू-मुस्लिम के भेदभाव को नहीं मानती, मेरे लिए सभी धर्म एक समान हैं। फिर हमें इस तरह की प्रताड़ना और धमकियां क्यों दी जा रही हैं? वीडियो में वायरल गर्ल डरी हुई नजर आ रही है। उसने मोबाइल स्क्रीन दिखाते हुए आरोप लगाया कि एक अज्ञात व्यक्ति उसे और उनके पति को फोन व सोशल मीडिया मैसेज के जरिए लगातार जान से मारने की धमकियां दे रहा है। धमकी देने वाले का आरोप है कि वह महाकुंभ से वायरल हुई थी और अब उसने किसी पाकिस्तानी से शादी कर ली है। फरमान खान ने कहा कि सोशल मीडिया के जरिए जो व्यक्ति उन्हें जान से मारने और डराने की कोशिश कर रहा है, उसकी पहचान कर तत्काल स्नङ्कक्रदर्ज की जाए और कड़ी कानूनी कार्रवाई हो। फरमान ने कहा कि फिलहाल उनके पास सुरक्षा का कोई साधन नहीं है और वे बेहद असुरक्षित महसूस कर रहे हैं।

## सीधी में एक इंच, रीवा-सतना में आधा इंच बारिश

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में मंगलवार को भी आंधी-बारिश का दौर जारी रहा। सीधी में सबसे ज्यादा एक इंच के करीब पानी गिर गया। वहीं, बैतूल, रीवा-सतना में आधा इंच या इससे ज्यादा बारिश हुई। रायसेन में दोपहर 2 बजे के बाद बादल घिर आए। फिर पानी बरसा। मुलताई में करीब आधे घंटे बारिश हुई। सागर में सुबह से धूप-छांव का दौर देखने को मिला। दोपहर बाद मौसम बदला और हवाओं के साथ झमाझम बारिश हुई। श्योपुर में शाम को मौसम ने करवट ली। तेज हवाओं के साथ शुरू हुई बारिश ने पूरे शहर को भिगो दिया। सड़कों पर पानी भर गया। मंडला में शाम 6 बजे के बाद हवाएं चलीं, फिर बारिश होने लगी। ग्वालियर-छिंदवाडा समेत 8 जिलों में आंधी चली। इसके चलते दिन के तापमान में गिरावट भी दर्ज की गई है।

## पेट्रोल पंप पर ट्रैक्टर-हार्वेस्टर की लंबी कतार

**नर्मदापुरम।** नर्मदापुरम में डीजल की किल्लत से किसान परेशान हैं। पंपों पर ट्रैक्टरों की लंबी कतारें लग रही हैं। सड़क निर्माण कंपनियां, उद्योगों के वाहन और किसान एक ही लाइन में डीजल भरवाने पहुंच रहे हैं। दरअसल कमर्शियल उपयोग के लिए भी डीजल लेने के लिए पंपों पर भीड़ लग रही है। मंगलवार को नर्मदापुरम पिपरिया स्टेट हाईवे पर सेमरी हरचंद में भारत पेट्रोलियम कंपनी के पंप पर 200 मीटर लंबी कतार लगी। जहां डीजल के लिए ट्रैक्टर, हार्वेस्टर एक ही कतार में लगे रहे। डीजल लेने की जल्दी में किसान कतार तोड़कर आगे पीछे ही रहे। जिससे बाइक, कार में पेट्रोल डलवाने वाले लोग भी परेशान हो रहे।

## एसपी ऑफिस में भिड़ी महिलाएं, गालियां दी

**जबलपुर।** जबलपुर एसपी ऑफिस में मंगलवार दोपहर करीब एक बजे दो महिलाएं आपस में भिड गई। एक-दूसरे को जमीन पर पटक दिया। धक्कामुक्की की, बाल पकडकर खींचे। खूब गालियां दीं। नाखून से खरोंच लगने पर एक महिला के गाल से खून भी निकल आया। मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों और लोगों ने उनको अलग कराया। सिविल लाइन थाने में फोन किया। जिसके बाद पुलिस दोनों महिलाओं को थाने ले आई। एएसपी सूर्यकांत शर्मा ने बताया कि खुद को यूट्यूब पत्रकार बताने वाली विद्या रैकवार का पिंकी से किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। पुलिस जांच में जुट गई है। दोनों पक्षों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं। कैंट निवासी पिंकी ने कहा- एक सरदार मेरे पीछे लगा है। विद्या रैकवार उसका साथ दे रही है। वह खुद को पत्रकार बताते हुए बहुत दिन से परेशान कर रही है। आज मैं शिकायत लेकर एसपी ऑफिस पहुंची थी। यहां विद्या पहले से मौजूद थी। उसने मेरे बच्चों को गाली देना शुरू कर दिया।

# पेंशन के लिए दर-दर भटकने को मजबूर बुजुर्ग

### सिस्टम की लेटलतीफी से आक्रोशित पेंशनरों ने किया जंगी प्रदर्शन

दैनिक अवन्तिका » शाजापुर




उम्र के जिस पड़ाव में बुजुर्गों को सुकून और आराम की जरूरत होती है, उस दौर में वे अपनी ही जीवनभर की सेवा के बदले मिलने वाली पेंशन के लिए सरकारी दफ्तरों की खाक छानने को मजबूर हैं। सरकार के अमृतकाल और नई पेंशन सेल के तमाम बड़े दावों की जमीनी हकीकत यह है कि सेवानिवृत्त कर्मचारी महीनों से पीपीओ और ग्रेच्युटी के लिए तरस रहे हैं। इसी लेटलतीफी और सिस्टम की बेरुखी से आक्रोशित होकर जिले के पेंशनरों का सब्र अब जवाब दे गया है। अपनी मांगों को लेकर मंगलवार को पेंशनरों ने जिला मुख्यालय पर कलेक्ट्रेट में जंगी प्रदर्शन किया और शासन को उग्र आंदोलन की चेतावनी दी। रघुवीरसिंह पंवार ने बताया कि प्रमुख पेंशनर एसोसिएशन एवं मध्य प्रदेश विद्युत मंडल पेंशनर एसोसिएशन के संयुक्त आह्वान पर जिले भर के विभिन्न सरकारी विभागों से सेवानिवृत्त हुए कर्मचारी कलेक्ट्रेट परिसर में एकत्रित हुए। यहां शासन-प्रशासन की लचर कार्यप्रणाली के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। इसके पश्चात प्रांतीय महामंत्री एवं जिलाध्यक्ष रघुवीर सिंह पंवार के नेतृत्व में मुख्य सचिव म.प्र. शासन और अपर मुख्य सचिव वित्त विभाग भोपाल के नाम एक 13 सूत्रीय ज्ञापन दोपहर एक बजे प्रभारी अपर कलेक्टर मनीषा वास्कले को सौंपा गया। ज्ञापन के माध्यम से पेंशनरों ने अपनी व्यथा बयां करते हुए बताया कि पेंशन सेल के गठन के समय सरकार ने बड़े-बड़े दावे किए थे। जिला स्तर पर अधिकारियों को प्रशिक्षण देकर यह भरोसा दिलाया गया था कि सेवानिवृत्ति के महज सात दिन के भीतर पीपीओ जारी हो जाएगा, लेकिन धरातल पर सच्चाई इसके बिल्कुल उलट है। हालात यह हैं कि दो से तीन महीने बीत जाने के बाद भी न तो पीपीओ जारी हो पा रहे हैं और न ही पेंशन ग्रेच्युटी का भुगतान हो रहा है। मार्च और अप्रैल 2026 के ही प्रकरण अभी भारी संख्या में लंबित हैं, ऐसे में मई 2026 के मामलों की तो कोई सुध लेने वाला ही नहीं है। पेंशनरों का आरोप है कि जिले में बैठे जिला पेंशन अधिकारी केवल नाममात्र के रह गए हैं क्योंकि जब बुजुर्ग अपनी शिकायत लेकर वहां पहुंचते हैं, तो उन्हें यह कहकर लौटा दिया जाता है कि सारा काम भोपाल स्थित पेंशन सेल से हो रहा है, उनके हाथ में कुछ नहीं है। शासन की मंशा भले ही सही रही हो, लेकिन जमीनी स्तर पर इसका क्रियान्वयन पूरी तरह विफल साबित हो रहा है, जिससे उम्रदराज लोग दर-दर की ठोकरें खाने को विवश हैं। प्रदर्शनकारियों की प्रमुख रूप से मांग है कि जनवरी 2026 से सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों की पेंशन अविलंब शुरू की जाए और म.प्र. विद्युत मंडल से सेवानिवृत्त हुए पेंशनरों को पेंशन की स्पष्ट गारंटी दी जाए। संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही उनकी समस्याओं का समाधान नहीं किया गया, तो वे सड़क पर उतरकर बड़ा आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। पुलिस विभागीय समिति अध्यक्ष भगवान पुरी गोस्वामी, स्वास्थ्य विभाग समिति अध्यक्ष संजय अष्ठाना, पीएचई विभागीय समिति अध्यक्ष बी.एल. मेहता, म.प्र. विद्युत मंडल पेंशनर एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष के.एस. पांडेय, जिला सचिव मनोहर सिंह नायक, महेंद्र सिंह सिसोदिया, मक्सी तहसील कार्यकारी अध्यक्ष पी.एस. देथलिया और आजम खान सहित सैकड़ों की संख्या में पेंशनर मौजूद रहे।

# ठेका विवाद को लेकर दिनदहाड़े फायरिंग

**गुना।** शहर के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित ईदगाह बाड़ी इलाके में सोमवार को उस समय सनसनी फैल गई, जब दो पक्षों के बीच चल रहे पुराने विवाद ने खूनी संघर्ष का रूप ले लिया। विवाद के दौरान एक पक्ष ने युवक पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। दो गोलियां चलाई गईं, जिनमें से एक गोली युवक के सिर को छूते हुए निकल गई, जबकि दूसरी उसके कंधे में जा धंसी। गोली लगते ही क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई और लोग जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे। गंभीर रूप से घायल युवक को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसका उपचार जारी है।

पुलिस के अनुसार घायल लक्ष्मण सिंह केवट पिता रतनलाल केवट ने छह लोगों के खिलाफ नामजद शिकायत दर्ज कराई है। आरोप है कि महादेव केवट, नरेश केवट, घनश्याम केवट, दीपू, गज्जू और धर्मेंद्र केवट ने एकराय होकर उस पर हमला किया। आरोपियों के पास धारदार हथियार भी थे और विवाद के दौरान फायरिंग की गई। घटना के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

घायल लक्ष्मण केवट का कहना है कि आरोपी पिछले डेढ़ महीने से उसे लगातार परेशान कर रहे थे। कई बार जान से मारने और गोली मारने की धमकी भी दी गई थी। उसने पुलिस को पहले भी आवेदन देकर सुरक्षा की मांग की थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। उसके अनुसार विवाद की जड़ मकरावदा डेम और शासकीय तालाब में मछली पकड़ने का मामला है। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में लंबे समय से तनाव बना हुआ था।

वहीं दूसरे पक्ष के नरेश केवट निवासी पुरापोसर भी घायल हुए हैं। उनके सिर में गंभीर चोट आई है। नरेश का आरोप है कि वह अपने भाई के साथ घर लौट रहे थे, तभी लक्ष्मण पक्ष के लोगों ने उन्हें रोक लिया और लाठी-डंडों से हमला कर दिया। उन्होंने दावा किया कि फायरिंग उनके पक्ष से नहीं बल्कि विरोधी पक्ष के एक व्यक्ति ने की थी।

सिटी कोतवाली थाना प्रभारी राजकुमार शर्मा ने बताया कि दोनों पक्षों के लोग घायल हुए हैं और सभी को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है। फिलहाल एक पक्ष की शिकायत पर प्रकरण दर्ज कर लिया गया है। दूसरे पक्ष की ओर से भी आवेदन मिलने पर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। पुलिस पूरे घटनाक्रम की जांच कर रही है और फायरिंग में प्रयुक्त हथियार की तलाश भी की जा रही है। मछली पकड़ने के अधिकार को लेकर शुरू हुआ विवाद अब गोलियों तक पहुंच गया है, जिससे क्षेत्र में तनाव का माहौल बना हुआ है। पुलिस ने स्थिति को देखते हुए इलाके में अतिरिक्त निगरानी बढ़ा दी है।

## कुएं में गिरे हिरण की वन विभाग की तत्परता से बची जान

**शाजापुर।** समीपस्थ ग्राम निठल्ली के जंगली क्षेत्र में स्थित एक गहरे कुएं में गिरे जीवित हिरण को डायल-112 और वन विभाग की संयुक्त टीम ने सुरक्षित बाहर निकाल कर जंगल में छोड़ दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, अकोदिया डायल-112 को मंगलवार को सूचना मिली थी कि निठल्ली गांव के वन क्षेत्र से लगे कुएं में एक हिरण गिर गया है। घटना की सूचना मिलते ही डायल-112 पर तैनात पायलट संदीप पटेल और आरक्षक अरविंद वर्मा तत्काल मौके के लिए रवाना हुए। घटनास्थल पर पहुंचकर पुलिस दल ने स्थिति का जायजा लिया और बिना देरी किए वन विभाग को मामले की सूचना दी। कुछ ही देर में वन विभाग का अमला भी मौके पर पहुंच गया। डायल-112 के स्टाफ और वहां मौजूद ग्रामीणों की मदद से एक संयुक्त रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया।

# 7 साल से फरार इनामी वारंटी गिरफ्तार

### 13 साल पुराने गौवंश मामले में मोहन बड़ोदिया पुलिस की बड़ी कामयाबी




**शाजापुर।** गौवंश से जुड़े अपराधों पर नकेल कसने और फरार अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान में शाजापुर जिले की मोहन बड़ोदिया पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने 13 साल पुराने एक गंभीर मामले में पिछले 7 सालों से फरार चल रहे 10 हजार रुपये के इनामी बदमाश को उज्जैन से गिरफ्तार कर लिया है। यह शातिर स्थायी वारंटी पुलिस की दबिश के दौरान हर बार चकमा देकर भागने में सफल हो जाता था, लेकिन इस बार साइबर सेल की तकनीकी घेराबंदी और मुखबिरों के सटीक जाल के आगे उसकी एक न चली। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान सलीम उर्फ मिठिया 40 वर्ष पिता हबीब खां के रूप में हुई है। ताजपुर का मूल निवासी सलीम वर्तमान में उज्जैन के भैरूनाला इलाके में छिपकर रह रहा था। आरोपी के खिलाफ 13 साल पहले गौवंश संबंधी अपराध का मामला दर्ज हुआ था, जिसमें वह पिछले सात सालों से लगातार पुलिस की आंखों में धूल झोंक रहा था। उसकी लगातार फरारी को देखते हुए पुलिस विभाग द्वारा उस पर 10,000 रुपये का इनाम भी घोषित किया गया था। पुलिस मुख्यालय भोपाल के सख्त निर्देशों के बाद शाजापुर पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह राजपूत, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक घनश्याम मालवीय और एसडीओपी अजय कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में इस धरपकड़ अभियान को तेज किया गया। इसी कड़ी में मोहन बड़ोदिया थाना प्रभारी उनि अरविंद सिंह तोमर के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम को पुख्ता सूचना मिली थी कि आरोपी उज्जैन में ठिकाना बनाए हुए है। इसके बाद 14 और 15 जून 2026 को पुलिस ने उज्जैन में सघन तलाशी अभियान चलाया और आखिरकार 15 जून 2026 को उसे उसके निवास स्थान से धर दबोचा गया।

लंबे समय से फरार इस इनामी वारंटी को सलाखों के पीछे पहुंचाने में पुलिस टीम की अथक मेहनत और सूझबूझ काम आई। इस पूरी अहम कार्रवाई में मोहन बड़ोदिया थाना प्रभारी उनि अरविंद सिंह तोमर, प्रधान आरक्षक हेमेन्द्र सिंह जादौन, आरक्षक संजय चौहान, आरक्षक शैलेन्द्र शर्मा, आरक्षक अर्जुन सिंह बागड़ी और आरक्षक राहुल कुम्भकार की विशेष भूमिका रही। इसके साथ ही, साइबर सेल प्रभारी प्रधान आरक्षक विकास तिवारी और उनकी टीम के सटीक तकनीकी सहयोग ने इस गिरफ्तारी को संभव बनाने में अत्यंत महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# विकसित भारत संकल्प सम्मेलन आयोजित




**गुना।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा विकसित भारत संकल्प सम्मेलन का आयोजन किया गया मुख्य वक्ता के रूप में पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष जीतू जिराती ने अपना संबोधन दिया। सम्मेलन में जिले भर से आए पार्टी पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, प्रबुद्धजनों और कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्षों के कार्यकाल की उपलब्धियों, जनकल्याणकारी योजनाओं और विकसित भारत के संकल्प पर विस्तार से चर्चा की गई।

सम्मेलन को संबोधित करते हुए जिराती ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने पिछले 12 वर्षों में विकास के नए आयाम स्थापित किए हैं। उन्होंने कहा कि यदि वर्ष 2014 से पहले और उसके बाद के भारत की स्थिति का आकलन किया जाए तो विकास, आधारभूत संरचना, गरीब कल्याण और वैश्विक स्तर पर भारत की बढ़ती प्रतिष्ठा स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। उन्होंने कहा कि लंबे समय तक उपेक्षित रहे गरीब, शोषित और वंचित वर्गों को सरकार की योजनाओं के माध्यम से मुख्यधारा में लाने का कार्य किया गया है। 2014 के पहले किन परिस्थितियों में देश था मगर आज पूरी दुनिया भारत को संभावनाओं के देश के रूप में देखती है । भाजपा जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सिकरवार ने कहा कि सबका साथ सबका विकास और सबका प्रयास का भाव लेकर जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकसित भारत की संकल्पना की यात्रा प्रारंभ की तब ये सिर्फ मंत्र नहीं बल्कि योजनाओं के रूप में एक आंदोलन की शुरुआत की थी इन योजनाओं से देश के हर वर्ग के लोगों को प्राप्त हो रहा है जिससे हमारे जीवन स्तर को बेहतर बनाने कि कार्य किया है ।

उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से गरीबों, किसानों, महिलाओं और युवाओं को सशक्त बनाया गया है। डिजिटल इंडिया, स्किल इंडिया, स्टार्टअप इंडिया और आत्मनिर्भर भारत जैसी पहलें युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध करा रही हैं।वक्ता रवीश जी जैन ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी में भारतीयता का बोध कराया उन्होंने भारत की मूल संकल्पना है उसे योजनाओं के माध्यम से लागू करने का काम किया जो निश्चित रूप से देश को विकसित भारत के निर्माण को मूर्त रूप प्रदान करता प्रतीत हो रहा है। भुजरिया तालाब से जुड़े महंत राघवेंद्र दास ने ने कहा कि प्रधानमंत्री पहले भी कई रहे हैं लेकिन जब से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बने हैं।


## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा विवाह श्री राहुल तेजनकर पिता श्री प्रभाकर राव तेजनकर के साथ वर्ष-2013 में सम्पन्न हो चुका है। विवाह के पूर्व मुझको मिताली जाधव पिता श्री मिलिन्द जाधव के नाम से जाना जाता था। किन्तु विवाह उपरान्त मेरे द्वारा अपने समस्त दस्तावेजों में अपना नाम मिताली तेजनकर अंकित करवा लिया गया है। आज दिनांक के पश्चात् मुझे मिताली तेजनकर पति श्री राहुल तेजनकर के नाम से जाना एवं पहचाना जावे। दिनांक 16/06/2026

**श्रीमती मिताली तेजनकर पति राहुल तेजनकर**
**निवासी-70, महाश्वेतानगर, उज्जैन ( म.प्र. )**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भूमि स्वामी श्री सुमेर सिंह पिता श्री सौदान सिंह, कृषक ग्राम माधोपुर तहसील व जिला उज्जैन (म. प्र.) के एकल मालिकी स्वामित्व में सर्वे नं.-219/3 (स) रकबा 0.1500 हेक्टर, 222/1 (एस) रकबा 0.2900 हेक्टर, 226/1 (एस) रकबा 0.1100 हेक्टर एवं 228/1 (एस) रकबा 0.0500 हेक्टर कुल किता 04 कुल रकबा 0.6000 हेक्टर जो कि ग्राम माधोपुर, पटवारी हल्का-पिपलोदा द्वारकाधीश तहसील उज्जैन जिला उज्जैन (म. प्र.) में स्थित है। उक्त कृषि भूमि सम्पूर्ण को क्रय करने का सौंदा मेरे पक्षकार ने उपरोक्त भूमि स्वामी से कर आंशिक राशि अदा कर दी है। शेष राशि का भुगतान कर विक्रय पत्र का पंजीयन करवाना बाकी रहा है। उक्त कृषि भूमि पर भूमि स्वामी के अतिरिक्त अन्य किसी व्यक्ति, संस्था, वित्तीय निकाय, बैंक, पेढ़ी, शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था आदि का किसी भी प्रकार का कोई ऋण आदि लिया गया हो अथवा स्वत्व, हित व आधिकार अथवा भार, बोझ, दान, विक्रय, बक्षीस, अनुबंध, पारिवारिक विवाद आदि हो अथवा किसी भी प्रकार का कोई सुखाधिकार हो अथवा इस विक्रय व्यवहार में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 07 (सात) दिन में अपनी आपत्ति मय प्रमाण के मेरे कार्यालय में आकर प्रस्तुत करे, ताकि उसका निराकरण किया जा सके, अन्यथा मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त कृषि भूमि के विक्रय पत्र का पंजीयन करा लेंगे व समय अवधि गुजर जाने के पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नही होगी। इति दिनांक-16.06.2026

**राजकुमार प्रजापत एडवोकेट**
**कार्यालय- ए -1 भरतपुरी काम्पलेक्स, देवास रोड**
**उज्जैन मो. 94259-46659**

## जाहिर सूचना

साधारण को सूचित किया जाता हैं कि धर्मदास थावानी पिता स्व. श्री रोचिराम थावानी निवासी- 07, 82 अशोक चौक आदर्श नगर जवाहर नगर जयपुर द्वारा अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता भूपेन्द्र टेकवानी पिता स्व. मोहनलाल जी टेकवानी निवासी- 10 लक्ष्मीविला शुभम परिसर सांई मंदिर के पीछे सांवेर रोड उज्जैन के स्वामीत्व एवं आधिपत्य का भूखण्ड क्रमांक 20 शिवधाम कॉलोनी उज्जैन मे स्थित है। उपरोक्त वर्णित भूखण्ड को क्रय किये जाने का सर्वोक्त ऋण भार से मुक्त मालिकाना अधिकारो सहीत लिखित सौदा मेरे पक्षकार के द्वारा किया गया है तथा बयाना राशि भी अदा कर दी गई है तथा सौदा चिठ्ठी अनुसार मेरे पक्षकार के हित में नियत अवधि में विक्रयपत्र का निष्पादन एवं पंजीयन करवाया जाना शेष है। उपरोक्त वर्णित भूखण्ड के विक्रय बाबत किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक या विभाग को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो या उक्त भूखण्ड पर किसी प्रकार का कोई ऋण भार बकाया हो या उक्त भूखण्ड पर कोई स्वत्व हित या अधिकार रखते हो ऐसे संबंधित व्यक्ति, संस्था, बैंक या विभाग आदि इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस की अवधि में अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे कार्यालय मे कार्यालयीन समय सायं 04 से 06 के मध्य मेरे समक्ष प्रस्तुत करे ताकि उसका निराकरण किया जा सकें अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत उपरोक्त वर्णित भूखण्ड के विक्रयपत्र का निष्पादन एवं पंजीयन अपने हीत मे करवा लिया जावेगा तथा अवधि समाप्ति पश्चात की गई कोई आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं रहेगी। सूचित हो। इति दिनांक 16/06/2026

**यशपाल गेहलोत, सर्विस प्रोवाईडर**
**कार्यालय- सी एफ3 भरतपुरी शापिंग कॉमप्लेक्स**
**उज्जैन मो. 8839742938**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने श्री प्रभुलाल कड़ाडा पिता शिवलाल जी निवसी-143 तिरुपति सेफरोंन कॉलोनी उज्जैन से उनके द्वारा मूल भूमि स्वमीगण अर्जुन सिंह पिता प्रभुलाल गुर्जर निवासी ग्राम गुराडिया गुर्जर तहसील घटिया जिला उज्जैन व आदि से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य की क्रय अनुबंधित की गई भूमि सर्वे क्रमांक भूमि सर्वे क्रमांक 75/3 रकबा 0.8800 हेक्टर, सर्वे क्रमांक 76/1 रकबा 0.1500 हेक्टर, सर्वे नं. 76/2 रकबा 0.3200, सर्वे नं.76/3/1 रकबा 0.1400 हेक्टर, सर्वे नं. 77/2/3 रकबा 0.1100 हेक्टर, सर्वे नं. 76/3/2 रकबा 0.4200 हेक्टर,, सर्वे नं. 77/2/4 रकबा 0.1000 हेक्टर, सर्वे नं. 77/1 रकबा 0.1400 हेक्टर, सर्वे नं. 81/2/1 रकबा 0.3100 हेक्टर, सर्वे नं. 77/2/1 रकबा 0.1500 हेक्टर, सर्वे नं. 77/2/2 रकबा 0.2200 हेक्टर, सर्वे नं.77/2/6 रकबा 0.4900 हेक्टर, सर्वे नं. 78 रकबा 0.8700 हेक्टर, सर्वे नं.82/1/4 रकबा 0.4600 हेक्टर, सर्वे नं. 84/1 रकबा 0.2000 हेक्टर, सर्वे नं. 84/2 रकबा 0.3300 हेक्टर, सर्वे नं.84/3 रकबा 0.3300 हेक्टर, सर्वे नं. 83/1 रकबा 0.6600 हेक्टर, सर्वे नं. 77/2/5 रकबा 0.0200 हेक्टर, सर्वे नं.32/2 रकबा 0.4600 हेक्टर, सर्वे नं. 83/2 रकबा 0.0600 हेक्टर, सर्वे नं.81/1/3 रकबा 0.4300 हेक्टर, सर्वे नं. 81/1/2/2 रकबा 0.300 हेक्टर, सर्वे नं. 82/1/1 रकबा 0.4600 हेक्टर, सर्वे नं.82/1/2 रकबा 6300 हेक्टर, सर्वे नं. 74/3/2/2/2 रकबा 0.6100 हेक्टर, सर्वे नं.81/2/2 रकबा 0.0900 हेक्टर, सर्वे नं. 81/1/1/2 रकबा 0.100 हेक्टर एवं सर्वे नं. 82/1/3 रकबा 0.300 हेक्टर कुल किता 29 कुल रकबा 9.74 हेक्टेयर भूमि लगानी बरुऐट स्थित ग्राम गुराडिया गुर्जर तहसील घटिया व जिला उज्जैन में है को सर्व भार मुक्त अवस्था में क्रय करने का अनुबंध किया होकर बयाना राशि का भुगतान भी कर दिया है। उक्त संपत्ति पर किसी भी व्यक्ति / संस्था /बैंक / शासकीय / अर्द्धशासकीय विभाग आदि का कोई ऋण / भार / बोझा / हक़ / हित एवं भार हो या किसी न्यायालय में कोई प्रकरण विचाराधीन हो अथवा इस विक्रय संव्यवहार बाबत कोई आपत्ति हो तो सुचना प्रकाशन की तिथि से 7 दिन के अंदर सप्रमाण मेरे कार्यालय पर आकर लिखित में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवे, अन्यथा बाद मियाद मेरे पक्षकार शेष प्रतिफल राशि का भुगतान कर सदर संपत्ति का विक्रय पत्र अपने हित में पंजीकृत करवा लेवेगे 7 तत्पश्चात किसी भी प्रकार की उजर आपत्ति मान्य नहीं होगी और न ही मेरे पक्षकार के हितो पर बंधन कारक होगी 7 यह सूचित हो 7 इति दिनांक 16-6-2026

**हितेश थानी, एडवोकेट**
**कार्या.50 बी संतराम सिन्धी कॉलोनी, सांवेर रोड**
**( न्यू मारुती प्लाईवुड के पीछे ) उज्जैन ( म.प्र. )**

## न्यूज-कॉलम

### पीजी कॉलेज में प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना कैंप संपन्न

**मन्दसौर।** राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मंदसौर में अंतिम वर्ष के स्नातक और स्नातकोत्तर विद्यार्थियों के लिए प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के अंतर्गत एक दिवसीय जागरूकता कैंप का सफल आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. जे. एस. दुबे के मार्गदर्शन और निर्देशन में आयोजित इस शिविर का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को रोजगारपरक अवसरों से जोड़ना था। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं को योजना से जुड़े रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया, आवश्यक योग्यता, सरकारी गाइडलाइंस और भविष्य में मिलने वाले लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई और उन्हें इस योजना का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया गया। इस जागरूकता कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय की विशेष समिति के सदस्य हीरालाल जाटव, सचिन शर्मा, रजत जैन और संतोष मालवीय ने सक्रिय सहभागिता निभाई।

### टीबी मरीजों को बांटी गई फूड बास्केट

**मंदसौर।** नगर परिषद नगरी में आयोजित जनकल्याण शिविर के दौरान स्वास्थ्य और समाज सेवा से जुड़ा एक सराहनीय कार्य किया गया। शिविर में क्षेत्र में उपचार ले रहे टीबी के मरीजों को विकास मिनरल्स संस्था के सहयोग से पोषाहार हेतु डोनेट फूड बास्केट का वितरण किया गया। इसके साथ ही स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा टीबी मरीजों को निक्षय पोर्टल से संबंधित आ रही तकनीकी समस्याओं, जैसे डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) राशि प्राप्त करने और फेस वेरिफिकेशन की दिक्कतों का मौके पर ही निराकरण किया गया। इस अवसर पर सीएमओ धर्मचंद जैन, स्वास्थ्य विभाग से विजय नागोरे, बद्रीलाल प्रजापति, महिला बाल विकास परियोजना अधिकारी, आयुष विभाग, कृषि विभाग, विद्युत विभाग, पशुपालन विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

### महारानी लक्ष्मीबाई का बलिदान दिवस 18 को

**मंदसौर।** स्वाधीनता संग्राम की महानायिका वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई का बलिदान दिवस मनाने के लिए दशपुर जागृति संगठन की एक बैठक अध्यक्ष डॉ. देवेन्द्र पुराणिक की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी आगामी 18 जून को प्रातः 9 बजे महारानी लक्ष्मीबाई की प्रतिमा स्थल पर पूरे उमंग और उत्साह के साथ श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। बैठक में कार्यकारी अध्यक्ष हरिशंकर शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष बी.एस. सिसोदिया, अजीजुल्लाह खान, अरुण गौड़ आदि उपस्थित थे।

### कलेक्टर ने सुनीं 120 आवेदकों की समस्याएं

**मंदसौर।** जिला स्तरीय जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर अदिती गर्ग ने 120 आवेदकों की समस्याओं और शिकायतों को गंभीरता से सुना। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित सभी विभागीय अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए कि आम नागरिकों की समस्याओं का समय पर और उचित समाधान सुनिश्चित किया जाए, ताकि किसी भी व्यक्ति को अनावश्यक परेशान न होना पड़े। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि लोगों को न्याय दिलाना और उनकी समस्याओं को हल करना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। जनसुनवाई में आए विभिन्न गंभीर मामलों में उन्होंने तुरंत संबंधित विभागों को जांच के निर्देश जारी किए।

### जिला स्तरीय नशामुक्ति जनजागरूकता प्रशिक्षण 22 को

**मंदसौर।** नशामुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जिले को व्यसन मुक्त बनाने के प्रयासों को गति देने के लिए एक दिवसीय जिला स्तरीय नशामुक्ति जनजागरूकता प्रशिक्षण का आयोजन 22 जून को प्रातः 10 बजे से जनपद पंचायत सभागृह मंदसौर में किया जा रहा है। अपर कलेक्टर एकता जाय सवाल ने बताया कि इस प्रशिक्षण में जिले के समस्त शासकीय विभागों के मास्टर वालिंटियर्स को प्रशिक्षित किया जाएगा। इस विशेष सत्र का संचालन मध्य प्रदेश जल एवं भूमि प्रबंधन संस्थान (वाल्मी) द्वारा किया जाएगा, जिसका मुख्य उद्देश्य समाज में नशे के खिलाफ प्रभावी जनजागरूकता पैदा करना है।

# सरकारी अस्पताल में मरीज को देखने आए डॉक्टर के साथ मारपीट

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ आलोट




सरकारी अस्पताल में भर्ती घायल युवक को मेडिकल कॉलेज रेफर करने की बात पर उसके साथियों ने बीएमओ डॉ. देवेंद्र कुमार मौर्य के साथ मारपीट की अचानक हूवे हमले से डॉक्टर मोर्य बेहोश हो गये थे घटना से नाराज स्वास्थ्यकर्मियों ने मंगलवार सुबह काम बंद कर हड़ताल कर दी और थाने के सामने धरना दिया। जानकारी के अनुसार सड़क दुर्घटना में घायल मुमताज को सोमवार रात 9.30 बजे आलोट सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। ड्यूटी डॉक्टर रोहित चौधरी ने उपचार के बाद मुमताज को मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया था।

रात करीब 11 बजे अमजद नामक व्यक्ति ने बीएमओ डॉ. देवेंद्र कुमार मौर्य को फोन कर आईसीयू में घायल को देखने बुलाया। डॉ. मौर्य वहां पहुंचे और घायल को देखकर कहा कि रेफर किया जा चुका है, मेडिकल कॉलेज ले जाओ। इस पर आरोपी अमजद व उसके साथी आक्रोशित हो गए और डॉ. मौर्य से गाली-गलौच कर मारपीट शुरू कर दी। आरोपियों ने उन्हें चैंबर तक ले जाकर मारपीट की। शोर सुनकर अन्य स्वास्थ्यकर्मी पहुंचे और बीच-बचाव कर डॉक्टर को छुड़ाया।

बीएमओ डॉ. देवेंद्र कुमार मौर्य ने आलोट थाने पर रिपोर्ट दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि आरोपियों ने उन्हें नाक, बायीं कनपट्टी, सिर, आंख, होंठ व गाल पर चोट पहुंचाई और जान से मारने की धमकी दी। थाना प्रभारी मुनेन्द्र गौतम के अनुसार डॉ. मौर्य की रिपोर्ट पर आरोपी अमजद व उसके साथियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज किया गया है। दो आरोपियों को हिरासत में लिया गया है। अस्पताल में लगे सीसीटीवी फुटेज पुलिस ने जब्त किए हैं।

घटना से आक्रोशित डॉक्टरों व स्वास्थ्यकर्मियों ने मंगलवार सुबह काम बंद कर हड़ताल कर दी, जिससे अस्पताल की व्यवस्थाएं ठप हो गईं। बड़ी संख्या में स्वास्थ्यकर्मी व डॉक्टर आलोट थाने पहुंचे और थाने के सामने धरने पर बैठकर आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की। नायब तहसीलदार राजेश पाटीदार को एसडीएम के नाम ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में पीड़ित डॉक्टर को सुरक्षा देने, आरोपियों के अवैध अतिक्रमण पर कार्रवाई और जुलूस निकालने की मांग की गई। अधिकारियों द्वारा सख्त कार्रवाई के आश्वासन पर धरना समाप्त कर हड़ताल भी समाप्त की गई।

निजी चिकित्सक संघ व औषधि विक्रेता संघ ने भी नायब तहसीलदार को ज्ञापन देकर उचित कार्रवाई की मांग की। धरना प्रदर्शन का संचालन डॉ. सुनील चोपड़ा ने किया। पूर्व जिला चिकित्सा अधिकारी डॉ. *प्रकाश विष्णु फुलंब्रिकर ने सख्त कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन का वाचन मेडिकल ऑफिसर डॉ. अब्दुल कादिर ने किया। समाजसेवी विक्रम नावटिया ने भी ठोस कार्रवाई की मांग की।

इस दौरान डॉ. रोहित चौधरी, होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ. कमलेश शेर, प्रशांत जोशी, डॉ. दिनेश राठौर, डॉ. विनोद पाटीदार, डॉ. तनुज पाटीदार, डॉ. दशरथ पाटीदार, डॉ. अंशुल चोपड़ा, डॉ. संयम आचलिया, औषधि विक्रेता संघ सचिव दिलीप पोरवाल, राजेंद्र राका, कृष्णकांत गुप्ता, अंकित भंडारी, आशीष गोयल आदि उपस्थित थे।

# संजीवनी क्लीनिक में बहु-विशेषज्ञता स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया

### 320 लोगों की नेत्र जांच एवं 90 नि:शुल्क चश्मों का वितरण

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम



देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के सफल नेतृत्व में सेवा, सुशासन एवं जन-कल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में दीनदयाल नगर स्थित संजीवनी क्लीनिक में बहु-विशेषज्ञता स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 413 नागरिकों ने विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ प्राप्त किया।

शिविर का शुभारंभ भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय द्वारा किया गया। इस अवसर पर रतलाम विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष मनोहर पोरवाल, उपाध्यक्ष गोविंद काकानी एवं प्रवीण सोनी, जिला महामंत्री जयवंत कोठारी, जिला उपाध्यक्ष प्रहलाद राठौड़, जन कल्याण शिविर टोली सदस्य राजेंद्र पाटीदार एवं हेमंत राहोरी, दीनदयाल मंडल अध्यक्ष नंदकिशोर पवार, वार्ड क्रमांक 19 की पार्षद श्रीमती कविता चौहान, वार्ड क्रमांक 20 की पार्षद श्रीमती संगीता सोनी, मंडल महामंत्री शुभम चौहान, आकाश खड़के, पूर्व मंडल अध्यक्ष कृष्ण कुमार सोनी सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं कार्यकताओं ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं।

शिविर में गोमाबाई नेत्रालय, नीमच की विशेषज्ञ टीम द्वारा 320 लोगों की आंखों की जांच की गई। जांच के दौरान 90 जरूरतमंद मरीजों को निःशुल्क चश्मों का वितरण किया गया तथा निःशुल्क आई ड्रॉप एवं आवश्यक परामर्श प्रदान किया गया। विस्तृत नेत्र परीक्षण के पश्चात 48 मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन की सलाह दी गई, जबकि 40 से अधिक मरीजों को उन्नत जांच एवं विशेषज्ञ उपचार हेतु गोमाबाई नेत्रालय रेफर किया गया। इसके अतिरिक्त शिविर में 90 मरीजों की निःशुल्क छाती जांच की गई तथा 35 नागरिकों ने दंत चिकित्सा सेवाओं का लाभ प्राप्त किया।



## मंडी शुल्क बढ़ाने के विरोध में मण्डी व्यापारियों ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

**मंदसौर।** मध्यप्रदेश सरकार द्वारा मंडी शुल्क (मंडी टैक्स) को 1 प्रतिशत से बढ़ाकर 1.5 प्रतिशत किए जाने के फैसले के विरोध में स्थानीय कृषि उपज मंडी में दशपुर मंडी व्यापारी संघ मंडी सचिव को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। व्यापारियों का कहना है कि सरकार का यह फैसला व्यापार जगत के हित में नहीं है और इससे स्थानीय स्तर पर कारोबार बुरी तरह प्रभावित होगा। ज्ञापन सौंपते समय व्यापारी संघ के पदाधिकारियों ने अपनी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार द्वारा अचानक की गई इस आधे प्रतिशत की टैक्स वृद्धि से कृषि उपज व्यापार पर भारी अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ेगा। व्यापारियों ने तर्क दिया कि मंडी टैक्स बढ़ने से न केवल व्यापारियों का बजट बिगड़ेगा, बल्कि इसका सीधा और अप्रत्यक्ष असर क्षेत्र के किसानों पर भी पड़ेगा, जिससे दोनों ही पक्षों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ेगा। व्यापारियों ने सरकार से पुरजोर मांग की है कि इस जनविरोधी निर्णय को तत्काल वापस लिया जाए और मंडी शुल्क को पूर्ववत रखते हुए फिर से 1 प्रतिशत तय किया जाए। इस अवसर पर व्यापारी संघ के अध्यक्ष मनोज जैन (पप्पू), महामंत्री नरेन्द्र जैन (अन्ना), उपाध्यक्ष कन्हैया कुमावत, कोषाध्यक्ष ब्रजेश गर्ग और पूर्व अध्यक्ष राजेन्द्र नाहर, मण्डी व्यापारी दाऊ विजयवर्गीय,अनिल मित्तल, संजय मित्तल, पवन सेठिया सहित अन्य व्यापारी उपस्थित थे।

## अफीम किसानों की समस्याओं के समाधान हेतु नीति सुधार आवश्यक

**नीमच।** नीमच के मंगलम रिसोर्ट में आयोजित जिला अफीम सलाहकार समिति की बैठक में सांसद सुधीर गुप्ता ने अफीम उत्पादक किसानों की समस्याओं, सुझावों एवं मांगों को प्रमुखता से उठाते हुए कहा कि नीमच-मंदसौर-रतलाम क्षेत्र देश का सबसे बड़ा एवं प्रमुख अफीम उत्पादक क्षेत्र है, इसलिए यहां के किसानों की समस्याओं का समाधान केंद्र सरकार की आगामी अफीम नीति में प्राथमिकता से किया जाना चाहिए। सांसद गुप्ता ने किसानों ने विभिन्न विषयों पर अपने सुझाव एवं समस्याएं समिति के समक्ष रखीं, जिन पर विस्तृत चर्चा की गई। सांसद सुधीर गुप्ता ने कहा कि आगामी वर्ष के लिए औसत मॉर्फीन मानक 3.5 प्रतिशत निर्धारित किया जाए, ताकि प्राकृतिक परिस्थितियों से प्रभावित किसानों को राहत मिल सके। उन्होंने ओलावृष्टि, अतिवृष्टि एवं अन्य प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित किसानों के लाइसेंस नवीनीकरण में विशेष छूट देने की मांग भी रखी। उन्होने बैठक में कहा कि वर्ष 1998-99 से 2022-23 तक 25 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर से अधिक औसत उत्पादन वाले किसानों को पुनः नीति में शामिल किया जाए तथा सभी सीपीएस किसानों को न्यूनतम 10-10 आरी क्षेत्र के लाइसेंस प्रदान किए जाएं। पिछले पांच वर्षों के प्रदर्शन के आधार पर पात्र सीपीएस किसानों को चीरा पद्धति में शामिल करने पोस्ता भूसा उत्पादन देने वाले किसानों को चीरा पद्धति का लाभ देवे।

### श्री गोपाल जी बड़ा मंदिर न्यास द्वारा

## विकास प्राधिकरण अध्यक्ष मनोहर पोरवाल और उपाध्यक्ष गोविंद काकानी का किया सम्मान

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम

श्री गोपाल जी बड़ा मंदिर न्यास द्वारा श्री पुरुषोत्तम मास के समापन के अवसर पर द्वारा रतलाम विकास प्राधिकरण अध्यक्ष श्री मनोहर पोरवाल और उपाध्यक्ष गोविंद काकानी का सम्मान किया गया।

श्री गोपाल मंदिर परिसर में आयोजित कार्यक्रम में नवनियुक्त पदाधिकारियों का न्यास द्वारा शाल श्रीफल एवं साफा बांधकर तथा भगवान गोपाल जी की तस्वीर भेंट कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर मनोहर पोरवाल ने संबोधित करते हुए कहा कि सेवा का फल अवश्य ही प्राप्त होता है। अगर सेवा अच्छे मन और दिल से की हो तो । आपने कहा कि मुझे यह दायित्व भगवान गोपाल जी के आशीर्वाद से प्राप्त हुआ है उसे मैं पूरी क्षमता से निर्वाहन करूंगा। रतलाम शहर के विकास में मेरी भागीदारी भगवान के आशीर्वाद से पूरी कर सकू ऐसी भगवान से प्रार्थना है कि मैं इस दायित्व का निर्वाहन करने में समर्थ हो सकूं । आपने प्राधिकरण की भावी योजनाओं के बारे में जानकारी दी तथा कहा कि प्राधिकरण सर्वहारा वर्ग के लिए कार्य करेगा। कार्यक्रम को उपाध्यक्ष गोविंद काकानी ने भी संबोधित किया । न्यासीगण लक्ष्मीनारायण अग्रवाल, सुरेश अग्रवाल, मांगीलाल अग्रवाल (रस्सीवाला), महेश व्यास, किशोर मित्तल, रमेश गर्ग, केदार अग्रवाल, ताराचंद पालीवाल, जगजीवन राम, सत्यनारायण पोरवाल, सोनू व्यास, बजरंग पुरोहित, मोहनलाल भट्ट, जनक नागल, सुरेश दवे, एवं हनुमान भक्त मंडल के बसंत पंड्या, अभय श्रीमाल, विकास पालीवाल, पवन सोनी, मुकेश बम्बोरिया, विकास पोरवाल, संजय सोनी एवं सुनील पालीवाल ने अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का स्वागत सम्मान किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में गणमान्य जन उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन महेश व्यास एवं आभार रमेश गर्ग ने माना ।

## ट्रक चालक को बचाने पहुंचे सरपंच पर जानलेवा हमला, हाथ में गंभीर चोट

**पिपलिया मंडी।** बही पार्श्वनाथ ग्राम पंचायत के सरपंच मनमोहन पाराशर पर रविवार देर रात बही फंटे पर अज्ञात बदमाशों द्वारा हमला किए जाने की जानकारी मिली है। घटना में सरपंच गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें तत्काल उपचार के लिए मंदसौर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार जारी है। ऐसा सुनने में आया है कि रविवार रात करीब 10.30 बजे सरपंच मनमोहन पाराशर अपने गांव के कमल नामक युवक के साथ बाइक से बही फंटे की ओर जा रहे थे। इसी दौरान उन्होंने देखा कि एक ट्रक चालक के साथ कार में सवार चार व्यक्ति तथा बाइक पर आए दो व्यक्ति बेरहमी से मारपीट कर रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हमलावर ट्रक चालक के साथ गंभीर मारपीट कर रहे थे। घटना के पीछे लूटपाट की नीयत थी या कोई अन्य कारण, इसका खुलासा अभी नहीं हो पाया है। बताया जा रहा है कि ट्रक चालक के साथ हो रही मारपीट देखकर सरपंच मनमोहन पाराशर मौके पर रुके और आरोपियों से मारपीट का कारण पूछा। सरपंच के हस्तक्षेप से नाराज बदमाशों ने उनके साथ भी मारपीट शुरू कर दी। हमले में सरपंच के हाथ में गंभीर चोट आई, जबकि ट्रक चालक को भी बुरी तरह पीटा गया। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। घायल सरपंच को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू की। पुलिस थाने से जनाकारी के अनुसार अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर किया।

# छात्रों का सर्वांगीण विकास करना ही शिक्षा का अंतिम ध्येय है-सिसोदिया

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ पिपलिया मंडी



एकीकृत शा.बा.उ.मा.वि. पिपलिया स्टेशन में शिक्षण सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में नगर परिषद के उपाध्यक्ष एवं शिक्षा समिति के पदेन अध्यक्ष श्री भारत सिंह सोनगरा के मुख्य आतिथ्य, प्राचार्य श्री बी.आर. सिसोदिया की अध्यक्षता तथा प्रबुद्ध शिक्षाविद श्री भगवती प्रसाद गेहलोत के विशेष आतिथ्य में प्रवेशोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य रूप से वरिष्ठ शिक्षिका श्रीमती शाहेना परवीन खान, अभिभावक श्री अर्जुन सिंह, जन शिक्षक सतनारायण मंत्री, संकुल समन्वयक दीनदयाल सिंह शक्तावत, विद्यालय परिवार के श्री निर्मल कुमार सुनार्थी, गोपाल कच्छावा, अंजुम शाह, पूनम परमार, रीना वर्मा, जय कुमारी जैन, सीमा बड़वाल, नीरज सोनी, जगदीश गुजरिया, एनके वर्मा, पीएल चौहान, मीनाक्षी मोड़, सोहराब खान पठान, राजेंद्र दयम, रमेश चंद जाटव, प्रकाश प्रजापति, प्रदीप हिंदल, मोहम्मद हुसैन मंसूरी, जगदीश मेघवाल, सुमित्रा व्यास की उपस्थिति में शाला में सर्व प्रथम अतिथियों द्वारा सरस्वती पूजन किया व भारत की प्रथम महिला शिक्षिका माता वाली सावित्रीबाई फूले के चित्र पर पुष्पहार अर्पित कर कार्यक्रम को प्रारंभ किया गया, नव प्रवेशित छात्रों को तिलक लगाकर पुष्प मालाए पहनाई गई और पाठ्य पुस्तक तथा स्टेशनरी का वितरण कर प्रवेशोत्सव मनाया गया बाद में छात्रों को अल्पाहार एवं मध्यान भोजन करवाया गया। नवप्रवेशित छात्रों का अतिथियों व शिक्षकों ने पुष्प हार पहनाकर स्वागत किया व पुस्तक वितरण किया ।

इस अवसर पर श्री सोनगरा ने कहा कि सरकारी विद्यालय के बच्चे देश दुनिया में अपना हुनर दिखा रहे हैं : छात्र नियमित शाला में आएं व अच्छी पढ़ाई करें ताकि वे जीवन में आगे बढ़ सकें, श्री गेहलोत ने कहा कि शाला में प्रशोत्सव यानि ज्ञान के मंदिर में दीप जलाना है,आज से आप पुस्तक -कापी कलम के प्रति प्रतिबद्ध होकर अपना भविष्य गढ़ने की शुरूआत करेंगे। प्राचार्य श्री सिसोदिया ने कहा शाला के सभी शिक्षकगण आपके मार्गदर्शन के लिए तत्पर है सभी छात्र नित्य नियमित रूप से शाला में आएं और समय पर अपना शैक्षणिक कार्य पूरा करते रहें नियमितता से ही अपने लक्ष्य को पूरा किया जा सकता है और शिक्षा ही व्यक्ति के सर्वांगीण विकास का अंतिम ध्येय है। इसके साथ उन्होंने कई सफल महापुरुषों के उदाहरण प्रस्तुत उदाहरण किए। इस अवसर पर पूर्व प्राचार्य श्रीमती शाहिना परवीन खान के द्वारा छात्रों को नियमित रूप से अध्ययन करने की सलाह दी गई, जन शिक्षक श्री सत्यनारायण मंत्री ने शिक्षा रूपी प्रकाश को सभी और फैलाने का आह्वान किया, शिक्षक दीनदयाल सिंह शक्तावत, पीएल चौहान, श्री कछावा, शिक्षको ने भी अपने विचार व्यक्त किए, कार्यक्रम का संचालन शिक्षक निर्मल कुमार सुनार्थी ने किया।

## न्यूज कालम



### स्मार्ट मीटर के विरोध में शहर कांग्रेस कमेटी ने सौंपा ज्ञापन

**मन्दसौर।** शहर कांग्रेस कमेटी, मंदसौर ने बिजली के स्मार्ट मीटर के कारण बढ़े हुए बिजली बिलों की जाँच एवं उपभोक्ताओं को राहत प्रदान करने हेतु एक ज्ञापन म.प्र.प.क्षे.वि.वि.कं. के कार्यपालन यंत्री को सौंपा। ज्ञापन में कहा कि स्मार्ट मीटर लगाने से आम उपभोक्ताओं को अत्यधिक आर्थिक मार झेलनी पड़ रही है जिससे भारी जन आक्रोश है। विद्युत विभाग के ठेकेदार के कर्मचारियों द्वारा पुराने मीटरों को बदलकर उनके स्थान पर स्मार्ट मीटर को उपभोक्ताओं की सहमति के बिना लगाया जा रहा है, जबकि शासन द्वारा इन मीटरों को अभी अनिवार्य नहीं किया गया है। इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र सिंह गुर्जर, मो. हनीफ शेख,सोमिल नाहटा, मनजीत सिंह टुटेजा, विकास दशोरा, सुरेंद्र कुमावत, रफत पयामी, तरुण खींची, निर्विकार रातड़िया आदि ने सम्बोधित किया। शहर ब्लॉक अध्यक्ष इष्टा भाचावत ने ज्ञापन का वाचन किया आभार पंकज जोशी ने माना। इस अवसर पर नरेन्द्र नाहटा, महेन्द्रसिंह गुर्जर, सोमिल नाहटा, इष्टा भाचावत, अजय लोढा, मनजीतसिंह टूटेजा, विकास दशौरा, राजेश खिंची, प्रीतम पंचोली, सुनील बसेर, पंकज जोशी, राखी सत्रावाला, नम्रता सत्रावाला आदि उपस्थित थे।

### सोमवती अमावस्या पर मंदिरो में गूंजे भक्ति के स्वर, भजन-कीर्तन हुए

**नीमच।** सोमवती अमावस्या के दुर्लभ एवं पुण्यदायी संयोग पर सोमवार को कोर्ट मोहल्ला नीमच सिटी स्थित श्री कोटेश्वर महादेव मंदिर (श्री कोटेश्वर धाम) में भव्य श्री शिव भजन-कीर्तन महोत्सव का आयोजन श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ संपन्न हुआ। ज्येष्ठ माह के अधिक मास के समापन अवसर पर आयोजित इस धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में शिव भक्तों ने सहभागिता कर भगवान भोलेनाथ का पूजन-अर्चन किया तथा भजन-कीर्तन में शामिल होकर धर्म लाभ प्राप्त किया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्री गणेश एवं भगवान शिव के पूजन-अभिषेक के साथ हुआ। इसके पश्चात भजन मंडलियों द्वारा एक से बढ़कर एक शिव भजनों की प्रस्तुतियां दी गईं। संपूर्ण मंदिर परिसर शिवमय वातावरण से गुंजायमान हो उठा। सोमवती अमावस्या के अवसर पर श्रद्धालुओं ने भगवान कोटेश्वर महादेव के दर्शन कर विशेष पूजन-अर्चन किया तथा परिवार की सुख-समृद्धि एवं क्षेत्र की खुशहाली की कामना की।

### अंबा बावड़ी के संरक्षण को लेकर सकल हिंदू समाज ने सौंपा ज्ञापन



**मंदसौर।** ग्राम सोनगरी स्थित ऐतिहासिक अंबा बावड़ी के संरक्षण और उसे पहुंचाई गई कथित क्षति के मामले को लेकर सकल हिंदू समाज में भारी रोष है। इस संबंध में सकल हिंदू समाज के प्रतिनिधियों ने जिला प्रशासन को एक ज्ञापन सौंपकर निष्पक्ष जांच और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि अंबा बावड़ी क्षेत्र हिंदू समाज की प्राचीन आस्था और धार्मिक श्रद्धा का एक प्रमुख केंद्र रहा है। समाजजनों ने आरोप लगाया है कि हाल ही में इस क्षेत्र में स्थित कुछ प्राचीन वृक्षों को काटा गया है और बावड़ी में मिट्टी भरकर उसके मूल स्वरूप को नुकसान पहुंचाने का प्रयास किया गया है। विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री हेमंत बुलचंदानी और सकल हिंदू समाज के प्रतिनिधियों ने प्रशासन से मांग की है कि इस पूरे संवेदनशील मामले की तीन दिनों के भीतर निष्पक्ष जांच कराई जाए। यदि इसमें किसी व्यक्ति, संस्था या समिति की संलिप्तता सामने आती है, तो उसके खिलाफ कानूनन सख्त कदम उठाए जाएं। इसके साथ ही अंबा बावड़ी के पुनःद्धार, सौंदर्यीकरण और सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करने की मांग भी की गई है। यह जानकारी विहिप भालोट प्रखंड मंत्री राकेश विश्वकर्मा ने दी।


**न्यायालय तहसीलदार तहसील नीमच नगर जिला नीमच (म.प्र.)**

**प्रकरण क्रमांक 235/अ-6/2026-27**
**ई.नं. 355 दिनांक 15.06.2026**

**विज्ञप्ति**

1. सर्व साधारण जनता ग्राम नीमचसिटी का सूचित किया जाता है, आवेदक इंद्रादेवी पति रघुवीरदास जी बैरागी निवासी 37 जवाहर नगर नीमच के द्वारा इस न्यायालय में म.प्र. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109, 110 के तहत लोक सेवा केन्द्र में आवेदन प्रस्तुत किया गया। जो इस न्यायालय को प्राप्त हुआ। आवेदन पत्र में ग्राम नीमचसिटी में स्थित भूमि 1317/मिन-5 रकबा 0.007 हे. भूमि कुल क्षेत्र 69.70 व.मी. या रकबा 0.007 हे. हे. भूमि पर खातेदार बाबू खां पिता करीम खंजी जाति मुसलमान निवासी गांधीसागर तहसील भानपुरा द्वारा मु.आम. सूरजमल पिता पन्नालाल जी जाति सोनी निवासी तिलक मार्ग नीमचकेंट तह. व जिला नीमच से कलाबाई पति श्री जमनलाल जाति सुनार निवासी वार्ड नं. 07 फिल्टर को के पिछे नीमचसिटी जिला नीमच के नाम हुवे रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 10.08.1999 व रजिस्ट्री क्रमांक एमपी279462021ए1496953 दिनांक 28.06.2021 के आधार पर कलाबाई पति श्री जमनलाल जी जाति सुनार निवासी वार्ड नं. 07 फिल्टर को के पिछे नीमचसिटी जिला नीमच से आवेदक इंद्रादेवी पति रघुवीरदास जी बैरागी निवासी 37 जवाहर नगर नीमच के नाम नामान्तरण करवाना चाहा है।

2. इस संबंध में यदि किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति प्रकरण में नियत पेशी दिनांक 22.06.2026 को 3.00 बजे इस न्यायालय में स्वयं या जर्ये अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि समाप्त होने के पश्चात किसी भी आपत्ति आवेदन पत्र पर विचार नहीं किया जाकर प्रकरण में आगामी कार्यवाही की जावेगी।

आज दिनांक 15.06.2026 मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी।

**तहसीलदार**
**तहसील नीमच नगर**



## वायुसेना में चयनित जिनिशा का स्वागत अभिभाष संघ द्वारा किया

**खाचरोद।** नगर की बेटी जिनीषा नांदेचा भारतीय वायुसेना में चयनित होने पर स्वागत समारोह अभिभाषक संघ द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन अभिभाषक संघ कोषाध्यक्ष मनीष शर्मा द्वारा किया गया। सर्वप्रथम अभिभाषकगणों द्वारा स्वागत अभिभाषक चंद्रकला सुराणा, विजय सेठी, विजारत हाशमी, चंद्रप्रकाश चोरड़िया,संतोष बरखेड़वाला, अनिल शर्मा, अशोक जैन, अभिभाषक संघ अध्यक्ष प्रवीण पांड्या, कैलाश खमोरिया सचिव , सुनील मालवीय, ममता गोमे, कृष्णचंद्र गोहर,परमानंद धाकड़,भूपेंद्र सिंह, निर्मला धाकड़, ए जी पी रजनीश उपाध्याय, अभिषेक व्यास, दीपकवैद्य, संदीप चौधरी, प्रमोद देवड़ा, रवि मुकाती, आदि ने पुष्पों से स्वागत किया गया। कार्यक्रम में गौरव प्राप्त होनार छात्रा जिनिशा का चयन होने पर उनके पिता राजेंद्र नादेचा का भी स्वागत कियागया। जिनिशा के पिता राजेंद्र नादेचा भी सामाजिक कार्यक्रम पर नगर में नेत्रदान करने वालो के लिये तुरंत सेवा में जुट जाते है। अनेको नेत्रदान उनके प्रयास से खाचरोद नगर में हुवे हैं। अभिभाषक की ओर से उदबोधन अशोक जैन, विजय सेठी आदि द्वारा दिया गया। इस अवसर पर अर्जुन सेवक द्वारा जिनिशा के चयनित होने पर मधुर कविता की प्रस्तुति दी गई।

## कोटा-उज्जैन ट्रेन का पहले दिन आगमन पर महिदपुर रोड में किया स्वागत आगमन

### सांसद को ज्ञापन देकर की अन्य सुविधाओं की मांग



**महिदपुर रोड।** नगर के रेल्वे स्टेशन पर कोटा से से उज्जैन के बीच में प्रारंभ की गई नई यात्री मेमू गाड़ी का पहले दिन आगमन पर ट्रेन का स्वागत किया गया। इस दौरान उज्जैन आलोट संस दीय क्षेत्र के सांसद अनिल फिरौजिया का भी स्वागत किया गया इस दौरान उन्हें नगर वासियों की मांगों को लेकर रेल संघर्ष समिति किशन मीणाव अन्य ने एक ज्ञापन देकर अशीतला माता मंदिर का रास्ता खुलवाने , जयपुर मुम्बई भगत की कोठी के ठहराव, महिदपुर रोड स्टेशन को अमृत भारत में जोड़ने, कोटा - सिरसा ट्रेन को रतलाम तक बढ़ाने आदि के बारे उनकी और से प्रयास करने की मांग की फिरौ जिया ने कार्यवाही का आश्वासन दिया। इस दौरान विधायक प्रति निधि गोलू मीणा, नरेश शर्मा,ओम प्रकाश राव,जीवन देवड़ा,सूरज धाकड़,राहुल श्याम गुलाटी, भेरूलाल परमार आदि उपस्थित थे। प्रथम दिन कोटा उज्जैन ट्रेन के रेलवे टिकट विंडो से इस यात्री गाड़ी से सफर करने के लिये पचास यात्रियों ने उज्जैन के लिये टिकट खरीदें।

## जागृति महिला मंडल द्वारा एक महीने से की जा रही रेलवे स्टेशन पर जल सेवा




**ब्यावरा।** जागृति महिला मंडल रचनात्मक समाज सेवी संस्था समाजसेवी भाइयों बहनों बच्चों बुजुर्गों के द्वारा हर रोज की तरह ट्रेन में यात्रा कर रहे यात्रियों को निःशुल्क शीतल ठंडा जल पिलाया गया। सचिव सुश्री रचना भार्गव ने बताया महिला मंडल सदस्यों के साथ सभी सेवाभावी माताएं, बहने, भाइयों, बुजुर्गों ,बच्चों के साथ तपती दोपहरी 45 डिग्री टेंपरेचर, उमस ,गर्म हवाओं, लपटों के बीच जल सेवा की। अधिक मास समाप्ति पर 1 माह चली जल सेवा का समापन किया गया। सभी सेवा भावी लोगो ने बढ़ चढ़कर भाग लिया कोई भी यात्री प्यासा ना जाए हर व्यक्ति को शुद्ध ठंडा पानी पिलाया महिला मंडल के द्वारा यह कार्य विगत 9 वर्षों से जारी है। सचिव ब्यावरा जागृति महिला मंडल रचना भार्गव, अजय दीक्षित, इरशाद हैदर, पुरुषोत्तम लाल शर्मा, संदीप पाराशर, बृजेश त्रिवेदी, अशोक खत्री, सुनील शिवहरे, राजा राम शिवहरे, सीमा शिवहरे, हरिशंकर शर्मा, पूनम गुप्ता, श्रीमति इन्द्रा कुशवाह ,विशाल साहू, केशव दीक्षित, मुख्तार अंसारी, रितेश अग्रवाल, घनश्याम पाराशर, वेदांश पचौरी, उन्नति शिवहरे,जावेद खान, इमरान खान, निर्मल गुप्ता ,कल्लू सहित महिला मंडल एवं नगर का भरपूर सहयोग प्राप्त हुआ।

## थाना परिसर में मोहर्रम पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित



**ब्यावरा।** राजगढ़ जिले के ब्यावरा सिटी थाना परिसर में मोहर्रम पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई उक्त बैठक में मोहर्रम का पर्व शांति व सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाने का निर्णय लिया गया मोहर्रम का पर्व परंपरागत रूप से सुव्यवस्थित संचालित किया जायेगा इसमें किसी भी प्रकार का नवाचार नहीं किया जाएगा मोहर्रम पर ताजियों की ऊंचाई, ध्वनि विस्तारक यंत्र, नाल साहब की सवारी जुलूस और अखाड़ो का प्रदर्शन निर्धारित मापदंड के अनुसार किया जाएगा, ताजियों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस बल के साथ साथ वॉलिंटियर्स भी रहेंगे, जो व्यवस्थाओं पर निगरानी रखेंगे, नगरपालिका, पुलिस बल और राजस्व विभाग की टीमें अपने अपने दायित्वों का निर्वाहन निष्ठा व ईमानदारी से करेंगे, इस मौके पर अनेक जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी, गणमान्य नागरिक, सामाजिक राजनैतिक एवं धार्मिक संगठनों के पदाधिकारी मौजूद रहे।

### महासंयोग में सोमवती अमावस्या का स्नान:

# सारंगपुर के कपिलेश्वर घाट पर उमड़ा जनसैलाब, दिखा कुंभ जैसा नजारा

दैनिक अवन्तिका ▶▶ सारंगपुर



अधिकमास (पुरुषोत्तम मास) के अंतिम दिन सोमवार को सोमवती अमावस्या का एक दुर्लभ और बेहद पवित्र महासंयोग देखने को मिला। इस विशेष और ऐतिहासिक धार्मिक अवसर पर सारंगपुर की जीवनदायिनी कालीसिंध नदी के प्रसिद्ध कपिलेश्वर घाट पर तडके से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड उमड पडी। घाट पर आस्था का ऐसा सैलाब था कि पूरा नजारा किसी मिनी कुंभ जैसा प्रतीत हो रहा था। हजारों की संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने पवित्र कालीसिंध नदी में डुबकी लगाई और इसके बाद विधि-विधान से पूजन, अर्चन और तर्पण कर दान-पुण्य अर्जित किया। अधिकमास के समापन के दिन सोमवती अमावस्या आने के कारण इस बार इसका धार्मिक और आध्यात्मिक महत्व कई गुना बढ गया है।

**अमृत सिद्धि योग में पूजन का मिला लाभ**

क्षेत्र के प्रसिद्ध पंडित पवन पारीक ने इस दुर्लभ संयोग के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि इस बार सोमवती अमावस्या पर अमृत सिद्धि योग का एक बेहद विशेष और कल्याणकारी संयोग बना है। सोमवार के दिन अमावस्या तिथि, मृगशिरा नक्षत्र और पुरुषोत्तम मास (अधिकमास) का समापन एक ही साथ होना अपने आप में अत्यंत दुर्लभ और महान पुण्यदायी माना जा रहा है। शास्त्रों के अनुसार, इस विशिष्ट योग में किए गए किसी भी प्रकार के धार्मिक कार्य, जप, तप और स्नान-दान का फल आम दिनों की तुलना में कई गुना अधिक बढकर मिलता है। यही वजह थी कि लोग ब्रह्ममुहूर्त से ही घाटों पर पहुंचने लगे थे।

**पितरों के निमित्त किया तर्पण और श्राद्ध कर्म**

सोमवती अमावस्या की तिथि सनातन धर्म में पितरों की प्रसन्नाता और उनकी आत्मा की शांति के लिए सर्वोत्तम मानी गई है। कपिलेश्वर घाट पर सुबह से ही सैकडों परिवारों ने अपने पूर्वजों और पितरों के लिए विभिन्न प्रक्रिया की। ऐसी धार्मिक मान्यता है कि इस महासंयोग में पितरों के नाम से किया गया दान और धार्मिक अनुष्ठान सीधे उन तक पहुंचता है और परिवार को सुख, समृद्धि तथा वंश वृद्धि का आशीर्वाद प्राप्त होता है। श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर अपने पितरों की शांति की कामना की।

**दान-धर्म और पुण्य कमाने का अवसर**

पंडित पारीक के अनुसार, जो श्रद्धालु पूरे अधिकमास (पुरुषोत्तम मास) के दौरान किसी कारणवश स्नान, दान-पुण्य या कोई विशेष धार्मिक अनुष्ठान नहीं कर पाए थे, उनके लिए यह सोमवती अमावस्या एक वरदान की तरह रही। अधिकमास के इस अंतिम दिन श्रद्धापूर्वक किए गए अन्ना, वस्त्र और गुप्त दान से इष्ट देवों और पितरों की विशेष कृपा प्राप्त होती है। यही कारण रहा कि घाटों और मंदिरों के बाहर जरूरतमंदों को दान देने के लिए भी श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखा गया। प्रशासन द्वारा भी भीड को देखते हुए घाटों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे।

**कपिलेश्वर मंदिर सहित देवालयों में लगी लंबी कतारें**

कालीसिंध नदी में पवित्र स्नान और तर्पण के बाद श्रद्धालुओं का रुख मंदिरों की ओर हुआ। अधिकमास का अंतिम दिन होने के कारण प्राचीन व ऐतिहासिक कपिलेश्वर महादेव मंदिर सहित शहर के तमाम प्रमुख शिवालयों और मंदिरों में भक्तों का तांता लगा रहा। सुबह से ही भगवान भोलेनाथ और अन्य देवी-देवताओं के दर्शन के लिए भक्तों की लंबी-लंबी कतारें देखने को मिलीं। पूरी नगरी हर-हर महादेव और जय भोलेनाथ के जयकारों से गुंजायमान हो उठी। श्रद्धालुओं ने भगवान के दर्शन कर परिवार की खुशहाली, उत्तम स्वास्थ्य और सुख-समृद्धि की प्रार्थना की।

### गोपाल गौ शाला

## सोमवती अमावस्या पर गायों को खली, गुड़, रोटी, दलिया खिला कर पुण्य अर्जित किया

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंगोरिया



श्रद्धा-भक्ति और पुण्य का पर्व सोमवती अमावस्या। सोमवार को अमृत सिद्धि, और स्वार्थ सिद्धि योग में क्षेत्र से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने मालपूरा_दुनालजा गौ शाला पहुंचकर गायों की सेवा की। आज अधिक मास का अंतिम दिन था। अगला अधिक मास 3 वर्ष बाद आयेगा। गोपाल गौ शाला मालपुरा_ दुनालजा चंबल नदी के तट पर सुबह से ही गौ सेवक एकत्रित हो गए थे। सभी ने गायों को खली, पशु आहार और गुड का दलिया खिलाकर पुण्य अर्जित किया।

**भंडारे में 11-11 हजार रु दिए**

इस अवसर पर डूंगर सिंह जाधव ग्राम नवादा द्वारा गौ माता की सेवा हेतु एक दिन का भंडारा करने हेतु 11 हजार रुपए नकद राशि दान की। अमावस्या को गौ शाला की दान पेटी खोली गई श्रद्धालुओं द्वारा भेंट की गई राशि 9130 रुपए निकली। मोहनलाल पिता भंवर लाल पाटीदार निवासी मकड़ावन ने भी गौ माता के भंडारे के निमित्त 11 हजार रुपए नकद राशि भेंट की।

**गौ को गोद लेकर सेवा का संकल्प**

मूलचंद देवजी जाट निवासी मुंडत ने 5100 रुपए की राशि प्रदान कर गौ माता को गौद लेकर आजीवन सेवा का संकल्प लिया। अन्य दानदाताओं में मनोहरसिंह, डूंगरसिंह निवासी महुडी आलम, लाखनसिंह रावले जहांगीरपुर, गोपालसिंह, दरबार सिंह बिरियाखेड़ी, रामेश्वरजी कोलाला, मनीष शर्मा लबायचा, प्रकाश बैरागी और गौ सेवा संयोजक मेहरबान सिंह दुनालजा ने भी गौ माताओं को खली, गुड रोटी, पशु आहार और दलिया खिलाकर पुण्य लाभ अर्जित किया।

**अमावस्या को होता है भंडारा**

प्रत्येक माह की अमावस्या पर गोपाल गौ शाला में भंडारा आयोजित किया जाता है। बड़नगर तहसील और अंचल से इस गौ शाला में लोग स्वेच्छा एवं श्रद्धा से पहुंचते हैं। गऊ माता की सेवा और दान प्रदान कर गौरव का अनुभव करते हैं।



## महाराणा प्रताप जयंती पर शौर्य यात्रा का कार्यक्रम संपन्न

दैनिक अवन्तिका ▶▶ महिदपुर

राजपूत कल्याण समिति महिदपुर द्वारा वीर शिरोमणी महाराणा प्रताप की जयंति पर परम्परागत राजपूती वेशभूषा में घोडे पर सवार महाराणा प्रताप के अपने आयोजित शौर्य यात्रा कृषि उपज मंडी प्रांगण से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गो से निकाली गई, जिसमें बैंडबाजे एवं डीजे, कडाबीन विशेष आकर्षक रहें। यात्रा का रास्ते में जैन समाज, गुर्जर समाज, गायरी समाज, जाट समाज, ब्राह्मण समाज, अखण्ड हिन्दू सेना, भाजप एवं कांग्रेस के कार्यकर्ता द्वारा मंच बनाकर स्वागत किया गया। यात्रा में पूर्व मंत्री एवं विधायक जयवर्धनसिंह, विधायक दिनेश जैन बॉस करनी सेना प्रदेश अध्यक्ष जीवनसिंह शेरपुर, विधायक तेजबहादुरसिंह, गुरूचरणसिंह, शिवसिंह परिहार, रूद्रप्रतापसिंह कडोडिया, नरेन्द्रसिंह विचोडसा, विरेन्द्रसिंह सिसौदिया, स्वातिसिंह, चंद्रविजयसिंह, छोटु बना, अर्जुनसिंह आदि अतिथी मंच पर आसिन होकर पश्चात दीप प्रज्वलन कर श्रीराम व महाराणा प्रताप का पूजन किया। विधायक डॉ. तेजबहादुरसिंह के द्वारा समाज में दहेज प्रथा को कलंकित बताया गया। सभी अतिथियों द्वारा समाज सुधार, शिक्षा एवं पुराने इतिहास पर प्रकाश डाला गया। साथ ही कार्यक्रम में मेघावी छात्र छात्राओं का सम्मान किया गया। स्वागत भाषण एवं संचालन भगवानसिंह पंवार द्वारा किया गया। अतिथि परिचय बनेसिंह द्वारा कराया गया। उक्त कार्यक्रम में राज्यसभा सदस्य दिग्विजयसिंह द्वारा दिये गये 10 लाख रुपये का भूमिपूजन पूर्व मंत्री एवं विधायक जयवर्धनसिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर विधायक दिनेश जैन बोस द्वारा राजपूत बोर्डिंग के लिये 10 लाख रुपये देने की घोषणा भी की गई। आभार नारायणसिंह डोडिया द्वारा किया गया। जानकारी अंतरसिंह राजपुत द्वारा दी गई।

## अमावस्या पर महेश्वर में देवास के प्रॉपर्टी ब्रोकर की डूबने से मौत

दैनिक अवन्तिका ▶▶ देवास

देवास के बालगढ़ इलाके में रहने वाले रवि सोलंकी की महेश्वर में नर्मदा नदी में डूबने से दर्दनाक मौत हो गई। वह सोमवार को सोमवती अमावस्या के मौके पर अपने दोस्तों के साथ नर्मदा स्नान करने गए थे। इसी दौरान पैर फिसलने से वह गहरे पानी में चले गए। गोताखोरों की मदद से शव को बाहर निकालकर सोमवार रात देवास लाया गया है। मंगलवार सुबह जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा।

जानकारी के मुताबिक, सोमवती अमावस्या के अवसर पर रवि सोलंकी अपने दोस्तों के साथ पवित्र स्नान के लिए महेश्वर गए थे। घाट पर नहाते समय अचानक रवि का पैर फिसल गया और वह नदी के गहरे हिस्से में समा गए। उन्हें डूबता देख उनके दोस्तों ने उन्हें बचाने का भरपूर प्रयास किया, लेकिन गहराई अधिक होने के कारण वे सफल नहीं हो सके। बाद में गोताखोरों की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद रवि के शव को नदी से बाहर निकाला। इस दुखद घटना की जानकारी जैसे ही देवास में रवि के परिजनों को मिली, वे बदहवास हालत में तुरंत महेश्वर के लिए रवाना हो गए। बालगढ़ के क्षेत्रीय पार्षद राजा अकोदिया ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि मृतक रवि सोलंकी प्रॉपर्टी का काम (व्यवसाय) करते थे।

## वन अमले पर हमले के बाद कार्रवाई, फरार ट्रैक्टर इंजन बरामद

### पिड़ावा रोड से जब्त कर रेंज परिसर लाया गया वाहन

दैनिक अवन्तिका ▶▶ सुसनेर



वन विभाग के अमले पर हुए हमले और शासकीय कार्रवाई में बाधा पहुंचाने के चर्चित मामले में वन विभाग को सफलता हाथ लगी है। घटना के बाद वन विभाग के कब्जे से बाहर चला गया ट्रैक्टर इंजन सोमवार को विभागीय टीम ने बरामद कर लिया। विशेष अभियान चलाकर इंजन को पिड़ावा रोड क्षेत्र से जब्त किया गया और बाद में सुसनेर रेंज कार्यालय परिसर में लाकर सुरक्षित खड़ा किया गया।

गौरतलब है कि 11 जून को वन विभाग की टीम अवैध लकड़ी परिवहन के विरुद्ध कार्रवाई कर रही थी। इसी दौरान वन अमले और आरोपियों के बीच विवाद की स्थिति निर्मित हो गई। वन विभाग के अनुसार कार्रवाई के दौरान शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न की गई और जब्त वाहन को छुड़ाने का प्रयास किया गया। घटना के बाद ट्रैक्टर का इंजन वन विभाग के कब्जे से बाहर चला गया था जिसकी तलाश लगातार की जा रही थी। वन मंडलाधिकारी शाजापुर श्रीमती हेमलता शाह के निदेर्शानुसार, उपवन मंडलाधिकारी आगर फतेहसिंह नीनामा तथा वन परिक्षेत्र अधिकारी सुसनेर चंदरसिंह पंवार के मार्गदर्शन में इंजन की तलाश के लिए विशेष अभियान चलाया गया। अभियान का नेतृत्व डिप्टी रेंजर पीरूलाल खाटकी ने किया। कार्रवाई में के.एल. परमार (बीट प्रभारी सोयत), कमलसिंह मालवीय, सुरेश प्रजापति, संजय गोर, जितेंद्र गोर एवं देवराज सिंह सिसौदिया सहित वन विभाग के कर्मचारियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। टीम ने लगातार क्षेत्र में निगरानी और तलाश अभियान जारी रखा, जिसके परिणामस्वरूप सोमवार को पिड़ावा रोड क्षेत्र से ट्रैक्टर इंजन बरामद कर लिया गया।

**घटना के बाद बना था चर्चा का विषय**

वन अमले पर हमले और जब्त वाहन के इंजन को लेकर हुई घटना क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई थी। घटना के बाद वन विभाग द्वारा संबंधित मामले में पुलिस को आवेदन भी दिया गया था। वहीं वन विभाग के सामने जब्त वाहन को पुनः अपने कब्जे में लेना बड़ी चुनौती बन गया था। कई दिनों की तलाश के बाद इंजन की बरामदगी को वन विभाग की सफलता माना जा रहा है।


### अधिक मास के समापन पर हुए धार्मिक आयोजन

## गोवंश को खिलाया चारा -भांजी की पैर पखार कर किया सम्मान



**महिदपुर रोड।** पुरुषोत्तम मास का समापन सोमवती अमावस्या के साथ सोमवार को हुआ सोमवार के दिन दिन भर नगर में दान पुण्य तथा अन्य धार्मिक आयो जनों के साथ मंदिरों में देव दर्शन के लिये श्रद्धालु पहुंचते रहे। विभिन्न सामाजिक संस्थाओं , समाजों के प्रमुखों परिवार जनो द्वारा गौशाला पहुंच कर गायों को चारा तथा अन्य खाद्य सामग्री खिलाई कुछ परिवार में मामा पक्ष द्वारा भांजियों का सम्मान पैर पखार कर उन्हें मिठाई खिलाकर नये कपड़े आदि प्रदान किये मंदिरों में भी महिलाओं ने पहुंचकर खाद्य सामग्री तथा अन्य वस्तुओं के साथ द्रव्य दान किया

## साधकों को कपलेश्वर धाम पर 1400 ऋषि प्रसाद का वितरण



**सारंगपुर।** धार्मिक और सेवा कार्यों की श्रृंखला में सोमवार को कपिलेश्वर धाम एक बार फिर सेवा भाव का केंद्र बना। राम चरण नववरिया और उनके साथी साधक भाइयों के निश्स्वार्थ प्रयासों से धाम पर एक सेवा कार्य संपन्ना हुआ। कपिलेश्वर धाम पर विशेष आयोजन के तहत 1400 ऋषि प्रसाद पत्रिका/प्रसाद का वितरण किया गया। इस दौरान धाम पर आने वाले श्रद्धालुओं और साधकों में भारी उत्साह देखा गया। श्री नववरिया की पूरी टीम ने पूरी लगन और आत्मीयता के साथ व्यवस्थाओं को संभाला और हर एक जन तक प्रसाद पहुँचाना सुनिश्चित किया। साधकों द्वारा निःस्वार्थ भाव से की जा रही इस दमदार सेवा की क्षेत्र में हर तरफ सराहना हो रही है। उपस्थित प्रबुद्ध जनों और श्रद्धालुओं ने श्री नववरिया एवं उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल रहे सभी साधक भाइयों का सहृदय आभार व्यक्त किया और उन्हें इस पुनीत कार्य के लिए बहुत-बहुत साधुवाद दिया।

## फुलमाली समाज भेरू दरवाजा पंचायत के पुन: अध्यक्ष बने पुष्पद



**सारंगपुर।** फुलमाली समाज भेरू दरवाजा पंचायत की आवश्यक बैठक रविवार रात्रि में श्री राम मंदिर परिसर पूर्व समाज अध्यक्ष हीरालाल पुष्पद की अध्यक्षता में रखी गई। जिसमे सर्व सहमति से पुनः फुलमाली समाज भेरू पंचायत अध्यक्ष के पद पर धन सिंह पुष्पद नियुक्त किया गया। जिस पर उपस्थित वरिष्ठ समाज जन घिसुलाल पुष्पद, दुलीचंद पुष्पद, आत्माराम पुष्पद, दुर्गलाल पुष्पद, देवनारायण पुष्पद,संतोष टेलर, मोहन लाल पुष्पद, भगीरथ पुष्पद (पप्पू), सुरेश पुष्पद, संजय मेडिकल, कमल पुष्पद, राजेश पुष्पद, मुकेश पुष्पद, मनोज एसटीडी, रामेश्वर पुष्पद, मुकेश पुष्पद, पंकज पुष्पद, धीरज पुष्पद, संतोष पुष्पद, रामबाबू पुष्पद, निकेश पुष्पद, कार्तिक पुष्पद, कपिल पुष्पद, जगदीश पुष्पद, कमल चायना, कैलाश पुष्पद, कालू पुष्पद, जीवन पुष्पद, कालू पुष्पद, नरेंद्र पुष्पद, अभिषेक पुष्पद आदि ने पुष्प माला पहनकर नवनियुक्त समाज अध्यक्ष का स्वागत किया गया। इस दौरान बड़ी सख्या मे समाज जन उपस्थित थे। यह जानकारी जिला फुलमाली समाज प्रवक्ता लोकेश पुष्पद ने दी।

## जनकल्याणकारी शिविर में पार्षद प्रतिनिधि गोहर ने ज्ञापन सौंपा



**खाचरोद।** जनकल्याणकारी शिविर वार्ड नंबर 12 सामुदायिक भवन मैं लगाया गया शिविर में शिक्षा विभाग से लेकर सभी विभाग के अधिकारी उपस्थित थे सांदीपनी स्कूल खाचरोद में 3 से 4 साल के बच्चों को एडमिशन नहीं मिलने से गरीब जनता में आक्रोश दिख रहा है जो वास्तव ही इस स्कूल के हकदार है स्कूल मैं बड़े नेताओं के कहने पर सक्षम घर के बच्चों को एडमिशन मिल जाता है परंतु गरीब मजदूर कूड़ा कचरा बिनने वाले परिवार के लोगों को एडमिशन नहीं मिल रहा है शिविर में ऐसे कहीं परिवार के लोग नजर आए जिन लोगों ने 20-21 में आवास योजना के फॉर्म भरे थे परंतु अभी तक आवास योजना नहीं मिली जबकि नगर पालिका के सरकारी कर्मचारियों ने आवास योजना में सबसे ज्यादा और जनता से मोटी रकम ले लेकर खूब घोटाले किए सरकर की वृद्धा विकलांग पेंशन तीन तीन चार चार ममहीने से नहीं मिल रही महिलाऐं पुरुष शिविर में सरकार की दोहरी नितियों से नाराज नजर आये।

# फ्रीजी हेयर से हैं परेशान तो फौलो करें ये टिप्स...

**ऑफिस के लिए तैयार होते वक्त मोहिनी का 1 घंटा सिर्फ अपने बाल संवारने में लग जाता है। अब यह सुन कर आप को और हैरानी होगी कि इस 1 घंटे में मोहिनी कोई स्टाइलिश हेयरस्टाइल नहीं बनाती, बल्कि साधारण तरीके से 1 पोनीटेल ही बना पाती है। 1 पोनीटेल बनाने में मोहिनी को इतना वक्त इसलिए लग जाता है, क्योंकि उस के बालों में फ्रीजी बेबी हेयर की समस्या है। इस समस्या को कई नामों से पुकारा जाता है। मसलन, बेबी हेयर, फ्लायवेज आदि।**



## जानें क्या हैं कारण

फ्रीजी बेबी हेयर की सब से बड़ी वजह होती है लो ह्यूमिडिटी और शुष्क हवा। डाक्टर अमित के अनुसार, बालों में मौइश्चर की कमी होने से वे रूखे हो जाते हैं, साथ ही उन का एकदूसरे से जुड़ाव भी खत्म हो जाता है। ऐसे में डीप कंडीशनिंग बालों की फ्रीजीनैस खत्म करने का सब से अच्छा विकल्प है। डीपकंडीशनिंग के लिए नारियल का गरम तेल काफी फायदेमंद रहता है। गरम तेल से मालिश करने के लगभग 1 घंटे बाद शैंपू से बाल धोए जा सकते हैं। ध्यान रहे बाल ऐंटीसैप्टिक फौमूर्ला बेस्ड शैंपू से ही धोएं।

दरअसल, फ्रीजी बेबी हेयर समस्या सिर्फ मोहिनी की ही नहीं, बल्कि हर उस महिला की है जिस के बाल रूखे और घुंघराले होते हैं। फिर चाहे बाल छोटे हों या बड़े। डमेर्टोलौजिस्ट वरुण कतियाल इस समस्या को ऐलोपेशिया बताते हैं। वे कहते हैं, ह्यह्ययह समस्या जैनेटिक भी हो सकती है और खराब वातावरण की वजह से भी महिलाएं इस समस्या का शिकार हो सकती हैं।

एशियन इंस्टिट्यूट में डमेर्टोलौजिस्ट डाक्टर अमित बांगिया का कहना है, मनुष्य के सिर पर बालों की संख्या लगभग 1 से 2 लाख के बीच होती है। हर बाल का जीवन 1 से 3 वर्ष होता है। वैसे यह बाल की गुणवत्ता पर भी निर्भर करता है कि कितने समय तक वह जीवित रहेगा। जैसे-जैसे बाल की उम्र पूरी होती जाती है वह टूट जाता है और उस के स्थान पर नया बाल निकल आता है। इस बात की जानकारी भी कम ही महिलाओं को होती है कि रोज लगभग 100 बाल टूटते हैं और 50 नए बाल उगते हैं। इसलिए हर बाल की एक लैंथ नहीं हो सकती है।

मगर अधिकतर महिलाओं को यह समस्या हेयरलाइन पर होती है। डाक्टर वरुण कहते हैं, ह्यह्यजहां अधिकतर महिलाओं की फ्रंट हेयरलाइन पर बालों की लैंथ बहुत कम होती है, वहीं कुछ महिलाओं के कानों के पीछे और नैक हेयरलाइन पर फ्लायवेज हेयर होते हैं। इन की लैंथ बढ़ाने का वैसे कोई वैज्ञानिक तरीका नहीं है, लेकिन थोड़ी देखभाल और सही उत्पादों के इस्तेमाल से इन्हें व्यवस्थित किया जा सकता है।



## बालों में अधिक पिनें लगाना भी है एक कारण

कई महिलाएं हेयरस्टाइल बनाने के लिए तरहतरह की पिनों का इस्तेमाल करती हैं, लेकिन ये बालों को खींचती हैं और उन्हें कमजोर बना देती हैं। ब्यूटीशियन रेनू महेश्वरी कहती हैं, ह्यह्यकभी पिनें ऐसे न लगाएं कि बाल खिंचने लगें, बल्कि बालों में ऐसे लगाएं कि बाल बंधे रहें। पिनें लगाने की ही तरह उन्हें निकालने का भी तरीका होता है। कभी उन्हें खींच कर बालों से न निकालें और साथ ही ऐसी पिनों का चुनाव करें, जो बालों में फंस कर उन्हें तोड़ें नहीं।

**इन बातों का भी रखें ध्यान-** चेहरा धोते वक्त साबुन या फेसवाश बालों में न लगे। बारबार साबुन लगने से बालों से नमी चली जाती है और वे टूटने लगते हैं। बालों में कंघी करते वक्त हमेशा नीचे से ऊपर की तरफ को पहले उन्हें सुलझा लें, फिर ब्रश करें। रात में सोते वक्त बालों को हमेशा हलका बांध कर सोएं। फ्रीजी बेबी हेयर की औलिव औयल से मालिश करें। ऐसे बालों पर अच्छी तरह कंडीशनर लगाएं। गीले बालों को उंगलियों से सुलझाएं।

## हेयर स्प्रे का करें इस्तेमाल

हेयरस्टाइल बनाते वक्त अकसर छोटी लैंथ के बाल लुक को खराब कर देते हैं। ऐसे में स्ट्रौंग मगर अच्छी क्वालिटी का हेयर स्प्रे लगा कर फ्रीजी बेबी हेयर को दबाया जा सकता है। यदि हेयर स्प्रे का इस्तेमाल न करना चाहती हों, तो सिलिकौन बेस्ड हेयर जैल या हेयर सीरम का भी इस्तेमाल कर सकती हैं। ये दोनों ही उत्पाद बालों को स्मूद और शाइनी फिनिश देते हैं। इस के अतिरिक्त बहुत ही कम मात्रा में बौडी लोशन भी फ्रीजी बेबी हेयर पर लगाया जा सकता है। लेकिन ध्यान रहे कि लोशन सिर्फ बालों को दबाने के लिए लगाएं न कि उन्हें ग्रीसी बनाने के लिए।

## ड्रायर शीट और स्टैटिक फ्री ब्रश की लें मदद

बालों को इंस्टैंट फिक्स करने के लिए हाथों में हलका पानी लगा कर बालों में फिराएं और फिर स्टैटिक फ्री ब्रश से कंघी करें। स्टैटिक फ्री ब्रश इसलिए, क्योंकि यह स्कैल्प में रक्तसंचार को सुधारता है, जिस से दोमुंहे बाल और फ्रीजी बेबी हेयर की समस्या काफी हद तक कम हो जाती है।

# टिंटेड आईब्रोज से बदलें लुक...



आजकल ब्यूटी ट्रेंड्स में टिंटेड आईब्रोज टौप पर है। पहले जहां केवल थ्रैडिंग या शेपिंग तक ही आईब्रोज की देखभाल सीमित थी। वहीं अब गर्ल्स आईब्रोज को नैचुरल तरीके से डार्क और डिफाइन दिखाने के लिए टिंटिंग का सहारा ले रही हैं। यह तकनीक उन के लिए बैस्ट है जिन की आईब्रोज हलकी, पतली या अनइवन हैं।

## क्या हैं टिंटेड आईब्रोज

यह एक ऐसा सेमीपरमानैंट ब्यूटी प्रोसैस है, जिस में आईब्रोज के बालों को एक सेफ कलर से हलका या गहरा रंग दिया जाता है। इस से आईब्रोज ज्यादा घनी, शेप्ड और आकर्षक दिखती हैं। इस के बाद आईब्रोज पैंसिल इत्यादि यूज करने की जरूरत नहीं पड़ती। इस प्रोसैस में 15 से 20 मिनट का समय लगता है और फिर 2-3 सप्ताह तक दोबारा कराने की जरूरत नहीं पड़ती। आईब्रोज के लिए प्रोफैशनल आर्टिस्ट ऐसे कलर की डाई यूज करते हैं जो आप की स्किनटोन से मेल करते हों। वैसे यह प्रोसैस अपनाने का खर्च पार्लर के स्टैंडर्ड पर डिपैंड करता है लेकिन फिर भी यदि सिर्फ लैमिनेशन कराना है तो आप को क्व800 से क्व3500 तक खर्च करने पड़ सकते हैं। वहीं परमानैंट आईब्रोज कराने के लिए क्व10 से क्व25 हजार तक खर्च हो सकते हैं।

## क्यों बढ़ रहा है ट्रेंड

टिंटेड आईब्रोज का ट्रेंड बढ़ने का सब से बड़ा कारण है इस का लौंगलास्टिंग होना और प्रोसैस कम समय में पूरा हो जाना। कुछ और भी कारण हैं जैसेः आईब्रोज का लुक और भी ज्यादा फुलर और डिफाइंड हो जाता है। कलर्स की इतनी वैराइटीज हैं कि आप हर बार चेंज करा सकती हैं। प्रोफैशनल से टिंटिंग कराना पेनलैस और सेफ होता है। आइब्रोज हेयर का अनइवन कलर छिप जाता है। आईब्रोज की सिमैट्री सही हो जाती है।



ईरानी फुटबॉल टीम बोली-हमें तुरंत अमेरिका छोड़ने को कहा गया

# ईरानी खिलाड़ी ने गन सेलिब्रेशन किया था

## मैच के तुरंत बाद मेक्सिको जाना पड़ा

एजेंसी ▸▸ कैलिफोर्निया





अमेरिका में फुटबॉल वर्ल्ड कप के दौरान ईरानी प्लेयर के गन सेलीब्रेशन पर विवाद हो गया। इस घटना के बाद ईरानी टीम को मैच के तुरंत बाद अमेरिका से मेक्सिको जाने को कहा गया। ईरान की टीम का बेस कैंप मेक्सिको है। अमेरिका में हर मैच के बाद ईरान को बेस कैंप लौटना होता है।

ईरान के कोच आमिर घालेनोई ने फीफा और अमेरिकी अधिकारियों पर आरोप लगाए कि टीम को आराम का वक्त भी नहीं मिला। उन्होंने कहा, हमें तुरंत मेक्सिको लौटने का आदेश दिया गया। इससे खिलाड़ियों की रिकवरी प्रभावित हुई। हमारा प्लान अगले दिन मेक्सिको स्थित बेस कैंप लौटने का था। लेकिन मैच के बाद टीम को आराम करने तक का समय तक नहीं दिया गया। दरअसल लॉस एंजिल्स के मैदान पर मंगलवार सुबह न्यूजीलैंड के खिलाफ ईरान ने मैच खेला। ईरान ने न्यूजीलैंड को 2-2 की

## स्टेडियम के बाहर ईरान के खिलाफ प्रदर्शन

करीब 4 महीने लंबी जंग के बाद अमेरिका-ईरान के बीच समझौता हो गया है, लेकिन मैच के दौरान भी इस तनाव का असर देखा गया। स्टेडियम के बाहर अमेरिकी प्रशंसकों ने झंडे लहराए और ईरानी सरका के खिलाफ प्रदर्शन किया। मैच के बाद ईरान के कप्तान मेहदी तारेमी ने कहा- मेक्सिको से लॉस एंजिल्स पहुंचने में टीम को पांच घंटे लगे। आमतौर पर यह समय काफी कम होता है। सुरक्षा जांच और अन्य प्रक्रियाओं के कारण बेवजह परेशानी झेलनी पड़ी। फीफा से ज्यादा सहयोग की उम्मीद थी। इस समय हमारे लिए सब कुछ मुश्किल हो गया है।





ईरानी फुटबॉल टीम की तैयारियां पहले से कई समस्याओं से घिरी रही है। अमेरिका ने ईरान फुटबॉल महासंघ के कुछ अधिकारियों, सहयोगी स्टाफ और मीडिया प्रतिनिधियों को वीजा नहीं दिए जाने के कारण टीम का सपोर्ट सिस्टम भी प्रभावित हुआ है।

# केप वर्डे ने 2010 चैंपियन स्पेन को ड्रॉ पर रोका

## 40 साल के वोजिन्या ने 7 बचाव किए, सऊदी अरब ने उरुग्वे से ड्रॉ खेला

एजेंसी ▸▸ अटलांटा



फीफा वर्ल्ड कप में डेब्यू कर रही केप वर्डे ने 2010 की चैंपियन स्पेन को 0-0 की बराबरी पर रोक दिया है। ग्रुप-ल्ठ के एक अन्य मुकाबले में सऊदी अरब ने 2 बार की वर्ल्ड चैंपियन उरुग्वे को अंक साझा करने पर विवश कर दिया। यह मैच 1-1 की बराबरी पर छूटा।

अटलांटा स्टेडियम में मंगलवार को ग्रुप-एच के पहले मैच में स्पेन का दबदबा रहा, लेकिन 2010 की वर्ल्ड चैंपियन स्पेन केप वर्डे के 40 साल के गोलकीपर वोजिन्या और मजबूत डिफेंस को भेद नहीं सकी। उसने 74% बॉल पोजेशन रखा और 27 शॉट लगाए, लेकिन गोल नहीं आया। दूसरी ओर फ्लोरिडा के मियामी स्टेडियम में उरुग्वे ने गोल करने के 29 प्रयास किए। इनमें से 11 टारगेट पर थे। लेकिन, सऊदी अरब के गोलकीपर मोहम्मद अल-ओवैस ने 10 मौकों पर सफल बचाव किया और टीम के लिए एक अंक हासिल किया।

इन मैचों के बाद उरुग्वे ग्रुप-एच की पॉइंट्स टेबल में पहले स्थान पर आ गई है। सऊदी अरब दूसरे, स्पेन तीसरे और केप वर्डे चौथे स्थान पर है। इस ग्रुप का अगला मुकाबला स्पेन-उरुग्वे के बीच होगा। साथ ही केप वर्डे की टीम सऊदी अरब के खिलाफ मैदान पर उतरेगी। स्पेन ने शुरूआत से ही गेंद पर नियंत्रण बनाए रखा, लेकिन केप वर्डे डिफेंडर्स लगातार उसके हमलों को रोकते रहे।

39वें मिनट में फेरान टोरेस गोल करने के बेहद करीब पहुंचे, लेकिन उनका शॉट क्रॉसबार से टकरा गया। रीबाउंड पर मिकेल ओयारजाबाल के हेडर को वोजिन्या ने शानदार अंदाज में बचा लिया। इसके बाद पहले हाफ के अंत में वोजिन्या ने टोरेस और आयमेरिक लापोर्टे के प्रयासों को भी नाकाम कर दिया। मैच के इंजरी टाइम में केप वर्डे ने भी इतिहास रचने का मौका बनाया। 90वें मिनट में डाइनी बोर्गेस को कॉर्नर पर हेडर का मौका मिला, लेकिन स्पेन के गोलकीपर उनाई सिमोन ने शानदार बचाव कर दिया।

## वैभव सूर्यवंशी ने श्रीलंकाई खिलाड़ी को धक्का मारा

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

श्रीलंका-ए ने सोमवार को दांबुला में खेले गए ट्राई सीरीज के रोमांचक मुकाबले में भारत-ए को सुपर ओवर में हरा दिया। मैच के बाद वैभव सूर्यवंशी की श्रीलंकाई खिलाड़ी विशेन हलंबागे से बहस हो गई और इसी दौरान उन्होंने हलंबागे को धक्का भी दे दिया। श्रीलंकाई विकेटकीपर निरोशन डिकवेला ने बीचबचाव कर मामला शांत कराया। इससे पहले, सोमवार को मुकाबला टाई हो गया। भारत-ए ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 49.2 ओवर में 265 रन बनाए थे। जवाब में श्रीलंका-ए भी 50 ओवर में 265 रन ही बना सकी। आखिरी गेंद पर श्रीलंका को जीत के लिए 2 रन चाहिए थे, लेकिन टीम सिर्फ 1 रन ही बना सकी।

**प्रवेश प्रारंभ**
आवश्यकता है:- शिक्षक / शिक्षिकाओ की (अंग्रेजी माध्यम स्कूल में)
योग्यता :- ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट,
आफिस समय 10 से 01 बजे तक
आवेदन: 23-06-2026
सेन्ट मदार कान्वेंट स्कूल 36, मदार गेट सरदार स्टील के पास उज्जैन
फोन नम्बर:-2557390

**विज्ञप्ति**
क्षीरसागर कॉलोनी स्थित भूखण्ड क्रमांक 3 नजर अली मार्ग, पथ क्रमांक 3, उत्तरमुखी खुला भूखण्ड 46 फीट बाँय 66 फीट विक्रय किया जाना है। वास्तविक इच्छुक व्यक्ति ही स्वयं सम्पर्क करें, मध्यस्थता स्वीकार्य नहीं है।
चन्द्रकान्त शुक्ला
मो. 9406801039

**मकान बेचना है**
गणेशपुरा मक्सी रोड मेन चौराहा, गली नंबर 1 में 20x40 में निर्मित सर्वसुविधा युक्त मकान बेचना है।
संपर्क 8717818385

**आवश्यकता है**
स्टॉफ की आवश्यकता है न्यू ओपनिंग रेस्टोरेंट के लिए- 2- कचोरी-समोसा, जलेबी बनाने वाले उस्ताद, 2- रेस्टोरेंट मैनेजर्स, 2- इंडिया शैफ, 2- तंदूर, 2- कैशियर, 5- किचन हेल्पर, 3- पैंट्री वाले, 4- कैप्टन, 6-वेटर, 4- हाउस किपिंग वालों की आवश्यकता है।
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें 9893713817

**आवश्यकता है**
मार्केटिंग / सेल्समैन
वेतन 12000 से 15000 योग्यतानुसार
(समय प्रातः 7.30 से 6 बजे तक लन्च 1 से 2.30)
नोटः जरूरतमंद एवं अनुभवी की आवश्यकता
पेट्रोल खर्च अतिरिक्त दिया जाएगा
संपर्क मो.9575477077

**खरीदना / किराए से चाहीए**
उज्जैन में कोई भी छोटी होटल या होम स्टे, जो चालू अवस्था में हो खरीदना / किराए से चाहीए
संपर्क 9893374872

**आवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक-युवती की। पेन्ट-शर्ट बनाने वाले कारीगर की भी आवश्यकता है।
संपर्क करें 9575555715, 9425094114

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क 7773077762

**अवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक और युवती की।
कोट पेन्ट बनाने वाले कारीगर की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
प्रोमिस टेलर मेट्रो टॉकीज के सामने (उज्जैन)
संपर्क करें 7974817308, 9516848052

**बेचना है**
अगरबत्ती का कारखाना बेचना है, वियतनाम ऑटोमैटिक मशीन। ड्रायर मिक्सर और अन्य सामान बेचना है। स्थान- नागझिरी, उज्जैन
संपर्क 9111328540

**किराए से देना है**
शहर के मध्य, पुराने दारू गोदाम के सामने, बुनकर समिति के अंदर 1500 & 2000 SQFT कमर्शियल व गोडाउन उपयोग हेतु 16 फीट ऊंचाई टीन शेड, बोरिंग सुविधा, अटैच लेट-बाथ, सर्व सुविधा युक्त
6267735937

**आवश्यकता**
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉ. मि. स्कूल भैरवगढ़ में अध्यापन हेतु शिक्षक-शिक्षिकाओं की आवश्यकता है- अनुभवी एवं प्रशिक्षित को प्राथमिकता-
योग्यता- B.E.D/D.E.D./Deled
वेतन- 7000 से 8000 प्रतिमाह
राजेश राव हाण्डे- 9977588698
Head Master
Shri Sanskriti Convent Middle School, Bhairavgar

## न्यूज कॉलम

### दोस्तों में हुआ विवाद, शराब की बोतल मारकर दोस्त की हत्या

**इंदौर।** एरोड्रम थाना क्षेत्र में मंगलवार दोपहर करीब एक बजे शराब पीने के दौरान हुए विवाद में एक युवक की उसके ही दोस्त ने हत्या कर दी। आरोपी ने शराब की बोतल और पास में रखी पानी भरने की मोटर से हमला किया। सिर में गंभीर चोट लगने के कारण युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद आरोपी फरार हो गया, जिसकी तलाश में पुलिस जुटी है। एरोड्रम थाना प्रभारी वरेन्द्र कुशवाह ने बताया कि घटना पंचवटी कॉलोनी की है। मृतक की पहचान जितेन्द्र पुत्र फूलचंद मीणा के रूप में हुई है। उसकी हत्या उसके दोस्त धमेन्द्र पंवार ने की है। पुलिस के मुताबिक जितेन्द्र और धर्मेंद्र साथ बैठकर शराब पी रहे थे। इसी दौरान दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि धर्मेंद्र ने पहले शराब की बोतल और फिर पास में रखी मशीन उठाकर जितेन्द्र के सिर पर हमला कर दिया। गंभीर चोट लगने से उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार जितेन्द्र एक निजी बैंक में काम करता था। उसकी पत्नी करीब सात साल पहले उसे छोड़कर चली गई थी और वह अकेला रह रहा था। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर फरार आरोपी धर्मेंद्र पंवार की तलाश शुरू कर दी है।

### पिता के साथ बर्थडे पार्टी में जा रहे बच्चे की पिकअप की टक्कर से मौत

**इंदौर।** भंवरकुआं थाना क्षेत्र में सड़क हादसे में 6 साल के बच्चे की मौत हो गई। प्रियांशु तोमर अपने पिता के साथ बाइक से जन्मदिन की पार्टी में शामिल होने जा रहा था, तभी एक तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल बच्चे ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। पुलिस के अनुसार हादसा नेमावर रोड स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर के सामने हुआ। मृतक की पहचान प्रियांशु (6) पुत्र सचिन तोमर निवासी हम्माल कॉलोनी के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया कि प्रियांशु सोमवार को अपने पिता के साथ बाइक से एक जन्मदिन समारोह में शामिल होने जा रहा था। इसी दौरान तेज रफ्तार पिकअप बोलेरो ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। परिजनों का आरोप है कि वाहन चालक लापरवाही से वाहन चला रहा था, जिसके कारण यह हादसा हुआ। हादसे के बाद परिजन गंभीर रूप से घायल प्रियांशु को तत्काल एक निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। भंवरकुआं थाना पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस हादसे के कारणों और वाहन चालक की भूमिका की जांच कर रही है।

### जॉइंट डायरेक्टर सूदखोरी में भी रहा शामिल बेटे के नाम से चेक बाउंस का केस लगाया

**इंदौर।** लोकायुक्त पुलिस ने महिला एवं बाल विकास विभाग के संयुक्त संचालक लक्ष्मी नारायण कंडवाल को बुधवार सुबह पकड़ा था। उनके घर पर पांच घंटे से अधिक समय तक तलाशी चली। जांच में उनकी पत्नी शारदा, पुत्रवधु तनु और हर्षिता के नाम पर संपत्तियां और निवेश मिले। जिनकी कीमत करोड़ों रुपए में बताई गई है। यह संपत्ति कंडवाल की ज्ञात आय से काफी अधिक पाई गई है। हालांकि, कंडवाल के बारे में यह जानकारी भी सामने आई है कि उन्होंने नौकरी के दौरान सूदखोरी का काम भी किया। अपने बेटे अभिषेक के नाम से उन्होंने छह चेक बाउंस के मामले दर्ज कराए और बाद में उनमें कोर्ट में समझौता भी किया। अभिषेक ने वर्ष 2022 में रमेश मलकानी के खिलाफ करीब छह चेक बाउंस के मामले दर्ज कराए थे। इनमें प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट की कोर्ट में समझौता हुआ था। हालांकि, सभी चेक केसरबाग रोड स्थित एक संपत्ति के सौदे से जुड़े बताए गए थे। चूंकि बाद में इस मामले में रुपए लेकर अभिषेक ने समझौता कर लिया था, इसलिए लेनदेन को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक, जिस समय अभिषेक और रमेश मलकानी के बीच यह लेनदेन हुआ, उस समय वह पढ़ाई कर रहा था। ऐसे में पढ़ाई के दौरान उसके पास इतनी बड़ी राशि कहां से आई, इसे लेकर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। बताया जाता है कि लक्ष्मी नारायण कंडवाल ने अपनी ही संपत्ति से अभिषेक को रुपए देकर इस प्रॉपर्टी संबंधी काम में लगाया था। हालांकि, अब लोकायुक्त की टीम बच्चों के नाम पर की गई संपत्तियों की भी जांच कर सकती है।

### रिटायर्ड आर्मीमेन ने लूटे 30 लाख रुपए पुलिस ने 3 आरोपियों को हिरासत में लिया

**इंदौर।** पंढरीनाथ क्षेत्र में 30 लाख रुपए की लूट के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को हिरासत में लिया है। शुरूआती जांच में सामने आया है कि पीड़ित के यहां काम करने वाला एक रिटायर्ड आर्मीमैन कर्मचारी कथित रूप से पूरी वारदात का मास्टरमाइंड था। उसी ने अपने साथियों को रकम की आवाजाही की जानकारी देकर लूट की योजना तैयार कराई थी। पुलिस कमिश्नर संतोष सिंह ने घटना के बाद मामले के शीघ्र खुलासे के निर्देश दिए थे। इसके बाद करीब 25 पुलिसकर्मियों की टीम आरोपियों की तलाश और तकनीकी जांच में जुटी हुई थी। पुलिस जांच में मनय उर्फ मुकेश अग्रवाल के यहां काम करने वाले कर्मचारी चंद्रशेखर मुकाती की भूमिका सामने आई। पूछताछ में उसने अपने दो साथियों प्रवीण और अमर सिंह निवासी परदेशीपुरा के नाम बताए। इसके बाद पुलिस ने देर रात दोनों संदिग्धों को भी हिरासत में ले लिया। प्रवीण उज्जैन का रहने वाला है। जबकि अमर मूल रूप से भोपाल का है उस पर करीब आधा दर्जन अपराध भी दर्ज है। लूट के बाद वह राजस्थान भाग गए थे। जिसमे चंद्रशेखर उन्हे पूरी जानकारी दे रहा था। जांच में सामने आया है कि चंद्रशेखर मुकाती रिटायर्ड आर्मीमैन है। उसने कथित रूप से पहले पीड़ित की गतिविधियों की रेकी की और यह जानकारी जुटाई कि मनय अग्रवाल कब और किस रास्ते से नकदी लेकर आते-जाते हैं। पुलिस के अनुसार इसी जानकारी के आधार पर लूट की योजना बनाई गई और वारदात को अंजाम दिया गया। पुलिस अब आरोपियों से पूछताछ कर लूटी गई रकम की बरामदगी और उसके ठिकाने के बारे में जानकारी जुटा रही है। मामले में जल्द ही पुलिस की ओर से आधिकारिक खुलासा किए जाने की संभावना है।

### रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम नहीं बनवाने पर नगर निगम ने लगाया जुर्माना

**इंदौर।** नगर निगम शहर में वर्षा जल संरक्षण और भूजल संवर्धन को बढ़ावा देने के लिए विशेष अभियान चला रहा है। इसी अभियान के तहत एमजी रोड क्षेत्र स्थित मेघापोलिस मल्टी खंडेलवाल हाउस पर रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम और वाटर रिचार्ज पिट नहीं बनाने पर 30 हजार रुपए का चालान किया गया है। नगर निगम द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम की जांच की जा रही है। साथ ही नागरिकों से वर्षा जल संरक्षण के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं विकसित करने की अपील भी की जा रही है। नगर निगम के अनुसार जोन क्रमांक-11 के वार्ड क्रमांक-55 स्थित एमजी रोड क्षेत्र में निरीक्षण के दौरान पाया गया कि मेघापोलिस मल्टी खंडेलवाल हाउस में रेन वाटर हार्वेस्टिंग और वाटर रिचार्ज पिट का निर्माण नहीं किया गया है। निगम ने संबंधित भवन स्वामियों को पहले भी नोटिस जारी कर निर्धारित समय सीमा में व्यवस्था विकसित करने के निर्देश दिए थे, लेकिन तय अवधि के भीतर कार्य पूरा नहीं किया गया। नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल के निर्देश पर जोनल अधिकारी गीतेश तिवारी के नेतृत्व में निगम दल ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। नियमों के उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित भवन पर 30 हजार रुपए की चालानी कार्रवाई की गई। नगर निगम का कहना है कि वर्षा जल संरक्षण और भूजल स्तर बढ़ाने के लिए रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम अनिवार्य किया जा रहा है। अभियान के दौरान ऐसे भवनों के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी, जहां नियमों का पालन नहीं किया जाएगा।

### चिड़ियाघर में जल्द शुरू होगा 14-डी थिएटर वीआर ग्लास से मिलेगा असली रोमांच

**इंदौर।** कमला नेहरू प्राणी संग्रहालय में 14-डी थिएटर तैयार होने की कगार पर है। अगले 15 से 20 दिन में इसकी शुरूआत हो सकती है। इसका काम करने वाले लोग इसकी बारिकियों और कमियों को दूर करने में लगे है। साथ ही ट्रायल लेकर सभी चीजें चेक की जा रही है, ताकि आगे कोई परेशानी ना आए। इस थिएटर में चाइना की टेक्नोलॉजी दर्शकों को देखने को मिलेगी। यहां दर्शकों को आभासी दुनिया में असली रोमांच महसूस होगा। चिड़ियाघर प्रबंधन का दावा है कि यह देश का पहला जू है, जहां 14-डी थिएटर तैयार किया जा रहा है। इसे उस जमीन पर विकसित किया गया है, जो खाली पड़ी थी और उपयोग में नहीं आ रही थी। पिछले साल मार्च में यहां पीपीपी मोड पर काम शुरू किया गया था। चिड़ियाघर प्रभारी डॉ. उत्तम यादव का कहना है कि संभवतः आगामी 15 से 20 दिन में इसे शुरू किया जा सकता है। इसे तैयार करने वाले लोग इसकी बारीकियों और कमियों को दूर करने में लगे हैं।

महावीर नगर के बोरवेल में सीवरेज का पानी, उल्टी-दस्त, पेट दर्द की शिकायत

# पीने के पानी में फिर मिला सीवरेज, लोग होने लगे बीमार

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

इंदौर में दूषित पानी की समस्या एक बार फिर सामने आई है। भागीरथपुरा के बाद अब वार्ड क्रमांक 16 के महावीर नगर में दूषित पानी से 10 लोगों के बीमार होने की जानकारी सामने आई है। इलाके के रहवासी पिछले कई दिनों से गंदे और बदबूदार पानी की शिकायत कर रहे हैं।

मामले की जानकारी मिलने के बाद नगर निगम के अधिकारी मौके पर पहुंचे। उन्होंने लोगों से चर्चा कर स्थिति का जायजा लिया और पानी की सप्लाई व बोरवेल की जांच शुरू कर दी।

रहवासियों का आरोप है कि समय रहते निगम निगरानी और नियमित जांच करता तो यह स्थिति नहीं बनती। लोगों का कहना है कि दूषित पानी पीने से कई परिवारों में उल्टी, दस्त और पेट संबंधी समस्याएं सामने आ रही हैं।

शुरूआती जानकारी के अनुसार इलाके के एकमात्र बोरवेल में सीवरेज का पानी मिल जाने से सप्लाई प्रभावित हुई और दूषित पानी घरों तक पहुंच गया। इससे पूरे क्षेत्र में परेशानी का माहौल है।






नगर निगम अधिकारियों का कहना है कि पानी के सैंपल जांच के लिए भेजे गए हैं। समस्या के समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। लोगों को फिलहाल उबालकर पानी पीने की सलाह दी गई है। नगर निगम और एनजीओ की टीम मौके पर पहुंची। टीम लोगों से जानकारी जुटा रही है कि कितने लोग बीमार हैं और पानी कहां से आया। महावीर नगर की रहने वाली बच्ची अंजनी की तबीयत खराब होने पर परिवार ने पहले उसका इंदौर में इलाज कराया था। यहां के रहवासी सौरभ तिवारी ने बताया कि बाद में परिजन उसे कल गुजरात लेकर रवाना हो गए, जहां उसका इलाज चल रहा है।

स्वच्छ नहीं, सुरक्षित नंबर-1 बने इंदौर, वाइन शॉप विवाद के बाद पुलिस पर भी आरोप

## सीएम को वीडियो भेज महिला बोली- गुंडागर्दी खत्म कीजिए

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

इंदौर के बंगाली चौराहा क्षेत्र की निवासी सरिता रोपड़े ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को सोशल मीडिया के माध्यम से वीडियो संदेश भेजकर शहर में बढ़ते अपराध, महिला सुरक्षा और पुलिस व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं।

उन्होंने इंदौर बनेगा नंबर-1 के बजाय इंदौर बनेगा सुरक्षित नंबर-1 अभियान शुरू करने की मांग की है। महिला ने वाइन शॉप विवाद के दौरान मारपीट और शिकायत के बाद पुलिस से अपेक्षित सहयोग नहीं मिलने का भी आरोप लगाया। वीडियो संदेश में सरिता रोपड़े ने कहा कि इंदौर देश का सबसे स्वच्छ शहर माना जाता है, लेकिन यदि नागरिक खुद को सुरक्षित महसूस नहीं करें तो केवल स्वच्छता पर्याप्त नहीं है। उन्होंने शहर में बढ़ते अपराध, महिलाओं पर हमले, हत्या और दुष्कर्म जैसी घटनाओं पर चिंता जताते हुए प्रभावी कार्रवाई की मांग की।



सरिता का कहना है कि वे पिछले चार सालों से बंगाली चौराहा स्थित एक वाइन शॉप और उससे जुड़ी गतिविधियों का विरोध कर रही हैं। उनके अनुसार, इस दौरान उन्हें और उनके परिवार को लगातार धमकियां मिलीं। उन्होंने आरोप लगाया कि हाल ही में शराब दुकान से जुड़े कुछ लोगों ने उनके साथ और अन्य महिलाओं के साथ मारपीट की।

महिला ने दावा किया कि घटना की सूचना देने के बावजूद पुलिस ने तत्काल मेडिकल परीक्षण नहीं कराया और उनकी शिकायत पर एफआईआर भी दर्ज नहीं की गई। बंगाली चौराहे स्थित शराब दुकान के पास कथित अवैध अहाता संचालित होने के आरोप को लेकर किशकिंधा अपार्टमेंट की महिलाएं शनिवार रात सड़क पर उतर आई थीं। महिलाओं का कहना था कि शराबियों के जमावड़े और सड़क पर खड़े वाहनों से रहवासियों को परेशानी होती है तथा क्षेत्र में असुरक्षा का माहौल बनता है। महिलाओं का आरोप है कि अवैध अहाते का वीडियो बनाने के दौरान शराब दुकान से जुड़े कुछ लोगों ने उनके साथ धक्का-मुक्की और मारपीट की। इस दौरान वीडियो बना रही महिला का मोबाइल भी छीन लिया गया। सूचना मिलने पर खजराना थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को समझाइश दी।

### मुख्यमंत्री से की सुरक्षित इंदौर मिशन की मांग

- वीडियो में सरिता रोपड़े ने मुख्यमंत्री से अपील करते हुए कहा कि यदि उनका संदेश उनके पास पहुंचे तो वे व्यवस्था में सुधार के लिए ठोस कदम उठाएं। उन्होंने अपराध और भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्त कार्रवाई के साथ सुरक्षित इंदौर मिशन शुरू करने की मांग की।
- उन्होंने यह भी कहा कि कई चर्चित अपराधों में शुरूआती चर्चा के बाद पीड़ित परिवार अकेला पड़ जाता है और आम लोगों को न्याय पाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

## सोसाइटी में मारपीट-गबन विवाद में आरक्षक को बचाने के आरोप

### महिला ने कहा- एफआईआर से मुख्य आरोपी का नाम हटाया, टीआई बोले- आरोपों की जांच कर रहे

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

गुलमार्ग परिसर हाउसिंग सोसाइटी में मेंटेनेंस और नई समिति को लेकर हुए विवाद के बाद पीड़ित महिला न्याय के लिए थाने से लेकर पुलिस कमिश्नर के चक्कर काट रही है, लेकिन उसी थाने में पदस्थ एक आरक्षक के विवाद में शामिल होने के चलते उसकी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी खुद पुलिस विभाग में है, इसलिए कनाड़िया पुलिस उसे बचाने के लिए शिकायतकर्ताओं को ही डरा-धमका रही है, जबकि मुख्य आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं।

पीड़ित महिला सुलोचना शर्मा ने अपनी आपबीती बयां करते हुए कनाड़िया थाना प्रभारी की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किए हैं। पीड़िता ने बताया कि सोमवार को वह दोबारा कनाड़िया थाने में कार्रवाई नहीं होने की शिकायत लेकर पहुंची तो टीआई ने उसे जांच का आश्वासन देकर वहां से लौटा दिया, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं की। मामले में कनाड़िया टीआई सहर्ष यादव ने कहा कि परिसर में मेंटेनेंस और सोसाइटी की राशि को लेकर विवाद है। घटना के बाद महिला के द्वारा केस दर्ज कराया गया है। संबंधित आरक्षक पर जो आरोप लगाए गए हैं, उसकी जांच जारी है। एफआईआर के वक्त महिला ने जिनके नाम बताए थे सभी के खिलाफ केस दर्ज कर जांच की जा रही है।

### नवविवाहिता ने मायके में किया सुसाइड

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

इंदौर के आजाद नगर थाना क्षेत्र में रहने वाली एक नवविवाहिता ने अपने ही मायके में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना सोमवार रात की बताई जा रही है। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए एमवाय अस्पताल भिजवाया। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक मनतसा (21) पत्नी मोईन खान निवासी मदीना नगर को उसके चाचा सलीम खान सोमवार शाम एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचे थे। परिवार के लोगों ने उसे घर में फंदे पर लटका हुआ देखा था।

परिजनों ने पुलिस को बताया कि मनतसा की शादी करीब छह माह पहले मोईन खान से हुई थी। मोईन मूल रूप से धार का रहने वाला है और फर्नीचर का कारोबार करता है। बताया जा रहा है कि मोईन के पिता की तबीयत खराब होने के कारण उनका इंदौर के एक निजी अस्पताल में उपचार चल रहा था। इसी वजह से पिछले करीब एक माह से मोईन और मनतसा इंदौर में ही रह रहे थे। घटना के समय परिवार के अन्य सदस्य अपने-अपने काम से बाहर गए हुए थे और मनतसा घर पर अकेली थी। इसी दौरान उसने यह कदम उठा लिया। प्रारंभिक तौर पर परिजनों को दंपती के बीच किसी बात को लेकर विवाद होने की आशंका है।

## शराब पीने से टोका तो डंडे से किए 31 वार

### मंदिर के चौकीदार ने बुजुर्ग ट्रस्टी का किया मर्डर जान बचाने गुरुद्वारे में गए, वहां भी किया हमला

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

इंदौर शहर के अन्नपूर्णा इलाके में 150 साल पुराने एक मंदिर के ट्रस्टी कैलाश मोदी (70) की डंडे से पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। इसका सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसमें मंदिर का चौकीदार मुकेश शर्मा उन पर डंडे से हमला करता हुआ दिखाई दे रहा है। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया है।

एसीपी शिवेंदु जोशी के अनुसार, घटना मंगलवार सुबह करीब 5.30 बजे की है। मंदिर का चौकीदार मुकेश शर्मा शराब पीने का आदी है। वह अक्सर नशे में मंदिर परिसर में विवाद करता है। मोदी उसे पहले भी कई बार समझाइश दे चुके थे।

सुबह जब मुकेश फिर से नशे की हालत में मंदिर पहुंचा तो मोदी ने उसे समझाने की कोशिश की। इस पर मुकेश भड़क गया। उसने मारने के लिए डंडा उठा लिया। यह देख मोदी अपनी जान बचाने के लिए वहां से भागे, लेकिन थोड़ी दूर पर मुकेश ने उन्हें पकड़ लिया। उन पर डंडे से अंधाधुंध वार किए। लहूलुहान मोदी किसी तरह जान बचाने के लिए पास के एक गुरुद्वारे में घुस गए। आरोपी वहां भी पहुंच गया। उसने गुरुद्वारे में भी मोदी के सिर पर हमला किया। बताया जा रहा है कि आरोपी ने मोदी के सिर, हाथ और पैरों पर 31 बार डंडे बरसाए।

सिर में गंभीर और गहरे घाव होने के कारण कैलाश मोदी मौके पर ही अचेत होकर गिर पड़े। वहां मौजूद लोग उन्हें तुरंत नजदीकी अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन घाव इतने गहरे थे कि इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। गुरुद्वारा के वॉइस प्रेसिडेंट दिलराज छाबड़ा ने बताया कि सुबह 5 बजे गुरुद्वारे में सत्संग चल रहा था। साउंड के चलते आवाज नहीं आई। कैलाश मोदी लंबे समय से मंदिर में सेवाएं दे रहे थे। उन पर हमला करने वाला मुकेश मंदिर का चौकीदार है। दोनों के बीच पहले से कुछ विवाद चल रहा था, जिसके चलते मुकेश ने उन पर हमला किया।














मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com